धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
28.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net जेष्ठ, कृष्ण पक्ष, पंचमी , संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 313

12 स्वामित्व एक व्यक्ति के हाथ में दे दिया : प्रियंका

# रांची के बार में डीजेकर्मी की गोलीमार कर हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित एक्सट्रीम बार में कार्यरत डीजे कर्मी संदीप प्रमाणिक उर्फ सैंडी (32 वर्ष) की रविवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी अभिषेक सिंह उर्फ विक्की सिंह को गया से गिरफ्तार कर लिया है। विक्की घटना को अंजाम देने के बाद पटना भाग रहा था। गया पुलिस की मदद से आरोपी को धर दबोचा गया। मृतक संदीप प्रमाणिक पश्चिम बंगाल का रहनेवाला है। वह सात साल से रांची में रहकर डीजे कर्मी के रूप में काम करता था। पुलिस ने विक्की सिंह की कार से कारतूस का खोखा, गोलीचालन में प्रयुक्त बंदूक अभिषेक की निशानदेही पर बरामद कर ली है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को पूरे मामले की जानकारी दी।






- पटना भाग रहा आरोपी गया में धराया
- खानेपीने के क्रम में हुई थी बार में मारपीट
- घटनास्थल और कार से बरामद बंदूक लाइसेंस फर्जी

गिरफ्तार आरोपी

## सीसीटीवी फुटेज में दिखा खौफनाक मंजर

सीसीटीवी फुटेज में हत्या का खौफनाक मंजर सामने आया है। बार के कर्मचारी को सामने से एक व्यक्ति गोली मार रहा है। गोलीबारी की यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। उसमें साफ दिख रहा है कि हाफ पैंट पहने एक शख्स अपना चेहरा ढंककर बार की सीढ़ियों के पास पहुंचता है, जहां डीजे संदीप पहले से ही घर जाने के लिए खड़ा है। हाथ में रायफल और मुंह पर कपड़ा बांधे युवक वहां पहुंचते ही संदीप के सीने में गोली मार देता है। गोली लगने के बाद संदीप लिफ्ट के पास गिर जाता है। गोली मारने वाला शख्स बाहर आता है और बाहर से बार पर कई बार फायरिंग करता है और फिर अपनी सफेद रंग की कार में बैठकर भाग जाता है।

**एसआइटी ने 15 घंटे में किया खुलासा:** एसएसपी ने एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में एसआइटी गठित की। अनुसंधान के क्रम में यह पाया गया कि अभिषेक सिंह उर्फ विक्की, शमीरउद्दीन उर्फ छोटू उर्फ समीर, आयाम अनवर, प्रतीक कुमार सिंह, मृत्युंजय यादव उर्फ मिथुन, प्रकाश एवं प्रकाश के दोस्त एवं बार के बाउंसरों के बीच मार-पीट हुई थी। घटना के करीब दो से ढाई घंटे बाद उन्हीं में से एक व्यक्ति जिसकी पहचान अभिषेक सिंह उर्फ विक्की के रूप में हुई।

### फ्लैट का ताला तोड़कर ली गयी तलाशी

अभिषेक सिंह उर्फ विक्की सिंह का नाम सामने आते ही पुलिस सेल सिटी ई9/8ए स्थित फ्लैट में पहुंची। फ्लैट में ताला बंद था। तलाशी के दौरान इसके नाम से असम राज्य से निर्गत दो हथियारों का लाइसेंस मिला। उपायुक्त, रांची के शस्त्र शाखा से इसकी जानकारी ली गयी तो लाइसेंस से संबंधित कोई कागजात नहीं मिला। पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया दोनों अनुज्ञप्ति फर्जी प्रतीत होते हैं।

**कार भी गैराज से जब्त:** पुलिस ने कांड के बाद जिस कार से अभिषेक सिंह उर्फ विक्की घटना स्थल से फरार हुआ था, उसे पुलिस के जब्त कर लिया है। बार एवं कार की एफएसएल जांच की गयी। बाउंसर के साथ मारपीट में शामिल अभिषेक सिंह उर्फ विक्की के अन्य साथियों में से तीन प्रतीक, पिता उपेन्द्र प्रसाद सिंह, वर्तमान पता-बिजुलिया रामगढ़ को रामगढ़ से (वर्तमान में खेलगांव), मो समीरूद्दीन, पिता-स्व जमालुद्दीन, एदलहातु, मोराबादी को रांची से तथा मृत्युंजय कुमार यादव, पिता- कृष्ण यादव, पता- गाड़ी होटवार को होटवार से पकड़ा गया।

### पहले हुई थी मारपीट

एसएसपी ने बताया कि रविवार की रात बार में खाने पीने के दौरान बार के बाउंसर एवं कुछ व्यक्तियों के बीच मारपीट हुई हुई सूचना मिलने पर चुटिया थाना की पुलिस भी वहां पहुंची थी। पुलिस के आने से पहले एक व्यक्ति को छोड़ सभी वहां से चले गये थे। देर रात करीब डेढ़ बजे हथियार के साथ एक व्यक्ति वहां फिर आया। आते ही लिफ्ट के सामने खड़े डीजे सैंडी को गोली मार दी। सैंडी घर जाने के लिए टैक्सी के इंतजार में खड़ा था। गोली मारने बाद उक्त आरोपी नीचे उतरा तथा पुन: बार के शीशे पर नीचे से गोलियां चलायी। जब पुलिस की गश्ती दल गोली की आवाज सुनकर पहुंची तो आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया। इलाज के क्रम में क्रम में डीजे सैंडी ने रिम्स में दम तोड़ दिया।

## न्यूज डायरी

### टेंडर घोटाले में मनीष से आज इडी की पूछताछ

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आइएएस मनीष रंजन से मंगलवार को पूछताछ करेगी। ईडी ने मनीष रंजन को 25 मई को समन भेजकर 28 मई को पूछताछ के लिए अपने क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया है। सूत्रों ने बताया कि मंत्री आलमगीर आलम और आईएएस मनीष रंजन को आमने-सामने बैठाकर ईडी पूछताछ करेगी। इससे पूर्व मनीष रंजन को ईडी ने 22 मई को समन कर 24 मई को पूछताछ करने बुलाया था, लेकिन मनीष रंजन ने पत्र भेजकर समय की मांग की थी।

### मैं हूं एक नंबर बहू , राज्य हित करूंगी काम : सीता

**जामताड़ा।** दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने जामताड़ा में देवरानी कल्पना सोरेन पर हल्ला बोला। उन्होंने कहा कि यहां दूसरे नंबर की बहू नहीं चलेगी। वह (सीता सोरेन) झामुमो अध्यक्ष दिशोम गुरु के बड़े बेटे दुर्गा सोरेन की पत्नी व असली बहू हैं। वह बहू नंबर वन हैं। इस प्रदेश को दो नंबर की सरकार व दो नंबर की बहू नहीं चाहिए। प्रदेश की जनता को दो नंबरी बेटों, दो नंबरी काम करने वालों व दो नंबर की बहू ने ठगने का काम किया है। सीता ने कहा, अब आपके सामने नंबर वन बहू आयी है, जो जनता के लिए काम करेगी।

### धर्म के आधार पर देश में आरक्षण नहीं होगा : शाह

**कुशीनगर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण उनकी पार्टी कभी नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की साजिश कर रही है। उसे कभी सफल नहीं होने देंगे। श्री शाह सोमवार को लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का प्रचार करने यूपी के कुशीनगर पहुंचे थे। चुनावी जनसभा में उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं आने देंगे।

### पुण्यतिथि पर पं नेहरू को देश ने किया नमन

**नयी दिल्ली।** देश के पहले पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी 60वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को पूरे देश ने नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी ने पंडित नेहरू को नमन किया।

### अन्नपूर्णा ने बासुकीनाथ मंदिर में की पूजा

**दुमका।** कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी अपने सहयोगियों के साथ बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही मंदिर कार्यालय में दुमका और गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवारों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा का जनाधार काफी बड़ा है। हमलोग झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीट जीत रहे हैं। अब बारी है दुमका, राजमहल और गोड्डा की, जहां 1 जून को चुनाव है।

# पूंजीपति पार्टी से देश नहीं चलेगा, हम आ रहे हैं दिल्ली

## झारखंडियों ने कभी झुकना नहीं सीखा, झुकेगा भी नहीं : कल्पना


खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा बड़े-बड़े पूंजीपतियों की पार्टी है। उससे देश नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि गरीब-गुरुबा, आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यकों का इंडिया गठबंधन ही देश चला सकेगा। उन्होंने कहा इस चुनाव में भाजपा की हार तय हो गयी है, इंडिया वाले दिल्ली आ रहे हैं। कल्पना सोरेन सांमवार को गोड्डा लोकसभा प्रत्याशी प्रदीप यादव के लिए पौड़याहाट, झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के लिए पाकुड़ और दुमका लोकसभा प्रत्याशी नलिन सोरेन के लिए शिकारीपाड़ा में चार चुनावी सभा को संबोधित किया।



**झारखंड को कोई झुका नहीं सकता:** अमर शहीद तिलका मांझी को नमन कर कल्पना ने कहा कि यह वह क्रांतिकारी भूमि है जहां से बाबा तिलका मांझी ने तीर-धनुष से अंग्रेजों का मुकाबला तब किया था। उस वक्त किसी ने ऐसा करने का सपना भी नहीं देखा था। आज भी वही लड़ाई है शोषकों के खिलाफ, बस स्वरूप बदल गया है। दिशोम गुरुजी ने बचपन में अपने संघर्षी पिता को खोया। इसके बाद उन्होंने महाजनों के खिलाफ आंदोलन किया, लोगों को हक-अधिकार दिलाया। दिशोम गुरुजी और अनेकों महान क्रांतिकारियों के संघर्ष के बाद ही हमें झारखंड मिला। आज हम अपने आप को गर्व से झारखंडी कहते हैं। यह झारखंड उन्हीं की देन है। यही कारण है कि मैं अपने बड़े भाई इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव के लिए आपके समक्ष आयी हूं।

### आज पीएम मोदी, 30 को राहुल का संथाल दौरा



**रांची।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में भाजपा और कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। दोनों पार्टियों ने अपने स्टार प्रचारकों को मैदान में उतार दिया है। इसी क्रम में मंगलवार 28 मई को पीएम मोदी संताल के दौरे पर दुमका पहुंचेंगे। वह सीता सोरेन के पक्ष में एयरपोर्ट मैदान में विजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी झारखंड में 6 चुनावी सभा कर चुके हैं। वहीं कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी 30 मई को दुमका पहुंचेंगे। इससे पहले राहुल गांधी झारखंड के चाईबासा और गुमला के बसिया में जनसभा कर चुके हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी 29 मई को देवघर में तीन चुनावी सभाएं करेंगे।

# बांग्लादेशी घुसपैठिये मार रहे हैं झारखंड के लोगों का हक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण झारखंड के आम लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड की स्थिति दयनीय हो गयी है। यहां के सीएम, मंत्री, अफसर और कई बड़े नेता भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद हैं। उन्होंने राज्य की सम्पत्ति को लूटने का काम किया है। वहीं अब झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ भी बढ़ गयी है। इसके कारण भारत के मूलवासियों को मिलने वाली योजनाओं का लाभ बंट जा रहा है। श्री सिंह सोमवार को राजमहल लोक सभा के श्रीधर दियारा मैदान में आयोजित विजय संकल्प सभा में मोबाइल के माध्यम से संदेश दे रहे थे। राजनाथ सिंह

- नहीं उतरा हेलीकाप्टर तो राजनाथ ने फोन से दिया भाषण, कहा



साहिबगंज में चुनावी सभा को संबोधित करने वाले थे, लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हैलीकॉप्टर लैंड नहीं हो सका।

#### ताला को जितायें, मोदी को फिर पीएम बनायें

राजनाथ सिंह ने एनडीए प्रत्याशी ताला मरांडी को लोकसभा चुनाव में विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्रीधर दियारा की जनता जब ताला मरांडी को जीत दिलवा कर नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे के सपने को पूरा करेंगे तो वो फिर से श्रीधर की धरती पर आकर यहां की जनता का धन्यवाद करेंगे।

#### फोन से ही दिया भाषण

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का हेलीकॉप्टर जब खराब मौसम के कारण लैंड नहीं हो सका, तब उन्होंने सभा को संबोधित करने का एक अनोखा उपाय निकाला। सभा स्थल पर नहीं पहुंच सके और फिर उन्होंने फोन से भाषण दिया। उन्होंने तकनीक का इस्तेमाल कर अपने फोन से ही लोगों को संबोधित किया। रक्षा मंत्री साहिबगंज में राजमहल लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी ताला मरांडी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने आये थे।

## हेमंत की नियमित जमानत पर आज सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

- 31 जनवरी से जेल में हैं हाइकोर्ट में दी याचिका

**रांची।** जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने अब झारखंड हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में नियमित जमानत याचिका दाखिल की है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी याचिका पर जल्द सुनवाई का आग्रह किया है। उनके अधिवक्ता ने मेंशन मेमो के माध्यम से कोर्ट से यह आग्रह किया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया है। उनकी जमानत याचिका पर हाईकोर्ट 28 मई को सुनवाई करेगा। याचिका न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सूचीबद्ध हुई है। इसके पहले 22 मई को उन्होंने ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट की इजाजत के बाद वापस ले ली थी। इस मामले में रांची की स्पेशल पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट ने 13 मई को हेमंत सोरेन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सोरेन की ओर से दाखिल जमानत याचिका में कहा गया है कि उनके खिलाफ जिस 8.86 एकड़ जमीन पर कब्जे का आरोप लगाते हुए ईडी ने कार्रवाई की है, उससे संबंधित एक भी दस्तावेज ईडी के पास नहीं है। यह झारखंड की सीएनटी (छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट) के तहत भुईंहरी नेचर की जमीन है, जो किसी भी हाल में किसी व्यक्ति के नाम पर ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। याचिका में यह भी कहा गया है कि जमीन पर अवैध कब्जे में पीएमएलए के तहत शेड्यूल ऑफिंस का केस नहीं बनता।

## अबकी बार पीएम नहीं बनेंगे मोदी, राजग की हार तय : राहुल

# चुनाव के बाद मोदी-अडानी से इडी करेगी पूछताछ

### मोदी ने इडी से बचने का तरीका भी खोज लिया है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि इस लोकसभा चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी, पीएम नहीं बनने जा रहे हैं। तब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उनसे अडानी के साथ लेनदेन के बारे में पूछताछ करेगा। श्री गांधी सोमवार को ाख्तियारपुर में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने दावा किया कि मोदी दोबारा पीएम नहीं बनेंगे क्योंकि भाजपा के नेतृत्व राजग की इस चुनाव पूरी तरह हार हो रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद इडी, मोदी से अडानी के साथ उनके लेनदेन के बारे में पूछताछ करेगी। राहुल ने पाटलिपुत्र



कांग्रेस नेता ने कहा, हाल के साक्षात्कारों की एक श्रृंखला में मोदी ने दावा किया था कि वह एक जैविक इकाई नहीं बल्कि ईश्वर के दूत हैं। उनके द्वारा सभी निर्णय ईश्वर की प्रेरणा से लिए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद अडानी के साथ उनके लेन-देन के बारे में इडी की पूछताछ से बचने के लिए वह कह रहे हैं, मुझे नहीं पता क्योंकि निर्णय भगवान की इच्छा के अनुसार लिया गया था, न कि मेरी इच्छा के अनुसार। श्री गांधी ने कहा कि बिहार और यूपी और झारखंड में इंडिया गठबंधन के पक्ष में एक मजबूत लहर है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में गठबंधन सभी 40 सीटें जीतेगा।

लोकसभा क्षेत्र के पालीगंज में भी राजद के पक्ष में जनसभा की। जहां उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सारी नीतियां अडानी जैसे 22 अमीर लोगों के लिए हैं। उनका 16 लाख करोड़ कर्ज माफ कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी के कार्यकाल में गरीब वर्ग को नजरअंदाज किया गया। (शेष 11 पर)

### आलम से और तीन दिन इडी करेगी पूछताछ

**रांची।** ठेकों में कमीशनखोरी की बहुत बड़ी राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में गिरफ्तार मंत्री आलमगीर आलम से ईडी की पूछताछ आगे भी जारी रहेगी। अदालत ने और तीन दिनों तक पूछताछ जारी रखने की अनुमति दी है। इससे पूर्व पांच दिनों की पुलिस रिमांड की अवधि पूरी होने पर उन्हें सोमवार को पीएमएलए कोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था के बीच पेश किया गया। पेशी के साथ ही इडी की ओर से आवेदन देकर और तीन दिनों की पुलिस रिमांड की मांग की। सुनवाई के बाद अदालत ने तीन दिनों की पुलिस रिमांड की अवधि बढ़ा दी। आमलगीर आलम से ईडी की पूछताछ अब 30 मई तक जारी रहेगी। ईडी ने अब तक 11 दिनों की पूछताछ पूरी कर चुकी है। शेष तीन दिन ही अब पूछताछ ईडी कर सकेगी।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 68200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 95000 रु./प्रति किलो |




# पद्मश्री वैद्यराज हेमचंद्र मांझी नक्सली धमकी से आहत, कहा सरकार कुछ नहीं करेगी तो सम्मान रखकर क्या करूंगा

एजेंसी

**नारायणपुर।** नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ के पद्मश्री वैद्यराज हेमचंद्र मांझी पर निको माइंस में दलाली करने का आरोप लगाकर जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद दुखी होकर वैद्यराज हेमचंद्र मांझी ने कहा कि बार-बार पर्चा फेंककर धमकी देकर बेइज्जती करना ठीक नहीं है। लाल पर्चे में धमकी दी गयी है कि हमने पैसे खाये हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग एक पैसा भी नहीं खाये हैं, हम कमाकर खाने वाले लोग हैं। अभी भी हमारे यहां 20-22 लोग काम करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कुछ नहीं करेगी तो पद्मश्री सम्मान रखकर क्या करूंगा, उसे वापस कर दूंगा। जनसेवा करता हूं, किसी का पैसा नहीं खाते हैं। गरीब लोग आते हैं, तो उन्हें जड़ी-बूटी देते हैं। उसे भी देना छोड़ देंगे, उसी के लिए तो लोग मरते हैं। पीएम मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान बस्तर दौरे पर वैद्यराज हेमचंद्र मांझी से मुलाकात की थी। (शेष 11 पर)



### नक्सलियों ने भतीजे को मार डाला है

- केंद्र ने वाय कैटेगरी की सुरक्षा के आदेश

उल्लेखनीय है कि इससे पहले नक्सली वैद्यराज हेमचंद्र मांझी के भतीजे कोमल मांझी की भी हत्या कर चुके हैं। पद्मश्री मांझी नक्सलियों के डर के चलते करीब 06 माह से गांव छोड़कर शहर में रह रहे हैं। नक्सलियों से जान के खतरे को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने वैद्यराज को नारायणपुर जिला मुख्यालय सुरक्षा के साथ रहने के लिए घर उपलब्ध करवाये हैं। नक्सलियों के निशाने पर रहने और खतरे के चलते सरकार की ओर से परिवार को सुरक्षा मुहैया करायी है। फिर भी परिवार के लोग दहशत में हैं। नक्सलियों की लगातार धमकी के बाद उनको गांव से हटाकर सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर रखा है। मांझी की ये भी मांग है कि उनको उनके निवास छोटे डोंगरे में ही रहने दिया जाये। नक्सलियों ने सोमवार को हेमचंद मांझी के खिलाफ चमेली में बैनर पोस्टर लगाये थे। सुरक्षा कारणों के चलते मांझी को जिला मुख्यालय के सेफ जोन में रखा गया है।

## बंगाल में छह तो बांग्लादेश में 10 की मौत



एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चक्रवाती तूफान रेमल ने भारी तबाही मचायी। भारी बारिश होने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी हैं। वहीं बांग्लादेश में दस लोगों की मौत की खबर है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। तूफान के कारण कोलकाता के कुछ हिस्सों में पानी भर गया। इसके अलावा राज्य में सैकड़ों पेड़ उखड़ गये और बिजली के खंभे गिर गये, जिससे महानगर में जनजीवन प्रभावित हुआ है। कोलकाता पुलिस ने कहा, चक्रवात रेमल से शहर के कई इलाके बुरी तरह प्रभावित हैं। आपदा प्रबंधन समूह के कर्मी और विभिन्न पुलिस थानों के कर्मी यातायात को सुचारु रूप बनाने में लगे हैं। तूफान में गिरे कई पेड़ों को हटाने के लिये पूरी रात प्रयास कर रहे हैं। सड़कों पर भरे पानी को निकालने का प्रयास जारी है। उन्होंने बताया कि मध्य कोलकाता में एक घर की छत का एक हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। (शेष पेज 11 पर)

पोड़ैयाहाट में सभा, निशिकांत दुबे को विजयी बनाने का किया आह्वान

# जो चोरी करेगा उसको हर हाल में जेल जाना होगा : बाबूलाल मरांडी

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गोड्डा लोकसभा के देवघर में एम्स, एयरपोर्ट और रेलवे लाइन सब निशिकांत दुबे की देन, कमल का बटन दबाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनायें**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/पोड़ैयाहाट।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गोड्डा लोकसभा के अंतर्गत पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के धराबंध में पार्टी प्रत्याशी निशिकांत दुबे के पक्ष में सोमवार को विशाल जनसभा को संबोधित किया।

इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के लिए काम किया। महिलाओं, किसानों, युवाओं, दलितों, गरीबों के लिये काम किया। किसानों के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीबों को घर देने का काम किया। पिछले 10 वर्षों में चार करोड़ से अधिक पक्के मकान बना कर दिये। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद ने काम करने के लिये नहीं कमाने के लिए सरकार बनाई है। इन्होंने इतना कमाया कि उनके घर को तो छोड़ दीजिये। इनके नौकर के घर से भी करोड़ों रुपए के नोटों का पहाड़ मिलता है। इसी कारण आज हेमंत सोरेन और आलमगीर आलम जेल में बंद है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोगों ने कोयला बेचा, पत्थर चोरी कराया। मनरेगा में कमीशन लिया था।

उन्होंने कहा कि सांसद निशिकांत दुबे ने गोड्डा तक रेल लाइन को जोड़ा। यहां से कई जगहों की ट्रेंने चल रही हैं। गोड्डा में फैक्ट्री लगाया। यहां एम्स बनकर तैयार हो गया है, एयरपोर्ट भी बन गया है।

# झामुमो के विजय हांसदा की हैट्रिक जीत को रोकने के लिए भाजपा ने लगाया दम

**लोबिन हेंब्रम के चुनावी अखाड़े में आने से राजमहल का मुकाबला हुआ दिलचस्प**

उदय चौहान

**रांची।** संथाल परगना की राजमहल सीट पर भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। इस सीट पर झामुमो के विजय हांसदा को हैट्रिक मारने से रोकने के लिए भाजपा की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी भी प्रचार करने के लिए मंगलवार को पहुंच रहे हैं। भाजपा और इंडी गठबंधन के लिए सबसे चर्चित राजमहल लोकसभा सीट इस बार प्रतिष्ठा की सीट बन गयी है। यह सीट एसटी आरक्षित है। कभी कांग्रेस की परंपरागत सीट समझे जाने वाली राजमहल सीट पर बाद में झामुमो ने सेंध लगायी। पिछले दो चुनावों से यहां झामुमो का कब्जा है।

बता दें कि भाजपा ने राजमहल लोकसभा सीट से ताला मरांडी को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता ताला मरांडी की जीत सुनिश्चित करने में जोर शोर से जुटे हैं। वहीं, झामुमो गठबंधन के तहत तीसरी बार इस सीट पर जीत दर्ज करने की तैयारी कर रहा है। झामुमो ने निवर्तमान सांसद विजय हांसदा पर तीसरी बार भरोसा जताया है। इससे पहले विजय हांसदा 2014 और 2019 के चुनाव में जीत दर्ज कर चुके हैं। वहीं, अपनी ही पार्टी से बागी रुख अख्तियार किये झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम के चुनावी अखाड़े में कूदने से राजमहल का मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

राजमहल लोकसभा वैसे तो एक आदिवासी बहुल इलाका है।

**पीएम नरेंद्र मोदी आज पार्टी प्रत्याशी ताला मरांडी के पक्ष में करेंगे प्रचार, राजमहल सीट पर झामुमो और भाजपा की प्रतिष्ठा दांव पर**

लेकिन यहां लंबे समय से अवैध तरीके से बांग्लादेशियों की घुसपैठ का मुद्दा चर्चा में रहा है। हाल के दिनों में यह आदिवासी जमीन के कब्जे के मामले में भी सुर्खियों में रहा है। इसके अलावा पलायन भी इस इलाके का अहम मुद्दा है। वहीं क्षेत्र में मानव तस्करी का मुद्दा भी जोर-शोर से उठता रहा है। हाल के दिनों में राजमहल लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोरियो, बरहेट और पतना जैसे इलाकों से मानव तस्करी के कई मामले आये हैं। अवैध खनन के मामले भी चुनाव के मुद्दे के रूप में समाने आ रहे हैं। इसके अलावा राजमहल को पश्चिम बंगाल से जोड़ने के लिए गंगा नदी पर पुल के निर्माण की मांग वर्षों से उठती रही है। यही हाल साहिबगंज रेलखंड का भी है।

सूत्रों के अनुसार राजमहल की बड़ी जनसंख्या गांवों में रहती है। इस सीट पर जनजीवन बेहद ही सामान्य है। पश्चिम बंगाल से सटे होने के कारण यहां बंगाली भाषी लोगों का भी प्रभाव रहा है। साथ ही, यहां अल्पसंख्यकों और ईसाई मिशनरी का प्रभाव भी है। राजमहल लोकसभा क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा साहिबगंज और पाकुड़ जिले में पड़ता है। वहीं सुंदर पहाड़ी का इलाका गोड्डा जिला और गोपीकांदर का इलाका दुमका जिला में पड़ता है। राजमहल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की मजबूत पैठ है।

## खबर एक नजर में

### मनी लाउड्रिंग के आरोपी की जमानत याचिका पर हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में जमीन के मूल रैयत आरोपी राजकुमार पाहन की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। आगे की सुनवाई के लिए 15 जून की तारीख निर्धारित की है। राजकुमार पाहन ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए एक मई को याचिका दाखिल की है। ईडी की ओर से दाखिल चार्टशीट में हेमंत सोरेन के राजकुमार पाहन का नाम शामिल है। इसी के बाद से उसकी मुश्किलें बढ़ गई है। चार्जशीट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बड़ंगाई अंचल के निलंबित उप राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन, आर्किटेक बिनोद सिंह और हिलेरियस कच्छप के नाम शामिल है। चार्जशीट दाखिल होने के कुछ दिन बाद ही हिलेरियस कच्छप की आकस्मिक मौत हो गई।

### आरोपी की एबीपी पर हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** बीसीसीएल धनबाद के कुसुंडा एरिया की गोंदूडीह कोलियरी के पूर्व प्रोजेक्ट ऑफिसर राम कृष्ण रमण की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत अर्जी पर पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। आगे की सुनवाई के लिए अदालत ने चार जून की तारीख निर्धारित की है। याचिकाकर्ता पर 36.54 लाख रुपये से अधिक का मनी लाउंड्रिंग करने का आरोप है। ईडी ने जमीन, फ्लैट एवं दुकान को अटैच कर लिया है। आरोपी ने अपने आप को निर्दोष बताते हुये 26 अप्रैल को अग्रिम राहत के लिये याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि आरोपी राम कृष्ण रमन बीसीसीएल धनबाद में 1992 में ज्वाइन किया था। जुलाई 2023 में उसे अनियमितता के आरोप में नौकरी से हटा दिया गया।

### सेवानिवृत्त प्राचार्य जियाउर रसीद पर सामग्री की खरीद में नियमों की अनदेखी का आरोप

**होगी कार्रवाई**

**रांची।** राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सामन्य रांची मो. जियाउर रसीद के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है। उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच रिटायर आइएएस अधिकारी गणेश कुमार करेंगे। वहीं आइटीआइ धनबाद के प्राचार्य अंजू अग्रवाल को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। वे उनके खिलाफ लगे आरोपों का प्रमाण पत्र उपलब्ध करायेंगे। दरअसल, यह बात सामने आयी कि 2023 में मंडल आइटीआइ रांची में सामग्रियों की खरीद में स्थापित नियमों का पालन नहीं किया गया। जियाउर रसीद ने उक्त कार्य का कर्तव्य के प्रति निष्ठा के अभाव को प्रदर्शित किया गया तथा सामग्रियों के क्रय की प्रक्रिया को अनुपालन नहीं करने का आरोप प्रथम द्रष्टया प्रमाणित पाया गया। मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है और उनके ऊपर श्रम प्रशिक्षण एवं नियोजन विभाग ने विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया है।

### झारखंड टिंबर ट्रेडर्स एसोसिएशन की नयी समिति का चयन

**रांची।** झारखंड टिंबर ट्रेडर्स एसोसिएशन के सत्र 2024-26 के लिए नयी समिति का सोमवार को चयन किया गया। लालपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित द्विवार्षिक आमसभा में समिति का चयन हुआ। इसमें सर्वसम्मति से छगन लाल पटेल को अध्यक्ष चुना गया। वहीं, अन्य पदाधिकारियों में प्रदीप कुमार मोदी उपाध्यक्ष, रमेश कुमार पटेल सचिव, तेजविंदर सिंह सह सचिव व प्रमोद कुमार अग्रवाल कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा कार्यकारिणी समिति में अरुण कुमार जाजोदिया, प्रवीण कुमार अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, नगेंद्र नाथ मौर्य, विनोद कुमार पटेल, सुमीत पोद्दार, प्रकाश कुमार गुप्ता, अतीक अहमद और शुभम अग्रवाल को शामिल किया गया।

# दलित, पिछड़ा और आदिवासी विरोधी है भारतीय जनता पार्टी : कैलाश यादव

**आरोप : आरक्षण में कटौती कर 20 लाख युवाओं का भविष्य नष्ट किया**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने भारतीय जनता पार्टी को दलित पिछड़ा आदिवासी अल्पनख्यक विरोधी बताया है। विदित है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आप को ओबीसी समाज का होने का दावा करते हैं जबकि केंद्र में 10 वर्षों से मोदी सरकार सत्तासीन है लेकिन इस दौरान देश के लगभग 85 फीसदी बहुसंख्यक वर्ग एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक को एक भी सरकारी नौकरी नहीं मिल पायी और न ही किसी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को आरक्षण का लाभ मिल सका।

**केंद्र की मोदी सरकार ने आज तक जातीय जनगणना नहीं करायी और न ही समर्थन किया बल्कि सरकार के विधि विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय तक विरोध किया**

ज्ञात हो कि पीएम मोदी 27% ओबीसी आरक्षण देने की बात करते हैं लेकिन उन्होंने इसे धरातल पर लोगों को फायदा नहीं पहुंचाया सिर्फ थोथी दलील देते रहे। यहां तक कि आज तक जातीय जनगणना नहीं करायी और न ही समर्थन किया बल्कि सरकार के विधि विभाग द्वारा सर्वोच्च न्यायालय तक विरोध किया। इस स्थिति में कहा जा सकता है कि बीजेपी केंद्रीय स्तर पर दलित पिछड़ा आदिवासी अपकंख्यक विरोधी पार्टी है।

श्री यादव ने कहा है कि विगत 15 नवंबर 2000 को झारखंड गठन के बाद राज्य के प्रथम तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी ने ओबीसी का 27 से 14 एवं अनुसूचित जाति का 15 से 10 फीसदी आरक्षण में कटौती कर अपनी ओछी मानसिकता का बेहद ही शर्मनाक परिचय दिया था। जबकि राज्य निर्माण के लगभग 25 वर्षों में 17 वर्षों तक सबसे अधिक शासनकाल बीजेपी आजसू गठबंधन एनडीए का रहा है। बावजूद उसके बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, सुदेश महतो जैसे नेताओं ने आरक्षण सीमा बढ़ाने के बजाय कटौती की।

उन्होंने कहा है कि विगत 2013-14 में बीजेपी आजसू संयुक्त सरकार के कार्यकाल दौरान सैकड़ों पिछड़ी जाति को परिसीमन में शामिल कर उसके समुचित विकास कार्यों को बाधित कर दिया। इसलिए राज्य के बहुसंख्यक एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज अब बीजेपी आजसू के झांसे में नहीं आयेगी और इनके खिलाफ लोकसभा में वोट करेगी।

# इंडी गठबंधन के समर्थन में ओबीसी मोर्चा, कल्पना व प्रदीप को सौंपा पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/गोड्डा।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पत्थरगावा में इंडी गठबंधन के गोड्डा से प्रदीप यादव, राजमहल से विजय हांसदा और दुमका लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी नलिन सोरेन के नाम समर्थन में पत्र कल्पना सोरेन व प्रदीप यादव को सौंपा। मौके पर पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, संजय यादव (पूर्व विधायक गोड्डा) प्रमुख रूप से उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि समर्थन पत्र में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को क्यों जिताएं? विस्तृत रूप से विवरण दिया गया है।

पत्र में लिखा गया है कि गठबंधन ने देश में जाति जनगणना करने ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने सहित ओबीसी मोर्चा के प्रमुख मांगों को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है। जेएमएम नेता कल्पना सोरेन और कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव ने समर्थन दिए जाने पर प्रतिनिधिमंडल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपकी जो भी प्रमुख मांगें है, उसे हम लोग पूरा करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर प्रेमनंदन मंडल, जिला अध्यक्ष राजकुमार भगत, गिरिजा भूषण ठाकुर प्रदीप विद्यार्थी अरुण शाह आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

# आज से दो जून तक बारिश के आसार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मौसम केंद्र रांची ने एक बार फिर झारखंड में मंगलवार से दो जून तक बारिश की संभावना जताई है। केंद्र के अनुसार बारिश होने से राज्य के कई जिलों में गर्मी से राहत मिलेगी। 28 से 30 मई तक राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में आंधी के साथ वज्रपात की भी संभावना जताई गई है। इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में देखने को मिलेगा। इसको लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है। 31 मई को राज्य के पूर्वी भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इसका प्रभाव साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, दुमका जिलों में देखने को मिलेगा। एक और दो जून को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।



**आंधी और वज्रपात की संभावना**

राज्य के उत्तर-पूर्वी 28 मई को कहीं-कहीं गर्जन के साथ तेज हवा चलने और वज्रपात की संभावना है। हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है। इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में देखने को मिलेगा। मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन से चार दिनों में धीरे-धीरे तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### डॉ शैलेश चटोपाध्याय केन्द्रीय रेशम उत्पादन संस्थान की शोध सलाहकार समिति के सदस्य



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ शैलेश चटोपाध्याय को भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की संस्था केन्द्रीय रेशम उत्पादन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (बहरामपुर, पश्चिम बंगाल) की शोध सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। डॉ चटोपाध्याय बीएयू के वानिकी संकाय में फारेस्ट बायोलॉजी एवं वृक्ष सुधार विभाग के प्रोफेसर-सह- मुख्य वैज्ञानिक और विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। केन्द्रीय सिल्क बोर्ड के तहत कार्यरत इस संस्थान की शोध सलाहकार समिति का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। प्रत्येक 6 महीनों में इसकी बैठक दो दिनों के लिए संस्थान परिसर में होगी। समिति संस्थान और इसकी सम्बद्ध इकाइयों की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों की समीक्षा करेगी।

# पंडित नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे : गुलाम अहमद मीर




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि सोमवार को कांग्रेस भवन में मनायी गई। इस अवसर पर झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं बन्ना गुप्ता कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे बल्कि वे आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने स्वतंत्र स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 11 वर्ष जेल में बिताये। आजादी के बाद उन्होंने देश का निर्माण किया। देश में ओद्योगिकरण, कृषि क्रांति के माध्यम से एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए आधारशीला रखा। उन्होंने ऐसे वक्त पर हिन्दुस्तान का नेतृत्व किया जब देश टूट चुका था, सामाजिक ताना-बाना बिखर चुका था। आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश को एकजुटता में बांधते हुए विकास का मार्ग प्रशस्त्र किया।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के सिद्धांतों को उन्होंने आगे बढ़ाने का काम किया। उनके पदचिन्हों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू ने शांति के लिए दुनिया को पंचशील का सिद्धांत दिया। कार्यक्रम में अमूल्य नीरज खलको, राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, केदार पासवान, सूर्यकांत शुक्ला, रविंद्र सिंह, नेली नाथन, भानु प्रताप बड़ाईक, मंजर मुजीबी, अजय सिंह, विनोद कुमार सिंह, नीलांबर साहू, मिनी बड़ा आदि उपस्थित थे।

लोस चुनाव में एनडीए और इंडी गठबंधन की प्रतिष्ठा का विषय बन चुका है संथाल

# झारखंड में संथाल की लड़ाई तेज, दुमका लोकसभा सीट पर टिकी सभी की निगाहें

**भाजपा-कांग्रेस के न सिर्फ प्रत्याशी, बल्कि अध्यक्ष की कुर्सी भी लगी दांव पर**

सुधीर

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 अब अपने अंतिम दौर में है। छह चरणों के मतदान हो चुके हैं। झारखंड में भी 11 सीटों पर मतदान हो चुका है। अब अंतिम चरण में संताल परगना की तीन सीटों पर मतदान होगा। दुमका, गोड्डा और राजमहल में एक जून को मतदान है। इससे पहले संताल में राजनीति गर्म हो गई है। पीएम मोदी की आज दुमका में सभा है। वे दुमका एयरपोर्ट मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी आधा दर्जन बार झारखंड में चुनावी प्रचार-प्रसार कर चुके हैं। इस बार वे सीता सोरेन के पक्ष में वोट मागेंगे। संताल में न सिर्फ केंद्रीय नेताओं और प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दावं पर लगी है, बल्कि भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्ष की कुर्सी भी दांव पर लगी है।



### पहली बार लोकसभा जाने को बेताव हैं सीता



सीता सोरेन पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने सुनिल सोरेन का टिकट काटकर सीता को दुमका में उतारा है। सुनिल सोरेन 2019 में भाजपा के टिकट पर दुमका से चुनाव जीते थे। उन्होंने 2019 में शिबू सोरेन को 45 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराया था। इस बार शिबू सोरेन लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। झामुमो की और से दुमका में नलिन सोरेन चुनावी मैदान में हैं। दुमका लोकसभा सीट पर दशकों से सोरेन परिवार का कब्जा रहा है। 1977 के बाद दुमका में 12 बार चुनाव हुए हैं। इसमें आठ बार शिबू सोरेन ने जीत अपने नाम की है और मात्र चार बार अन्य नेता जीत पाए हैं।

**देवरानी और जेठानी में किसे चुनेगी दुमका की जनता...**

सीता सोरेन अब भले झामुमो में नहीं हैं लेकिन वे अब भी सोरेन परिवार से ही हैं। शिबू सोरेन अबतक उनके खिलाफ प्रचार करने दुमका नहीं गये हैं, लेकिन परिवार की ही एक और सदस्य और झामुमो की उभरती हुई नेता कल्पना सोरेन दुमका की लड़ाई में पार्टी का पक्ष रख रहीं हैं। वे लगातार दुमका में चुनावी रैलियां कर रहीं हैं। नलिन सोरेन के पक्ष में वोट मांग रही हैं। दुमका में 34 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है। चुनाव में आदिवासी वोटर निर्णायक भूमिका निभाते हैं। साथ में मुसलमान वोटर भी 14 प्रतिशत की आबादी के साथ जीत हार का अंतर तय करते हैं। अब देखना यह है कि दुमका की जनता देवरानी या जेठानी में किसे चुनती है?

### दुमका से ही संथाल साधेंगे राहुल

राहुल गांधी भी 30 मई को दुमका में जनसभा करेंगे। संथाल परगना में कांग्रेस की भी दावेदारी है। कांग्रेस ने गोड्डा सीट से प्रदीप यादव को टिकट दिया है। राहुल गांधी दुमका से ही संथाल को साधने का प्रयास करेंगे। संथाल परगना में तीन लोकसभा क्षेत्र हैं। दुमका, गोड्डा और राजमहल। 2019 में भाजपा ने दुमका और गोड्डा में जीत दर्ज की थी वहीं जेएमएम ने राजमहल सीट को अपने नाम किया था। इस बार संताल परगना का क्या मूड है, ये तो एक जून को ईवीएम में रिकॉर्ड होगा और चार जून को इसका फैसला आएगा।

# ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने पर जोर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के डिस्ट्रिक्ट रेसोर्स इंवेलप के दिशा निर्देश की बैठक डॉ सीके शाही, (निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं) तथा डॉ बीरेंदर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को आईपीएच सभागार में हुई। इसमें छोटानागपुर प्रमंडल के विभिन्न जिलों हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, कोडरमा एवं चतरा के डीआरसीएचओ, डीपीएम, डीएएम, डीडीएम, डीपीएमयू को-ऑर्डिनेटर एचएम सिटी अर्बन हेल्थ मैनेजर, जिला पब्लिक हेल्थ मैनेजर, टीबी, एनसीडी, एनवीबीडीसीपी तथा एफएलए ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। इस मौके पर निदेशक प्रमुख ने चर्चा करते कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चल रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य जनसामान्य के स्वास्थ्य को सुधारना और उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 के बजट में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करना शामिल है। इनमें जैविक-मातृ-नवजात-बाल और किशोर स्वास्थ्य और संक्रामक और असंक्रामिक बीमारियां, 108 एम्बुलेंस सेवा, परिवार नियोजन कार्यक्रम, शिशु स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य, सभी राष्ट्रीय एवं अन्य कार्यक्रम का बजट बनाकर ससमय कार्यों को करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करना है। एनएचएम का लक्ष्य सभी के लिए समान और उचित, किफायती और गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच राज्य की आम जनता को प्राप्त कराना है, जो लोगों की आवश्यकताओं के प्रति जवाबदेह और प्रतिसादी हों। वित्तीय वर्ष 2024 -25 के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल की गयी हैं, जो जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

खबर एक नजर में

## झारखंड हाइकोर्ट के जज एस एन पाठक ने सुरेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जज जस्टिस एसएन पाठक ने रांची के चुटिया स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर में सपरिवार पूजा अर्चना की। इससे पहले एसएन पाठक के मंदिर पहुंचने पर मंदिर के मुख्य पुजारी सच्चिदानंद पाठक ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। वहीं मंदिर समिति की ओर से जस्टिस एसएन पाठक और उनकी पत्नी को सम्मानित भी किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष ने शॉल ओढ़ाया और प्रतीक चिन्ह (मोमेंटो) भेंट किया। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू, संतोष कुमार, कृष्णा साहू, नरेंद्र साहू, नंदु ठाकुर, दशरथ सिंह, रंजीत राम, रोहित सिंह, रामशरण विश्कर्मा, राहुल सुमित, संजू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## ठोस साक्ष्य के अभाव में आरोपी बरी

**रांची।** दुष्कर्म मामले में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी पुंदाग थाना क्षेत्र के दीपा टोली निवासी परवेज अंसारी को न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने ठोस साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। उस पर शादी का झांसा देकर अपने रिश्तेदार वयस्क महिला से यौन संबंध बनाने का आरोप था। बाद में शादी से मुकरने पर महिला थाना में नवंबर 2018 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि पीड़िता पूरी तरह से वयस्क महिला है और यौन संबंध के कृत्य परिणामों को समझने में सक्षम है। साथ ही सुनवाई के दौरान ऐसा कोई ठोस साक्ष्य नहीं आया कि आरोपी ने उसकी सहमति के बिना संबंध बनाता रहा। मामले की सुनवाई के दौरान पीड़िता समेत नौ गवाहों की गवाही दर्ज की गई थी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष कैद

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी करार अभियुक्त पुरूलिया निवासी मिथुन महतो को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त छह महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने उक्त आरोप में 22 मई को दोषी ठहराया था। घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने नगड़ी थाना में चार अगस्त 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अभियुक्त को पुलिस ने 19 फरवरी 2022 को गिरफ्तार किया गया था। तब से वह जेल में ही है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार अभियुक्त मिठाई दुकान में काम करता था। उसी में नाबालिग भी काम करती थी। दोनों में दोस्ती हुई और अभियुक्त ने नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसकी जानकारी परिजन को तब हुई, जब वह गर्भवती हो गई।

## इमरजेंसी मेडिकल फैसिलिटी को लेकर लोगों को जागरूक करना जरूरी : डॉ शुभम शेखर

**रांची।** हर साल 27 मई को विश्वभर में इमरजेंसी मेडिसन डे मनाया जाता है। इसे लेकर इमरजेंसी फिजिशियन डॉ शुभम शेखर ने बताया कि इमरजेंसी मेडिसन डे को मनाने का उद्देश्य दुनिया भर के नागरिकों, रोगियों, स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों और संस्थानों को इमरजेंसी मेडिकल फैसिलिटी के बारे में सोचने और बात करने के लिए प्रेरित करना है। डॉ शुभम शेखर ने बताया कि इमरजेंसी मेडिसन डे के दिन इमरजेंसी मेडिकल फैसिलिटी की आवश्यकता के बारे में जागरुक किया जाता है। उन्होंने कहा कि बहुत जगहों पर इमरजेंसी मेडिकल फैसिलिटी ठीक नहीं है, जिससे मरीजों की जान जा रही है।

## एक दिवसीय स्व. देवरक उरांव मेमोरियल वुडबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**रांची।** जयपाल सिंह स्टेडियम में सोमवार को रांची जिला वुडबॉल संघ की ओर से एकदिवसीय स्व देवराज उरांव मेमोरियल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेता बालक वर्ग में प्रथम बंटी टोप्पो, द्वितीय राजू गोप, तृतीय शुभम कुमार शर्मा रहे। वहीं बालिका वर्ग में प्रथम नेहा कुमारी, द्वितीय प्रभा मांझी, तृतीय नीरा कुमारी रहीं। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पिठौरिया की संचालिका बीके राजमती बहन एव झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के अध्यक्ष राज कुमार पोद्दार उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजयुमो के आशुतोष द्विवेदी आदि थे।

## नाजुक विधि व्यवस्था से जनता दहशत में : प्रतुल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि बीच राजधानी में देर रात बहुचर्चित बार में डीजे की गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। बेखौफ अपराधी उस बार के शीशे को भी गोली से छलनी कर देते हैं। उन्होंने लिखा कि अभी तो पुलिस हाई अलर्ट में है। मॉडल कोड आफ कंडक्ट लगा हुआ है और राजधानी रांची में ऐसी घटना को अंजाम देकर अपराधी बड़े आराम से चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ घटना के उद्वेदन से काम नहीं चलेगा। बल्कि पुलिस को जनता का विश्वास कायम करना होगा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि वह हत्यारा हत्या करने के बाद नीचे उतरकर साढ़े चार मिनट तक गोलियां चलाते और खोखा चुनते दिख रहा है। इस वीडियो के अंत में एक पुलिस की पेट्रोलिंग जीप भी वहां दिखती है। उस समय तक हत्यारा के गाड़ी का दरवाजा खुला है।

# डीजे कर्मी की हत्या करने के लिए विक्की ने घर जाकर लायी बंदूक और कर दी हत्या

# पत्नी श्रुति सिंह ने पति के दोस्तों और उसकी पत्नियों को फोन पर बताया, कोई मेरे पति को रोको, बंदूक लेकर निकले हैं...

**रात भर एक दूसरे के पति के बारे में पूछते रहे प्रतीक सिंह की पत्नी प्रियंका सिंह, शमीरूददीन की पत्नी रूबी और विक्की सिंह की पत्नी श्रुति सिंह**






**कुबेर सिंह**

**रांची।** चुटिया के एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में डीजे कर्मी की गोली मारकर हत्या करने के पूर्व यूनियन बैंक रामगढ़ के मैनेजर प्रतीक सिंह, मोरहाबादी स्थित मो शमीरूददीन उर्फ छोटू उर्फ समीर (थड़पखना) और अभिषेक सिंह उर्फ विक्की सिंह की पत्नी श्रुति सिंह के बीच पति के लापता होने और फोन स्वीच ऑफ होने पर एक दूसरे से बातचीत का सिलसिला चलता रहा। रातभर सभी पति की तलाश करती रहीं। इसी बीच अभिषेक सिंह उर्फ विक्की की पत्नी श्रुति सिंह ने मो. शमरूददीन उर्फ छोटू की पत्नी रूबी को फोन लगाया और कहा कि उनके पति अभिषेक सिंह गुस्से में सेल सिटी स्थित फ्लैट पर आये थे। वे बंदूक लेकर बाहर निकले हैं, कहीं वे किसी घटना को अंजाम न दें, कोई उन्हें रोक लें।

इसके बाद प्रतीक सिंह की पत्नी प्रियंका सिंह ने रूबी को फोन किया और पति के बारे में पूछा। पूछताछ में बताया गया कि वह अभी मायके हजारीबाग आई है। वे भी पति को फोन कर रही हैं, लेकिन पति फोन नहीं उठा रहे हैं। जब रूबी ने प्रतीक की पत्नी प्रियंका को फोन किया तो उधर से प्रतीक की आवाज आई और कहा कि भाभी 'बार' में मारपीट हो गयी है। वे लोग वहां से किसी तरह जान बचाकर भागे हैं। तब जाकर रूबी को इसकी जानकारी हुई। रूबी ने रात में पति के फोन में थाने में फोन लगाया तो बड़ा बाबू ने फोन रिसीव किया और रूबी को पूरी बात बताई। इसके बाद रूबी अपने बच्चों को घर में छोड़कर चुटिया थाना पहुंच गयी।

बताया कि जब बार में मारपीट हुई तो मो शमरूददीन बेहोश हो गये थे। उन्हें पुलिस चुटिया थाने ले गयी। पुलिस ने बताया कि पुलिस वहां नहीं पहुंचती तो उसके पति को मार दिया जाता। वे लोग उसकी जान बचाकर वहां ले आये हैं।

### विक्की के भाई का दोस्त निकला बार संचालक

जिस बार में फायरिंग की, वह विक्की सिंह के बड़े भाई रौशन सिंह के दोस्त उदय सिंह का है। कयास लगाया जा रहा है कि विक्की इस बात को जानता था और उसने वहां धमकी भी दी थी कि अभी वह लौट कर आता है और उनलोगों को मजा चखाता है। इसके बाद वह घर बंदूक लेकर आया। अपनी शर्ट से मुंह को ढंका और लिफ्ट के पास खड़े संदीप प्रमाणिक उर्फ सैंडी को नशे में बाउंसर समझ कर गोली मार दी।

### धुर्वा में एक्सीडेंटल बताया, गैराज में लाया

जिस गाड़ी से अभिषेक सिंह उर्फ विक्की ने घटना को अंजाम दिया। उक्त कार को धुर्वा में एक्सीडेंटल बताया। बताया जाता है कि केस को झूठा साबित करने के लिये गाड़ी को एक्सीडेंटल दिखाया गया। बाद में सुबह पांच बजे के करीब क्रेन के माध्यम से गाड़ी को कचहरी स्थित एक गैराज में डाल दिया था। लेकिन, फरार होने से पहले विक्की कार में रखे कारतूस के खोखे को निकालना भूल गया था।

**ऐसे मिली पुलिस को सफलता**

घटना के बाद किस व्यक्ति ने गोली चलायी उसके बारे में तत्काल कोई सूत्र उपलब्ध नहीं था। किंतु पुलिस ने कांड का उदभेदन किया एवं अभियुक्तों का पता कर छापेमारी में जुट गई। रांची पुलिस की एक टीम रामगढ़ गई एवं बाउंसरों से मारपीट में शामिल प्रतीक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का मैनेजर का पता लगाकर पकड़ा। मुख्य अभियुक्त अभिषेक के दो सहयोगी मिथुन और समीरुद्दीन को रांची से पकड़ा गया। उनलोगों से गहन पूछताछ में मुख्य अभियुक्त का पता लगाया। रांची पुलिस की एक टीम मुख्य अभियुक्त अभिषेक सिंग के सेल टाउन स्थित भाड़े के मकान में छापेमारी के लिये गई जहां ताला बंद पाया गया। गहन तकनीकी अनुसंधान करते हुए प्राप्त सूत्रों को हजारीबाग पुलिस एवं गया पुलिस से शेयर किया गया एवं रांची पुलिस की एक टीम अभियुक्त के भागने की दिशा में पीछा करने लगी। चौतरफा घेराबंदी कर गया ज़िले के अलीपुर थाना क्षेत्र में अभियुक्त अभिषेक सिंह उर्फ़ विक्की की गिरफ़्तारी की गई।

### रिम्स में किटटू बना उसका सच्चा साथी

**रांची।** रिम्स में संदीप के पार्थिव शरीर के साथ उसका दोस्त किटटू सच्चे साथी की भूमिका में नजर आया। पश्चिम बंगाल से संदीप के पैरेंट्स रांची के लिये चल चुके हैं। संदीप प्रमाणिक उर्फ सैंडी एक्सट्रीम बार में सात साल से काम करता था। पूर्व में वह हाउस कीपिंग का काम संभालता था। उसका काम देख बार मालिक उदय सिंह ने उसे डीजे ग्रुप का मुखिया बनाया था। संदीप शादीशुदा नहीं था। घर में उसके माता-पिता रहते हैं। संदीप अपनी कमाई का हिस्सा उन्हें ही भेजा करता था। बार बंद हो जाने के बाद वह घर जाने के लिये ही लिफ्ट से नीचे उतर कर किसी गाड़ी का वेट कर रहा था। तभी अभिषेक कुमार सिंह उर्फ विक्की वहां आया और उसने उसे गोली मार दी। सैंडी के साथ काम करनेवाले अन्य रेस्टूरेंट में काम करनेवाले साथियों का कहना है कि वह मृदुल स्वभाव का लड़का था।

## उपायुक्त ने पंडरा बाजार समिति के मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को पंडरा बाजार समिति रांची स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ सदर रांची उत्कर्ष कुमार, वरीय नोडल पदाधिकारी इवीएम कोषांग सह उप समाहर्ता भूमि सुधार सदर मुकेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल रांची, इलेक्शन एजेंट एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन हर हाल में करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना कर्मियों के लिए भी सारी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रूप से रहे इसको लेकर तमाम तैयारी ससमय पूरी कर लें।



**वज्रगृह सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण के क्रम में वज्रगृह की सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन करते हुए कहा कि वज्रगृह सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे, सुरक्षा में कोई चूक या लापरवाही नहीं रहें। 24 घंटा सुरक्षा व्यवस्था रहे, यह सुनिश्चित करें। किसी भी अवांछित व्यक्ति का प्रवेश मतगणना स्थल पर ना हो इसपर विशेष ध्यान रखें।

**फायर सेफ्टी एवं एम्बुलेंस व्यवस्था रखने के निर्देश :** उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस व्यवस्था, फायर सेफ्टी व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहे, ताकि किसी भी स्थिति में अव्यवस्था ना हो।

**बिजली व्यवस्था एवं विशेष साफ-सफाई रखने के निर्देश :** उपायुक्त द्वारा मतगणना स्थल पर बिजली व्यवस्था, साफ सफाई, पेय जल की व्यवस्था, पदाधिकारियों के बैठने की समुचित व्यवस्था कराने का निर्देश सम्बंधित पदाधिकारी को दिया गया।

## मतदान बढ़ाने के लिए चेन सिस्टम के तहत पीठासीन पदाधिकारी कराएं मतदान: सीइओ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राजमहल, दुमका एवं गोड्डा लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान 1 जून 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया में शिथिलता नहीं बरतें। चेन सिस्टम के माध्यम से पीठासीन पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया में तेजी लाएं। मतदाताओं को क्रमबद्ध मतदान कक्ष में प्रवेश कराते हुए मतदान कराना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केंद्र से दुरस्थ मतदाताओं के लिए वाहन की टैगिंग करें, ताकि मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर लाया जा सके। वहीं शहरी क्षेत्रों में दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन से ऑनलाइन सातवें चरण के मतदान के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

**मतदान केंद्र से दुरस्थ मतदाताओं के लिए करें वाहनों की टैगिंग**

**1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों पर लाइट के लिए जेनरेटर की करें व्यवस्था**

**मतदाताओं को मतदान केंद्र तक बुलाने के लिए माइक्रो कॉल सेंटर भी करें स्थापित**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक बुलाने के लिए माइक्रो कॉल सेंटर भी स्थापित कराएं और मतदाताओं को कॉल कर भी बुलाएं। उन्होंने कहा कि 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों पर रोशनी की सुविधा के लिए जेनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि मतदान में देरी होने पर मतदाता एवं मतदान कर्मियों को कोई असुविधा नहीं हो। उन्होंने सभी को रियल टाइम डाटा अपडेट करने का भी निर्देश दिया। साथ ही मतदान प्रक्रिया में गति लाने के लिए संबंधित पदाधिकारी को प्रशिक्षण देने एवं साइलेंस पीरियड में भी मतदाता जागरूकता संबंधित माईकिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर प्रयास करते हुए मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बेहतर मतदान के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सेक्टर ऑफिसर आदि निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को फील्ड में रहते हुए मतदाताओं से संपर्क कर मतदान करने की अपील करने का निर्देश दिया।

## आरयू के पीजी वाणिज्य भवन की स्थिति जर्जर, राज्यपाल को सौंपा पत्र : आजसू

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत मोरहाबादी स्थित पीजी वाणिज्य विभाग का भवन जर्जर हो चुका है। अभिषेक शुक्ला की अध्यक्षता में सोमवार को आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन सचिवालय को मांग पत्र सौंपा। इसमें नए भवन निर्माण की मांग की गई। अभिषेक शुक्ला ने बताया कि विभाग के भवन की स्थिति वर्ष 2017 से ही दयनीय है। आये दिन यहां किसी न किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बरसात के दिनों में यहां घुटने तक जल-जमाव हो जाता है। इस कारण यहां काम करने वाले एवं पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की मुसीबत और बढ़ जाती है।

बता दें कि वर्ष 2022 में यहां पढ़ने वाले लगभग आधा दर्जन छात्र-छात्राओं पर छत एवं छज्जे का प्लास्टर टूट कर गिर गया था। इसमें छात्र-छात्राएं गंभीर रूप से चोटिल हो गयी थीं। राजभवन ने इस पर जल्द कदम उठाने का आग्रह किया है।

## सदर हॉस्पिटल में एलोपैथी, होम्योपैथी के बाद अब हर्बल ट्रीटमेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सदर हॉस्पिटल में अब, मरीजों को एलोपैथी, होम्योपैथी के बाद हर्बल ट्रीटमेंट कराने का भी आप्शन होगा। शहर के इस बड़े हॉस्पिटल में अब मरीजों का हर्बल ट्रीटमेंट भी होगा। दवा भी हॉस्पिटल में पहुंच चुकी है। जल्द ही डॉक्टरों की भी नियुक्ति की जाएगी। इसके बाद सदर हॉस्पिटल सुपर स्पेशियलिटी में मरीजों का हर्बल ट्रीटमेंट शुरू हो जाएगा। बताते चलें कि सरकार ने हर्बल ट्रीटमेंट को भी मान्यता दे दी है, ताकि मरीजों का हर्बल ट्रीटमेंट हो सके।

**ओपीडी में हर दिन 1 हजार से अधिक मरीज :** हॉस्पिटल में सुविधाएं बढ़ने से मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ओपीडी में हर दिन पहुंचने वाले मरीजों की संख्या एक हजार के पार पहुंच गई है। अब हर्बल ट्रीटमेंट शुरू हो जाने से और मरीज इलाज के लिए पहुंचेंगे।

**होम्योपैथी क्लिनिक से मिली राहत :** सदर में होम्योपैथी क्लिनिक की शुरूआत हो चुकी है। यहां डॉक्टर भी ओपीडी के समय मरीजों को देख रहे हैं। हालांकि दवाएं मरीजों को बाहर से खरीदनी पड़ रही है, लेकिन कंसल्टेशन के लिए डॉक्टर हर दिन हैं। रजिस्ट्रेशन कराकर कोई भी मरीज डॉक्टर से सलाह ले सकता है। ऐसी सुविधा शुरू करने वाला सदर हॉस्पिटल पहला सरकारी हॉस्पिटल है।

> यहां दवाएं पहुंच चुकी है। आचार संहिता खत्म होते ही डॉक्टर की नियुक्त कर ली जाएगी। इसके बाद ओपीडी में मरीज हर्बल के डॉक्टर से भी इलाज करा सकेंगे। फिलहाल मरीजों को एलोपैथी और होम्योपैथी की सुविधा मिल रही है। होम्योपैथी की दवाएं भी जल्द हॉस्पिटल में उपलब्ध करा दी जाएगी, ताकि मरीज अपनी इच्छानुसार इलाज करा सकेंगे। हमारा उद्देश्य है कि मरीजों को एक ही छत के नीचे सारी सुविधाएं मिल सके। साथ ही सदर हॉस्पिटल रांची को देश का बेहतर हॉस्पिटल बनाना है।
> **सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार**

### लंग कैंसर से पीड़ित पत्रकार रवि प्रकाश को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

**रांची।** रवि प्रकाश, पत्रकारिता के क्षेत्र में जाना-पहचाना नाम। लंग कैंसर के क्षेत्र में काम करने वाली दुनिया की प्रतिष्ठित संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर द स्टडी आफ लंग कैंसर ने वरिष्ठ पत्रकार व लंग कैंसर के अंतिम स्टेज के मरीज रवि प्रकाश को पेशेंट एडवोकेट एडुकेशनल अवार्ड के लिए चुना है। उन्हें यह पुरस्कार सितंबर में अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के सैन डिएगो शहर में आयोजित वर्ल्ड कांफ्रेंस ऑन लंग कैंसर के दौरान सात सितंबर को दिया जाएगा। यह पुरस्कार लंग कैंसर के क्षेत्र में मरीजों के मुद्दों को उठाने वाले शख्स को हर साल दिया जाता है। यह अवार्ड दुनिया के अलग-अलग देशों में मरीजों की एडवोकेसी के क्षेत्र में काम कर रहे पांच लोगों को हर साल दिया जाता है। इस साल भारत से पत्रकार रवि प्रकाश को चुना गया है। बता दें कि रवि का कैंसर चौथे स्टेज में पकड़ में आया था। उसके बाद वे न केवल अपने कैंसर का इलाज करा रहे हैं, बल्कि उन्होंने कई मंचों पर मरीजों की आवाज उठायी है।

# आयुष्मान कार्ड बनवाने में रांची नंबर वन, खूंटी पीछे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) कार्ड बनवाने में रांची जिला राज्य में पहले स्थान पर है। रांची में 12.96 लाख लोगों का आभा कार्ड बनाया जा चुका है। अब तक दूसरे स्थान पर पूर्वी सिंहभूम और तीसरे स्थान पर धनबाद है। सबसे कम आभा कार्ड खूंटी जिले में बन पाया है, यहां आभा कार्ड की संख्या 1.86 लाख है। खूंटी में कार्ड बनवाने में लोगों के बीच जागरूकता की कमी है। आयुष्मान भारत योजना, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2018 में शुरू की गई, एक ऐसी सरकारी योजना है जो भारतीय नागरिकों को सस्ते चिकित्सा सेवाओं तक पहुंचाने का लक्ष्य रखती है। इस योजना के अंतर्गत, असमर्थ और निराधार लोगों को मुफ्त मेडिकल उपचार प्राप्त करने की सुविधा प्रदान की जाती है। आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य भारतीय नागरिकों को आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग के लोगों को सस्ती चिकित्सा सेवाओं तक पहुंचाना है। यह योजना विशेष रूप से गरीब, दलित, आदिवासी और अनुसूचित जाति के लोगों के लिए है, जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। इसका मुख्य उद्देश्य उन्हें बिना किसी आर्थिक बोझ के मेडिकल सुविधाओं का लाभ दिलाना है।



**जिलों में में बने आयुष्मान कार्ड की संख्या**

| | | |
|---|---|---|
| रांची में 1296792 | देवघर में 547749 | गढ़वा में 408042 |
| पूर्वी सिंहभूम में 1259279 | प. सिंहभूम में 497570 | कोडरमा में 407016 |
| धनबाद में 956724 | पाकुड़ में 490175 | रामगढ़ में 368024 |
| बोकारो में 827062 | दुमका में 474692 | साहिबगंज में 343304 |
| गिरिडीह में 793732 | गुमला में 459779 | लातेहार में 331720 |
| पलामू में 708238 | सरायकेला में 449514 | सिमडेगा में 301214 |
| गोड्डा में 555974 | चतरा में 434845 | लोहरदगा में 254609 |
| | जामताड़ा में 431145 | खूंटी में 186049 |

**मजीजों पर कोई बोझ नहीं :** आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को अस्पताल में उपलब्ध उपचारों का बिल सरकार द्वारा भुगतान किया जाता है। इससे उनके ऊपर किसी भी आर्थिक बोझ का बोझ नहीं पड़ता है। आयुष्मान भारत योजना एक ऐसा महत्वपूर्ण कदम है जो भारतीय समाज के सबसे कमजोर और पिछड़े वर्गों को स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचाने के लिए उठाया गया है। इसके माध्यम से, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को स्थायी रूप से मजबूत किया जा रहा है और लोगों को आर्थिक तनाव से बचाया जा रहा है। इस प्रकार, आयुष्मान भारत योजना भारतीय समाज के सबसे निम्न वर्गों को अच्छी और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। आभा कार्ड में रहेगा मरीज का पूरा हेल्थ रिकार्ड आभा कार्ड सभी वर्ग के लोगों का बनाया जा रहा है। जिसमें लोगों का पूरा हेल्थ रिकार्ड होगा, जिससे वे कहीं भी इलाज करवा सकेंगे और उनके इलाज की पूरी जानकारी डाक्टर को एक क्लिक में उपलब्ध हो सकेगी।

### आयुष्मान भारत एक प्रबंधित स्वास्थ्य योजना है...

इस योजना के अंतर्गत, पात्र लोगों को एक आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किया जाता है। इस कार्ड के माध्यम से, वे अपने चिकित्सा दवाओं और उपचार के लिए हाइ-टेक चिकित्सा संस्थानों और अस्पतालों में इस्तेमाल कर सकते हैं। यह योजना एक प्रबंधित स्वास्थ्य योजना है, जिसे भारत सरकार द्वारा प्रबंधित किया जाता है। इसमें देशभर में कई बड़े चिकित्सा संस्थान और अस्पताल शामिल हैं, जो उपचार और दवाइयों की सुविधा प्रदान करते हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्रता के लिए कुछ मानदंड होते हैं। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में गरीब, दलित, आदिवासी और अनुसूचित जाति के लोग, इस योजना के लाभार्थी होते हैं। इस योजना के तहत, प्रत्येक परिवार को वार्षिक रूप से उपयुक्त मात्रा की बीमा प्रीमियम भी चुकानी होती है। इस प्रीमियम की राशि प्रत्येक परिवार के आय के आधार पर निर्धारित की जाती है। आयुष्मान भारत योजना कार्ड धारकों को चिकित्सा उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश की सुविधा प्रदान करता है। यह कार्ड उनके अनुसार की गई स्थानीय संबद्धता के अनुसार चयनित संस्थानों में मेडिकल सुविधाओं का लाभ उठाने की अनुमति देता है। आयुष्मान भारत योजना का लाभ पाने के लिए योग्यता दर्ज कराने के लिए उम्मीदवारों को निकटतम आयुष्मान मित्र से संपर्क करना होता है। योग्यता की जांच के बाद, उम्मीदवारों को आयुष्मान भारत कार्ड प्राप्त करने की अनुमति दी जाती है। योजना का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह विभिन्न चिकित्सा सेवाओं और उपचारों की लाभ की सुविधा प्रदान करता है, जिनमें साधारणत: जांच, शल्य चिकित्सा, जन्म संबंधि सेवाएं, अस्पताली चिकित्सा, महान चिकित्सा संस्थानों की सेवा, अनुसंधान, रचनात्मक चिकित्सा, रोग प्रतिरोध और नवजात शिशु की देखभाल शामिल हैं। यह योजना भारत सरकार की पहली ऐसी योजना है जो देश के गरीब और पिछड़े वर्ग को सस्ती चिकित्सा सेवा तक पहुंचाने का प्रयास करती है।

**मनोज कुमार सिन्हा**
**(लेखक- साहित्कार और विश्लेषक हैं)**

### पासवा के प्रांतीय अधिवेशन में लिये जायेंगे कई निर्णय : आलोक दूबे

**रांची।** पासवा के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पासवा के सक्रिय सदस्यों की एक अति महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें आगामी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई एवं सक्रिय सदस्यों को आयोजन को लेकर जिम्मेवारी भी दी गयी। बताते चलें कि इस वर्ष भी राष्ट्र का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह खेलगांव रांची में आयोजित होगा। इसमें जैक बोर्ड, सीबीएसई एवं आईसीएसई के मैट्रिक और इंटर के सफल 20,000 से अधिक मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। लोकसभा चुनाव के पश्चात जून के दूसरे सप्ताह में सम्मान समारोह का लक्ष्य रखा गया। तत्पश्चात झारखंड के प्रत्येक जिले में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, ताकि प्रत्येक जिले के मैट्रिक और इंटर के तीनों बोर्ड के मेघावी बच्चों को भी उनके जिले में सम्मानित किया जा सके।

# नामकुम में बुर्जूग से डेढ़ लाख की छिनतई लगातार हो रही घटना से लोगों में गुस्सा

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** थानाक्षेत्र के सदाबहार चैक पर अज्ञात अपराधियों ने एक 70 वर्सीय बुर्जूग से डेढ लाख रूप्ये की छिनतई कर ली। पीडित जान लकडा ने बताया कि वे पलाण्डु नयाटोली में घर बना रहे है। उसके लेबर पेमेंट के लिए उन्होन सदाबहार चैक स्थित बैंक आफ इंडिया से डेढ लाख रूपये की निकाशी कर प्लास्टिक के थैले में रूपया को ले कर अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान पीछे से काले रंग की पल्सर बाईक पर सवार दो युवकों ने उनका झोला छीन लिया और नामकुम बाजार की ओर भाग निकले। मामले की जानकारी मिलते ही नामकुम थानेदार



ब्रहमदेव प्रसाद सदलबल मौके पर पहुंचे और छानबीन की। पीडित जान लकडा नें बताया कि वे रेलवे से रिटायर है।

## पुलिस खंगाल रही आसपास के सीसीटीवी फुटेज

घटना के बाद मौके पर पहुंचे थानेदार ब्रहमदेव प्रसाद ने बैंक जाकर सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। इस दौरान पीडित जान भी पुलिस के साथ थे। बताया जा रहा है कि पीडित ने बैंक के अंदर ही संदिग्धों की पहचान की है। अपराधियों के द्वारा बैंक के अंदर जाकर ज्यादा पेमेंट लेने वाले बुर्जूग और महिलाओं को टारगेट कर उसकी जानकारी बैंक के बाहर खडे अपने साथियों को दी जाती है जिसके बाद टारगेट के बाहर निकलते ही अपराधी उसके पीछे लग कर उसका बैग या थैला आदि छीनकर फरार हो जाते है।

### क्षेत्र के झपटटामारों का आतंक

नामकुम के विभिन्न क्षेत्रों में बैंक से रूप्ये निकालकर घर जाने वालों में असुरक्षा का महौल है। लोग पैसा निकालने में काफी सर्तकता बरत रहे है, पर अपराधी भोले भाले ग्रामीणों को लगातार आपना निशाना बना रहे है। इससे पूर्व स्टेट बैंक आफ इंडिया से रूप्ये लेकर बाहर निकलने वाले चार महिला पुरूसों और बैंक आफ इंडिया नामकुम शाखा से रूप्ये लेकर बाहर आने वाले यह तीसरे ग्राहक है जिनके मेहनत की कमाई आराधियों ने छीन ली और फरार हो गए। लोगों ने पुलिस प्रशासन से रूप्ये और सोने की चेन छीनकर भागने वाले अपराधियों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की हैं।

# पशुपालक से मिले सुदेश महतो



खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** प्रखंड के चंदवाटुंगरी गांव में 22 मई को ठनका गिरने से 6 भैंसा (काड़ा) का हुआ मौत हुआ था। घटना की जानकारी मिलने पर सोमवार को विधायक सुदेश महतो गांव पहुंचे। चंदवाटुंगरी गांव के हरिदास उरांव से मुलाकात कर घटना की जानकारी लिये। राहे सीओ मनोज महथा से बात कर मुआवजा प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। पशुपालक को आश्वस्त किए की सरकारी स्तर पर मिलने वाला मुआवजा जल्द दिलाया जायेगा। आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, हलधर पांडे, व्यास अहीर, संजय मुंडा, राजेंद्र प्रमाणिक, किस्टो अहीर, छोटन मुंडा, विजय सिंह मुंडा, करम मुंडा, उत्तम साव, प्रेमानंद अहीर, सुभाष मुंडा, दिनेश महतो आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### रांची में रिकॉड वोटिंग पर जनकल्याण समर्पण संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने जताया आभार

**सिकिदिरी।** गैर सरकारी संस्था जनकल्याण समर्पण संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने रांची लोकसभा क्षेत्र में रिकॉड वोटिंग पर संस्थान के पदाधिकारियों, समाजिक संगठनों और चुनाव आयोग का आभार प्रकट किया है। सुजीत कुमार ने बताया कि हमारे संस्थान के द्वारा हर चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया था। इस लोकसभा चुनाव में हमारे संस्थान के पदाधिकारियों ने लगातार 45 दिनों तक हर घर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया साथ ही लोगों को मतदान का महत्व समझाने का प्रयास किया। इसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। हर बूथ में शानदार वोटिंग हुई। इस काम में लगे सभी समाजिक संगठनों और चुनाव आयोग ने भी सकारात्मक पहल की, उन्होंने सभी का हृदय पूर्वक आभार व्यक्त किया।

### आप भी हो जायें सावधान, कार चलाते समय मोबाइल पर बात करना हो सकता है जानलेवा



**बेरमो/जारंगडीह।** गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मिशन अस्पताल के समीप स्थित बीकेबी के पेट्रोल पंप पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक संख्या जेएच 01डीभी 5412 उसी पंप से पेट्रोल लेकर बाहर निकलने के क्रम में पंप के दुसरे छोर पर लगे सीएनजी नोजल मशीन को ही उड़ा डाला और खुद का भी कार क्षतिग्रस्त कर लिया। घटना के संबंध में पंप पर कार्यरत कर्मी ने बताया कि वह कार पेट्रोल लेने के बाद यहां से जाते समय मोबाइल पर किसी से बात कर रहे थे इसी कारण उनका संतुलन कार से हट गया और यह घटना घटी। हालांकि हम लोगो ने काफी शोर मचाया मगर उनका ध्यान कही और था। मिली जानकारी के अनुसार यह कार जारंगडीह निवासी सह सीसीएल कर्मी का बताया जाता है। घटना के बाद वह कार वही छोड़ कर चला गया बाद में पंप के संचालक और कार मालिक के समझौता के बाद कार वहां से हटाया गया। बताता चलू की आप अक्सर सड़क पर मोटरसाइकिल चलाते या दुसरे वाहन चलाते मोबाइल से बात करते देखे होगे मगर हर कोई ऐसे दृश्य को देख नजरअंदाज कर देता है मगर यह खुद के साथ दुसरो के लिए भी जान लेवा साबित हो सकता है।

### ईश्वरी बाबू समाज सेवा में अग्रणी भूमिका का निर्वाह करते थे वेदव्यास चौबे



**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के प्रसिद्ध मजदूर नेता स्वर्गीय ईश्वरी प्रसाद सिंह का 34 व पुण्यतिथि पुत्र अजय कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय पर मनाया गया वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पुण्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना सभा आयोजित हुई। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ नेता वेदव्यास चौबे ने कहा ईश्वरी बाबू क्षेत्र में हमेशा हर सामाजिक कार्यों में अपनी बड़ी भूमिका का निर्वाह करते थे। समाज को हमेशा सही दिशा और दिशा देने का कार्य किये। ट्रेड यूनियन में इन्होंने ईमानदारी के बल पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। सभी श्रमिक संगठन के लोग उनके कुशल व्यवहार मृद भाषी स्वभाव होने के कारण सभी लोग कायल रहते थे। सामाजिक धार्मिक ट्रेड यूनियन में उनकी भूमिका क्षेत्र में अजय अमर है। हर वर्ग हर क्षेत्र में उनकी प्रतिष्ठा एक अभिभावक की तरह होती थी। आज तक उनकी कमी हम लोग महसूस करते हैं। उनकी कीर्ति अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित करती है। श्रमिक नेता एवं स्वर्गीय सिंह के पुत्र अजय कुमार सिंह ने कहा पिता से मिली प्रेरणा सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करती है। पिता का सपना शिक्षा को बढ़ावा देकर सभ्य तथा मजबूत समाज का निर्माण हो हमेशा उनकी सोच रहती थी। शिक्षा के लिए कई स्कूल के निर्माण में अपने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह की थी। अपने पैतृक गांव से लेकर कथारा में भी शिक्षा को लेकर स्कूल का निर्माण एवं व्यवस्था में बड़ी भूमिका का निर्वाह किए थे। पैतृक गांव पर अपनी निजी जमीन को सरकार के खाते में दान में देकर स्कूल का निर्माण करवाया था। जिस स्कूल का उद्घाटन एकत्रित बिहार के मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिंह के कर कमलो के द्वारा संपन्न हो सका था। पिता से मिली प्रेरणा अच्छे कार्यों के लिए आत्म बल को मजबूती प्रदान करता है। सदैव उनके मार्गदर्शन पर चलकर दबे कुचले असहाय का आवाज बना पसंद करता हूं। मुझे लगता है इसकी प्रेरणा कहीं ना कहीं मेरे पिता के आदर्श में से एक है। पिता तो आज हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी कीर्ति मेरे परिवार का सम्मान बढ़ता है। जो मेरे परिवार के लिए गौरव है। उसे कायम रखना हर हाल में हमारा प्रयास रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से परिजन पुत्र राम तपस्या सिंह विजय कुमार सिंह पौत्र स्वयं सिंह पुत्रवधू ममता देवी अर्चना सिंह ममता सिंह पौत्री शगुन सिंह सहित क्षेत्र के वेदव्यास चौबे गुप्तेश्वर पांडे आशीष चक्रवर्ती राजेश शर्मा बीएन तिवारी सी एस प्रसाद प्रमोद यादव हेमंत कुमार कपिल यादव सुबीर राय सूर्यकांत त्रिपाठी रवि सिंह तपेश्वर चौहान अरुण सिंह रंजीत कुमार सिंह महमूद अंसारी नसीम अख्तर हरिहर चौहान झकास नोनिया अर्जुन चौहान देवाशीष आश संतोष सिंह सुजीत मिश्रा महिला नेत्री सविता सिन्हा अर्जुन करमाली गंगा राम शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में पुत्र अजय कुमार सिंह पुत्रवधू अर्चना सिंह के द्वारा डी ए भी स्कूल कथारा की छात्रा दीपिका कुमारी साइंस संकाय में बोकारो जिला में टॉपर होने पर सम्मान बढ़ाकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### भारतीय मजदूर संघ का एक दिवसीय अधिवेशन का आयोजन



**चरही।** हजारीबाग बाबू गावं कोर्रा स्थित सरस्वती शिशु विधा मंदिर विद्यालय के प्रांगण में भरतीय मजदूर संघ का एक दिवसीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन भामसं के जिला मंत्री नीरज सिंह तथा अध्यक्षता सीकेएस के परेज परियोजना के अध्यक्ष पप्पू कुमार दुबे कर रहे थे।अधिवेशन में भामसं के प्रदेश महामंत्री राजीव रंजन सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार, प्रदेश संगठन मंत्री बृजेश कुमार और संजय चौधरी को बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम के पूर्व भारत माता की उद्घघोष के साथ राष्ट्रीय गान और दीपप्रज्वलित किया गया।उसके बाद भारत माता,भगवान विश्वकर्मा और दतोपंत ठेंगड़ी जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।उपरोक्त वक्ताओं ने बारी-बारी से संबोधित करते हुए कहा कि संघ हमेशा राष्ट्र हित,उधोग हित और मजदूर हित में सोचती है।संघ को राजनीतिक दल से कोई लेना-देना नहीं है।यह संघ पूरे विश्व में नंबर एक पर है।भामसं के कार्यकताओं को निर्देश दिया गया है कि संघ को और सशक्त बनाने तथा लोगों को जोड़ने के लिये परिश्रम करने की जरूरत है।इसके अलावे संघ के बारे में कई जानकारियां दी गई।इसके बाद पुराने हजारीबाग जिला कमिटी को भंग करते हुए एक नई कमिटी का गठन किया गया।जिसमें अध्यक्ष माया मेहता, कार्यकारी अध्यक्ष शिव कुमार सिंह,उपाध्यक्ष पप्पू कुमार दुबे,मंजू देवी,मनोज सिन्हा,जिला मंत्री नीरज कुमार सिंह,सह जिला मंत्री संजय तिवारी,लखी शर्मा,दीपक प्रकाश, संगठन मंत्री सुरेंद्र कुमार,कोषाध्यक्ष रंजन दास,कार्यालय मंत्री अभय मिश्रा के अलावे मो.ऐहसान अंसारी,खुलेश्वर भोगता,ग्लैक्सी गौरव,भानुमति पासवान,विकास राणा,स्वेता सिन्हा और आनंद विश्वकर्मा सर्वसम्मति से चुने गए। मौके पर दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### आरटीसी को एनएएसी से मान्यता मिला

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के आरटीसी प्रौद्योगिकी संस्थान आरटीसी इंजीनियरिंग कॉलेज को एनएएसी से ग्रेड-बी का मान्यता प्राप्त हुआ है। जेयूटी संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों के बीच उच्चतम सीजीपीए के साथ राष्ट्रीय प्रत्यायन और मूल्यांकन परिषद (एनएएसी) बी ग्रेड मिलने पर कॉलेज के अध्यक्ष सह पूर्व सांसद रामटहल चैधरी, निदेशक एपी सिंह, प्रबंध निदेशक सुमीत राज, सुषांत कुमार द्वारा खुषी जताते हुए कॉलजे के षिक्षक, छात्रों व कर्मियों को बधाई दी गई है। वहीं कॉलेज प्राचार्य डा. एन हरिबाबू ने इसकी जानाकरी दी और कहा एनएएसी द्वारा मान्यता मिलना कॉलेज की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति आरटीसीआईटी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। साथ ही यह उपलब्धि छात्रों के समग्र विकास के प्रति संस्थान के समर्पण को भी रेखांकित करती है। वहीं प्रबंधक द्वारा बी ग्रेड से ए ग्रेड प्राप्त करने की दिषा में आगे बढ़ने की बात कही गई।

### महंत लालगीरी के कमरे का शुद्धीकरण हुआ

**मंगलवार को मृत्युभोज का आयोजन करेगी महिला समिति**

शनिवार रात उन्नीडीह के शिवलोकधाम में सांप काटने से मृत महंत लालगीरी के शव का अन्तिम संस्कार रविवार देर शाम हरमू मुक्तिधाम में कर दिया गया। महंत लालगीरी की मौत की सूचना पर लातेहार के मनिका से रांची आए उनके पुत्र ने उन्हे मुखाग्नि दी। महंत को श्रद्धांजलि देने बडी संख्या में लोग उन्नीडीह पहुंचे थे। सोमवार को मरासिल्ली महिला समिति के द्वारा महंत के कमरे का शुद्धीकरण कर पूजा पाठ किया गया। समिति की महिलाओं ने बताया कि महत की अन्तिम क्रिया और मृत्युभोज का आयोजन उनके द्वारा मंगलवार को शिवलोकधाम पर किया जाएगा। जिसमें बडी संख्या में भक्तगण और श्रद्वालु उपस्थित होकर महंत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करेंगें।

### अपने भविष्य के प्रति सचेत रहें छात्र-छात्राएं : प्रवीण राजगढ़िया

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, निदेशक (एकाडमिक) एसके चौधरी, प्राचार्य विवेक प्रधान, करुणा राजगढ़िया, मुख्तार सिंह व शिक्षकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में स्कूल के करीब 130 टॉपर्स विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि सम्मान मिलने से हौसला बढ़ता है। बच्चों को अपने भविष्य के प्रति हमेशा सचेत रहना चाहिए। माध्यमिक व इंटर ऐसे दो पड़ाव हैं, जहां प्राप्त की गई सफलता आपके भविष्य को उजाले की ओर ले जाती है। निदेशक (एकेडमी) एसके चौधरी ने कहा कि वर्तमान सफलता को स्थायी न मानें, बल्कि इससे भी बेहतर करने की कोशिश करें। सफलता के पीछे शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों का भी हाथ होता है।

# लगभग साढ़े तीन किलो अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू पुलिस ने बुंडू-सोनाहातु रोड में ताऊ मोड़ के निकट लगभग साढे तीन किलोग्राम अफीम जैसे पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर युवक को जेल भेज दिया। बुंडू थाना प्रभारी पंकज भूषण ने बताया कि गिफ्तार अभियुक्त हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के सिमरातरी गांव का निवासी है। गि?फ्तार अभियुक्त के पास से नगद 40 हजार चार सौ रुपये, एक डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन



एवं एक एवन प्लस एंड्रॉइड मोबाइल जब्त किया गया । थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ग्रामीण एसपी सुमीत अग्रवाल के निर्देश पर सोमवार दिन लगभग दो बजे ताऊ मोड़ के निकट पुलिस टीम द्वारा चेकिंग लगाई गई। तभी पुलिस को देख हुमटा की ओर से आते हुए पीठ में बैग टांगे एक युवक पीछे मुड़ भागने लगा। भागते युवक को पुलिस द्वारा दौड़ाकर पकड़ लिया गया। तलाशी के बाद बैग में लगभग तीन किलो 650 ग्राम अफीम जैसा पदार्थ बरामद हुआ। गिरफ्तार युवक सिंटू कुमार ने पुछताछ में पुलिस को बताया कि उसके चाचा के साला का बुंडू के डमारी गांव में ससुराल है। चाचा के साले के सासु मां की मदद से वह यहां पर अफीम की खेती करने वाले हुमटा, जड़ेया, आराडीह, गितीलडीह गांवों में घूमकर अफीम की खेती करने वाले किसानों से चार बार अफीम खरीदकर हजारीबाग में ले जाकर ऊंचे दाम पर बेच देता था। छापामारी दल में बुंडू नगर पंचायत प्रशासक शुभम पोद्दार, थाना प्रभारी पंकज भूषण, एसआई आतिश कुमार सहित सशस्त्र बल मौजूद थे।

## 251 महिलाओं की निकला कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** मंडा पूजा समिति पालु ओरमांझी द्वारा प्राचिन देवी मंडप पालू की वार्षिक महोत्सव व मंडा पूजा को लेकर सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में गांव की 251 महिलाएं शामिल हुई। बाजे-गाजे के साथ निकली कलष यात्रा देवी मंडप से ग्राम भ्रमण करते हुए भैरवी नदी जलाश गई। जलासय से विधिवत पूजा व मंत्रोचारण के साथ कलष में जलभर कर मंडप स्थल लौटे। इसे दौरान कलष यात्रा में हनुमानजी का पताका लिए ग्रामीण देवी-देवताओं की जयकाररा लगा रहे थें। कलष यात्रा में उपमुखिया राजकिशोर साहू, राजेश मुंडा, अजय साहू, सिकंदर करमाली, दिलीप साहू, भवेशा करमाली, जलेष्वर मुंडा, समिति अध्यक्ष कामेश्वर साहू, सचिव रोहित साहू, कोषाध्यक्ष सतीष साहू, उपध्यक्ष सूरज मुंडा, संजीत मुंडा, अजित साहू, संदीप साहू, अमित साहू, सहित काफी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं शामिल थी।

## मंडा पूजा के मौके पर रंगारंग नागपुरी गीत संगीत कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी प्रखंड के तिलकसूती गांव में मंडा पूजा के मौके पर रविवार रात रंगारंग नागपुरी गीत संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 21 पड़ाहा मंडा पूजा समिति के तत्वाधान आयोजित कार्यक्रम में पायल म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नागपुरी गीतों पर ग्रामीण रात भर थिरकते रहे। पायल म्यूजिकल ग्रुप के पूनम खलखो, बरखा बड़ाईक, खुशी महली द्वारा गाये आधुनिक नागपुरी गीतों पर ग्रामीण जम कर झूमे। वहीं राजेश गोप, रुक्मणि देवी, रामकिशुन सिंह के द्वारा झूमर, डमकच जैसे ठेठ नागपुरी गीतों ने खूब वाहवाही बटोरी, युवक युवतियां झुंड बनाकर रात भर झूमते थिरकते रहे। बीच बीच मे फिल्मी, भोजपुरी गीतों के धुन पर डांसर माही और मोहिनी ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को खूब झूमाया। कार्यक्रम का उदघाटन जिप सदस्य रीना देवी व कुल्ली के पूर्व मुखिया मंजीत लकड़ा ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पड़हा मंडा पूजा समिति तिलकसूती के सुंदर दास, वीरू गोप, देवरत दास, राजवीर दास, अनिल कच्छप, सोनू दास, पंकज दास, सुभाष, अजय महली, मनमोहन दास, मकर दास सहित ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही।

# खलारी से श्रद्धालुओं का जत्था मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए हुआ रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रविवार की रात श्रद्धालुओं का जत्था खलारी स्टेशन से जम्मूतवी के लिए रवाना हुआ। वही रवाना होने से पूर्व जत्था में शामिल श्रद्धालुओं ने माता रानी का जोरदार जयकारा लगाया। श्रद्धालुओं में शामिल जय माता दी ग्रुप की महिला प्रमुख सिन्नी समद, वर्षा रानी, मारुति देवी मुन्ना ने बताया की



जत्था सबसे पहले मां वैष्णों देवी जी कटरा का दर्शन करेंगे। उसके बाद मंदिरों का शहर जम्मू में विभिन्न मंदिरों का दर्शन करने के पश्चात जम्मू से उज्जैन महाकाल की नगरी के लिए जत्था प्रस्थान करेगा। जहां तृतीय ज्योतिर्लिंग उज्जैन महाकाल का दर्शन, काल भैरव दर्शन, चतुर्थ ज्योतिर्लिंग ओम्कारेश्वर जी के दर्शन के बाद कटनी होते हुए माँ शारदा देवी दर्शन करने के पश्चात जय माता दी ग्रुप के सदस्य 05 जून को शक्तिपुंज ट्रेन से खलारी पहुंचेंगे। माता वैष्णों देवी जी की यात्रा में जाने वाले दर्शनार्थियों में सिन्नी समद, वर्षा रानी, मारुति देवी मुन्ना, इंदिरा देवी, लक्ष्मी बिरुवा, सीतामणी सवाइयां, मीना देवी, सुनील बिरुवा, मीनाक्षी बिरुवा, आरित कुमार , आकृति कुमारी, आसुतोष कुमार, राज कृष्णा पूर्ति, बसंत मुंडा, बिंदु देवी, सबिता देवी, दीपक तिवारी, अभिषेक तिवारी, पंकज उपाध्याय, बादल तिवारी, पंकज उपाध्याय, सोनू पाठक, गुड्डू ओझा, श्रद्धा तिवारी, राधेश्याम दुबे, तुषार प्रसाद, संजय कुमार, किशोर चंद्र देहुरी, टिकेश्वर पासवान, अंजली देवी, विन्दू देवी, रेखा देहुरी, सक्षम राज, गौरव राय, महेंद्र राय, मंजू राय शामिल है।

# थाना पहुंची महिलाएं ब्रोकेन-ट्री जाने से पर्यटकों पर रोक लगाने की मांग

**पर्यटकों का ब्रोकेन-ट्री के प्रति बढा आकर्षण**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र नये पर्यटन स्थल ब्रोकेन-ट्री में पर्यटकों को जाने पर रोक लगाने की मांग बसुवा पतारा, सरनाटोली व दड़दाग महिलाओं द्वारा की गई। सोमवार को क्षेत्र की दर्जनो महिलाएं प्रखंड मुख्यालय पहुंची और बीडीओ विजय कुमार व सीओ नितिन शिवम गुप्ता से लिखित शिकायत कर कर पर्यटकों को ब्रोकेन-ट्री जाने से रोकने की मांग की गई। बाद में सभी महिलाएं ओरमांझी थाना भी पहुंची। महिलाओं ने कहा ओरमांझी के बसुवाटोली स्थित ब्रोकेन-ट्री पर्यटन स्थल काफी चर्चित हो गया है। काफी संख्या में पर्यटकों का





आना-जाना लगा रहता है। शहर से काफी संख्या में युवा पहुंचते हैं, और षराब पिने के साथ अष्लिलता का भी प्रदर्षन करते हैं। इससे गांव के बच्चों में गलत प्रभाव व पर्यटन स्थल पर गंदगी फैलाने व आग जलाने से पर्यावरण की छति भी होगी। कहा काफी संख्या में वाहनों के आवागमन से गांव के पशु भी कुचले जा रहे है। इससे पूर्व 19 मई को भी महिलाओं द्वारा विरोध कराते हुए पर्यटकों को ब्रेकेन-ट्री जाने से रोक दिया गया था। वहीं ब्रोकेन-ट्री जाने वाले पर्यटकों के वाहन से टिकट काटकर अवैध वसूली भी की जा रही थी। जिसे प्रशासन की पहल पर बंद करा दिया गया है। वहीं पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।

पेड़ो के गिरने से पड़ा ब्रोकेन-ट्री नाम- कुछ वर्ष पूर्व आए तुफान के कारण प्रखंड क्षेत्र में बिजली पोल, मकान व काफी संख्या में पेड़ गिरे थें। उसी समय सरनाटोली बसुवा पतरा जंगल के भी दर्जनों पेड़ गिर गए थें। आज भी वहां पेड़ गिरे हैं। जिसके कारण उक्त स्थल का नाम ब्रोकेन-ट्री कहा जाने लगा है। ब्रोकेन-ट्री में डेम का पानी व आसपास के हरे-भरे पेड़ पौधे खुशनूमा एहसास करती है। पहुंचने से पहले ही डेम का पानी आकर्षक दिखाई देने के साथ किसी संमुदर के नजदिक जाने का भी एहसास कराती है। टुटे व हरे-भरे पेड़, डेम का पानी, पत्थरों का चट्टान का काफी मनोरम दृष्य है। जिसके कारण पर्यटक ब्रोकेन-ट्री के प्रति आकर्षित हुए हैं। वहीं काफी संख्या में युवा फोटो व रिल्स बनाने भी पहुंचते हैं। इसी का फायदा उठाते हुए कुछ लोगों द्वारा समिति बनाकर वसूली शुरू कर दी गई थी।

# हमेशा झारखंडियों का विरोधी रही है कांग्रेस : बाबूलाल

खबर मन्त्र संवाददाता




**हंसडीहा।** झारखंड के प्रथम और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को आयोजित चुनावी जनसभा में गोड्डा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के समर्थन में वोट करने की अपील की। बाबुलाल मरांडी ने निशिकांत दुबे के द्वारा क्षेत्र में किये हुए कार्यो को जनता के समक्ष रखते हुए कहा कि उनके प्रयास से गोड्डा को रेल लाइन से जोड़ा गया।

देवघर में एयरपोर्ट एम्स को बनवाने भी उन्होंने अपनी अहम भूमिका निभाई। वहीं क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव के गरीब मजदूरों व किसानों के लिए काम किया हैं। जो गांव, गरीबों, मजदूरों किसानों महिलाओं की चिंता करते हैं उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनाके देश को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार करोड़ से अधिक गरीबों को प्रधानमंत्री आवास दिया। जो गरीब प्रधानमंत्री आवास से वंचित रह गए हैं फिर से प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। उनके प्रयास से गरीबों को आवास के साथ गेस चूल्हा दिया गया।

वहीं कोई गरीब भूखे नहीं सोए उन्हें खाने के लिए हर माह प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त में राशन उपलब्ध कराया। किसानों को साल में छह हजार रुपए उनके खाते में मिल रहे हैं। पहले गरीब बीमार होते थे तो खेत बाड़ी बंधक रखकर या बेच कर ईलाज कराते थे। इसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा देश के गरीब भी अब अच्छे अस्पताल में ईलाज कराएंगे। आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रति व्यक्ति को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज का लाभ दिया जा रहा। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर हमेशा झारखंडियों के विरोधी रहे हैं। कांग्रेस देश में 55 वर्षो तक राज किया लेकिन झारखंड राज्य नहीं बनाया और न ही झारखंडियों का सम्मान किया।

भारतीय जनता पार्टी ने कहा था केंद्र में हमारी सरकार बनेगी तो हम झारखंड राज्य देंगे। अटल बिहारी वाजपेयीके प्रधानमंत्री बनने के बाद 15 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य बना। पहले गांव तक पहुँचने के लिए सड़क नहीं थे बरसात के समय मे कोई बीमार पड़ जाता था तो अस्पताल तक जाना मुश्किल हो जाता था। भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र में बनी और गांव तक सड़को का जाल बिछाया गया। इस मौके पर प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, वरिष्ठ नेता सीताराम पाठक, लक्ष्मीनारायण सिंह, भिरगुनाथ यादव, पंकज झा, शुभम स्नेही, घनश्याम कापरी, रमेश सिंह, मंटू मंडल, बद्री महतो, बमबम सिंह, प्रकाश यादव, शांति मंडल, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**सेवानिवृत्त शिक्षक सहित दर्जनों युवा ने थामा भाजपा का दामन**

इस दौरान बाबूलाल के समक्ष बारीडीह गांव के सेवा निर्मित शिक्षक बबलू टुडू सहित बाबुडीह गाँव के अल्पसंख्यक समुदाय के दर्जनों युवक ने भाजपा का दामन थामा।

जिसे बाबुलाल मरांडी के द्वारा बारी बारी से माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# डीवीसी ऑल वैली में मनाया जा रहा है स्वच्छता पखवाड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बोकारो थर्मल के डीवीसी प्रबंधन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के आलोक में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, इस पखवारा अभियान में कूड़े कचरे की सफाई एवं पौधा रोपन कार्य डीवीसी द्वारा प्रत्येक वर्ष कराया जाता रहा है विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के आलोक में 16 मई से 31 मई तक (बीटीपीएस) दामोदर घाटी निगम द्वारा बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन में साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर वरीय महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद, वरीय महाप्रबंधक (एफजीडी) एस एन प्रसाद, महाप्रबंधक (वि.) एस. भद्रा, उपमहाप्रबंधक (प्रशा.) बी जी होलकर, उपमहाप्रबंधक वा जिला परिषद सदस्या स्थानीय मुखिया पंचायत के सदस्य वार्ड सदस्य के अलावा कर्मचारी गण आज के सफाई अभियान में शामिल थे। पर्यावरण एवं वातावरण को स्वच्छ रखने हेतु वरीय महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान ने सभी अधिकारीगण/कर्मचारी एवं बोकारो थर्मल वासियों से विशेष रूप से अपील की। वही यात्रियों खासकर जो बुजुर्ग वा शारीरिक रूप से कमजोर है उन्हे व्हील चेयर नही होने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, स्थानीय पत्रकार संघ के विशेष आग्रह पर स्थानीय डीवीसी के परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद ने 02 व्हील चेयर व स्टेशन परिसर में कचरा न हो स्वच्छ रहे इसे लेकर कूड़ा दान भी देने की बात कही।

## एक नजर में

### साहिबगंज : हाईवा के चपेट में आने से जेसीबी चालक की हुई मौत



मंडरो। इसीपुर थाना अंतर्गत कीर्तनिया अवैध डिपो में कार्य कर रहे जेसीबी चालक महादेववरन पंचायत अंतर्गत मिर्जाचौकी पासीटोला निवासी 30 वर्षीय कन्हैया उर्फ कृष्णा चौधरी पिता जगदीश चौधरी अज्ञात हाइवा के चपेट में आने से हुआ मौत, जांच में जुटी पुलिस। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार अहले सुबह चार बजकर 30 मिनट के आसपास जेसीबी चालक कन्हैया उर्फ कृष्णा चौधरी अवैध डिपो में जेसीबी चलाने के लिए गया हुआ था। अचानक से एक हाइवा पीछे करने के क्रम में जेसीबी चालक हाइवा के चपेट में आ गया। जैसे ही घटना घटा तुरंत मौजुद लोगो के द्वारा घायल कन्हैया उर्फ कृष्णा चौधरी को सदर अस्पताल साहिबगंज ले जाया गया मगर तब तक कन्हैया उर्फ कृष्णा चौधरी की जान जा चुकी थीं। अस्पताल में मृतक के परिजन पहुचे व शव की पहचान की। मृतक के परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक कन्हैया उर्फ कृष्णा चौधरी की शादी 4 साल पूर्व सबौर में हुई थीं। मृतक अपने पीछे दो साल की एक बेटी व एक पांच माह का पुत्र छोड़ गया। मामले की जानकारी जैसे ही इशिपुर थाना को मिली कीर्तनिया पहुंच मामले की जांच में जुट गए। सूत्रों की माने तो कीर्तनिया बिहार क्षेत्र में अवैध डिपो का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। कभी डिपो तो कभी सड़क पर दुर्घटना लगातार हो रही है। सड़क पर तीन लाइन लगाकर अवैध चिप्स लदे ट्रैक्टर का परिचालन लगातार किया जा रहा है। कीर्तनिया भगैया मुख्य सड़क पर जाम की स्तिथि उत्पन्न हो जाती है। वही खबर लिखे जाने तक मृतक के परिवार वालों के द्वारा थाना में आवेदन नही दिया गया। मृतक के घर लोगो की भीड़ लगी हुई थीं।

### पोरैयाहाट में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की सभा में उमड़ी भीड़



गोड्डा। सोमवार को गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के पोरैयाहाट प्रखंड के धारा बंध में एक आम सभा में अपने पार्टी प्रत्याशी निशिकांत दुबे के चुनाव प्रचार में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड की अस्मिता स्वाभिमान प्राकृतिक संपदाओं की रक्षा और विकास के लिए सभी गोड्डा के परिवार जनों डॉ निशिकांत दुबे को ऐतिहासिक रिकॉर्ड मतों से विजई बनाकर लोक सभा भेजें। विकास पुरुष के नाम से जिनकी पहचान है सरजमी पर जितने भी कार्य दिखाई दे रहे हैं सब इनके प्रयास से ही संभव हुआ है। विपक्ष की हालत सभी देख रहे हैं झारखंड की गरीब जनता के पैसे मंत्रियों के घर से निकल रहे हैं। मुख्यमंत्री खुद आरोपों में घिरे हैं ऐसे में इस राज्य को एक ईमानदार और सशक्त नेतृत्व की जरूरत है और गोड्डा के परिवार जनों से मेरी अपील है भाजपा उम्मीदवार को 9 लाख पार मतों से जीत दिला कर चौथी बार लोक सभा भेजें जो ऐतिहासिक जीत हो। कार्यक्रम में गणेश मिश्र चुनाव प्रभारी, पूर्व विधायक अशोक भगत, चुंडा मरांडी, सिमोन मरांडी, सुशील टुडू, लक्ष्मी चक्रवर्ती ,राघवेंद्र सिंह,देवेंद्र सिंह, गजाधर सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव मिश्र, कृष्ण मुरारी चौबे आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### छपरा चुनाव गोली कांड सभ्य समाज पर कलंक: साधु शरण गोप

बोकारो। गोप महासंघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष साधु शरण गोप ने छपरा में हुए चुनाव के दौरान घटना की निष्पक्ष जांच के लिए बिहार के डीजीपी को पत्र लिखा है। कहा है कि लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य पर हमला सिर्फ अपराधिक घटना नहीं है बल्कि सामाजिक अपराध भी है। उन पर हुए हमले के दौरान जिन शब्दों का प्रयोग हुआ है उससे मानव समाज घायल हुआ है। उसका घाव भरने में लंबा समय लगेगा। ऐसी घटना का विकसित समाज में कोई जगह नहीं है। यह सभ्य समाज पर कलंक है। इसलिए अपराधिक दृष्टिकोण के साथ सामाजिक अपराध की दृष्टिकोण से भी जांच होनी चाहिए। वहीं राजनीतिक दलों पर भी नकेल कसने की जरूरत है ताकि कार्यकर्ता ऐसे व्यवहार से बचें।

### कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन का समर कैंप शुरू पहले दिन उत्साहित दिखीं छात्राएं, खूब हुई मस्ती



बेरमो/फुसरो। कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी की ओर से सोमवार से सात दिवसीय समर कैंप की प्रारंभ किया गया7 समर कैंप की शुभारंभ कबूतर उड़ाकर की गई। प्रधानाचार्य रण सुमन सिंह ने कहा कि कबूतर शांति का प्रतीक है। इसके साथ ही उन्होंने समर कैंप में भाग लेने वाली छात्राओं को खेल भावना के साथ हिस्सा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य खेल भावना जगाने के साथ-साथ उन्हें प्रोत्साहित करना और उनकी छिपी हुई प्रतिभा को निकालना है। उन्हें स्कूल में पढ़ने के दौरान ही आत्मरक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास से जोड़ना है। कहा कि 27 मई से 2 जून तक आयोजित होने वाले कैंप के दौरान आर्ट एंड क्राफ्ट, भोजन विधि एवं निर्माण, पेंटिंग, बास्केटबॉल, एथलेटिक, कराटे, इंडियन और क्लासिकल म्यूजिक और डांस जैसी गतिविधियां आयोजित होगी। समर कैंप के पहले दिन ही छात्राएं बेहद उत्साहित दिखीं। विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडेय ने समर कैंप के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा की समर कैंप के माध्यम से नेतृत्व क्षमता छात्र-छात्राओं में विकास होता है एवं समूह में रहने का अभ्यास होता है। यह एक प्रकार का समाजीकरण की प्रक्रिया है। कार्यक्रम प्रमुख संजू ठाकुर ने समर कैंप के महत्व एवं भूमिका पर प्रकाश डाला। पहले दिन 165 छात्राएं समर कैंप में शामिल हुई। इससे छात्राएं काफी उत्साहित दिखी।

### बोकारो : झारखंड राज्यस्तरीय यूथ बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



बोकारो। झारखंड राज्य स्तरीय यूथ बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ बोकारो सेक्टर 4 स्थित एमजीएम स्कूल में हुआ। इस प्रतियोगिता में बालक तथा बालिका वर्ग के 24 जिलों से सैकड़ों खिलाड़ियों सहित कई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी व प्रशिक्षकों की मौजूदगी रही। प्रतियोगिता को लेकर बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा जिला टीम गठन को लेकर प्रयास जारी था। इसी क्रम में बोकारो डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल संघ ने जिला के 12-12 बालक और बालिकाओं का चयन कर टीम गठित कर लिया। चयन प्रक्रिया एमजीएम स्कूल प्रांगण में पूरी हुई। चयन समिति में बिनोद कुमार निखिल ओझा सौरव संदीप भोला विजय मिंज कुणाल सिंह व मनोज सिंह शामिल थे। चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के आधार पर बालक वर्ग की टीम में आकाश अमन नवीन साहिल हर्षित अमनदीप प्रत्युष मिरदुल आदित्य राज अनुराग आरुष तथा समीर को चुना गया। इस टीम के कोच कुणाल सिंह होंगे। वहीं बालिका टीम में अनविता यादव सिद्धि कुमारी ज्योत्सना भारती श्रेय घोष आदित्य कुमार यल्यश्री प्रेरणा भारती अनन्या कुमारी संचिता श्रीवास्तव तृषा सिंह प्राची सिन्हा तथा सुरभि कुमारी के साथ गर्ल्स टीम का गठन किया गया। इसके कोच विजय मिंज होगे। बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष मनीष सिंह संरक्षक प्रकाश सिंह सचिव संजीव सिंह ने बोकारो जिला की टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### चुनाव कार्य का हिस्सा बन लौटे केबी कॉलेज के शिक्षको ने कॉलेज परिसर में मनाया जश्न



बेरमो/बांध कथारा। बेरमो स्थित केबी कॉलेज के लगभग सभी शिक्षक हर वर्ष चुनाव सम्पन्न करवाने मे चुनाव का हिस्सा बनने का गौरव हासिल करते हैं उसी तर्ज पर इस लोकसभा चुनाव में भी कॉलेज के अधिकांश शिक्षक, प्राचार्य यहां तक के कॉलेज के कर्मी भी इस चुनाव में बढ़ चढ़ कर भाग लिया और चुनाव आयोग के निदेर्शों का पालन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में जाकर चुनावी कार्य का हिस्सा बना। चुनाव के बाद आज कॉलेज परिसर सभी शिक्षकों का पहला दिन था। शिक्षको ने लंबे समय एक दुसरे से अलग रहने के बाद आज मिले तो सभी ने आज के दिन को खास बनाने के उद्देश्य से संयुक्त रूप से जश्न मनाने व एक दुसरे से अनुभव साझा करने को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसका नेतृत्व केबी कॉलेज के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण राय द्वारा किया गया जब इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हेड गोपाल प्रजापति द्वारा किया गया मौके पर उपस्थित सभी शिक्षकगण व कर्मचारीगणों ने चुनाव कार्य दौरान की बातो को एक दुसरे से शेयर किया और वोट देने का प्रमाण दिखाते हुए संयुक्त गुरुप फोटो भी साझा किये। इस मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षकों के अलावे सभी कर्मचारी और कर्मीगण भी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### साहिबगंज : संभावित टीबी मरीजों के लिये हेल्थ कैंप का आयोजन



तालझारी। प्रखंड के पोखरिया पंचायत के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सोमवार को स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में संभावित टीबी मरीज के खाखार संग्रह किया गया। साथ ही साथ सामुदाय के लोगो को टीबी बीमारी की जानकारी देकर जागरूक किया गया और बताया गया की जिनको भी टीबी का लक्षण जैसे : दो हफ्ते से अधिक खांसी होने पर अपने बलगम का जांच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में कराये। मौके पर पिरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पप्पू कुमार घोष, जिला कार्यक्रम समन्वयक रविरंजन कुमार, टीबी पर्यवेक्षक कुणाल हांसदा, एलटी मो फारुक, एएनएम पंचमी कुमारी, बीटीटी अवधेश कुमार ठाकुर, साहिया साथी निर्मला मुर्मू एवं सभी साहिया दीदी उपस्थित थे।


### ज्वाला प्रसाद चौधरी के निधन पर शोक संवेदना

बोकारो। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश के महामंत्री संजय चौधरी के पिता ज्वाला प्रसाद चौधरी के आकस्मिक निधन पर समाज के लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की। उनके आकस्मिक निधन पर रांची के सांसद संजय सेठ राज्यसभा के सांसद आदित्य साहू प्रदीप वर्मा वैश्य महासम्मेलन के डॉक्टर विजय प्रकाश ज्ञान शंकर संजय पोद्दार दिलीप सोनी ललित चौधरी हेमंत गुप्ता मनोज साहू संजय जायसवाल ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है।

### श्री श्मशान काली मंदिर ट्रस्ट की बैठक 5 जून को

बोकारो। बोकारो जिला अंतर्गत चास स्थित श्री श्मशान काली मंदिर ट्रस्ट के द्वारा निर्मित दुर्गा मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक आवश्यक बैठक दिनांक 5 जून को रखी गई है। ट्रस्ट के जय सिन्हा ने यह जानकारी देते हुए श्मशान घाट एवं मंदिर से जुड़े सभी भक्तों को समय पर पहुंच कर ट्रस्ट द्वारा निर्मित मंदिर एवं अन्य क्रियाकलापों पर अपना बहुमूल्य सुझाव देने तथा अन्य के विचार को जानते हुए ट्रस्ट के प्रति कर्तव्य निर्वहन करने की अपील की है।

### बेरमो : 15 पेटी शराब व 7 हजार रुपये ले उड़े चोर



बेरमो /चंद्रपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याणी स्थित सरकारी शराब दुकान से चोरों ने 15 पेटी अंग्रेजी शराब व नकद लगभग 7 हजार रुपये की चोरी कर ली। शनिवार की रात जब सेल्समैन द्वारा शराब दुकान का शटर खोला गया तब चोरी होने के बारे में पता चला। चोरों ने छत की शीट तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। बताया जा रहा है मतदान को लेकर शराब दुकान को सील किया गया था, ऐसे में मौका देखकर चोरों ने चोरी की घटना को गत 24 मई की रात को अंजाम दिया होगा। इस संबंध में संबंधित विभाग सहित चंद्रपुरा पुलिस को सूचना दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। स्थानीय व्यक्तियों का कहना है कि कल्याणी में चोरों के आतंक से लोग परेशान है। आए दिन चोरी की घटना घट रही है। कल्याणी में खड़े ट्रकों व डंपरों से बैट्री व डीजल की चोरी होती है। पास में सीसीएल माइंस के कारण भी विभिन्न पार्ट्स पुर्जो व कोयला चोरी को लेकर भी रात में अज्ञात व्यक्तियों की गतिविधियां बनी रहती है।

# भाजपा ने आपके भाई को, दादा को जेल भेजा है, आप दें करारा जवाब: कल्पना सोरेन

## चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का किया दावा

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा स्थित कॉलेज मैदान में सोमवार को कल्पना सोरेन ने झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया।

इस चुनावी सभा में लोगों की जबरदस्त भीड़ देखी गई। सभी उम्र के लोग स्त्री - पुरुष कल्पना सोरेन को देखने और सुनने आए थे। कार्यक्रम के दौरान बूंदाबांदी भी हो रही थी पर भीड़ के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। कल्पना सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा वालों ने हेमंत सोरेन जो आपके भाई हैं, दादा हैं, बेटे हैं, उन्हें जेल भेजने का काम किया है। आप वोट के माध्यम से उन्हें करारा जवाब दे और 1 जून को शानदार,बम्पर और जबरदस्त वोटिंग कर नलिन सोरेन को विजयी बनाएं।



सभा को संबोधित करती कल्पना सोरेन।

आप अपना यह वोट भले नलिन सोरेन को देंगे पर यह हेमंत सोरेन और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मान सम्मान के लिए होगा। कल्पना सोरेन आत्मविश्वास से लबरेज नजर आई। उन्होंने कहा कि 4 जून को जब वोटो की गिनती होगी तो भाजपा हिल जाएगी, देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और आपके भाई हेमंत सोरेन जेल से निकलेंगे। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन ने यहाँ की जनता में झारखंडियत का संचार किया है।

आपका यह जोश यह दिखा रहा है कि आप तीर धनुष के साथ हैं।इसे वोट के रूप में तब्दील करें। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद कल्पना सोरेन इस लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारक के रूप में नजर आ रही है। यहां भी यह सिलसिला जारी रहा। उन्होंने कहा कि हम सब के रगों में वीर शहीद तिलका मांझी , सिदो कान्हू का खून दौड़ रहा है जिन्होंने इस समाज के लिए अपनी प्राणों की आहुति दी है। हमें भी चुप नहीं बैठता है इस लोकसभा चुनाव में नलिन सोरेन चाचा के पक्ष में मतदान करें ताकि इंडिया गठबंधन को मजबूती मिले और राज्य की 14 की 14 लोकसभा सीट हमारे खाते में जाएं।

झामुमो के इस कार्यक्रम में प्रत्याशी नलिन सोरेन के साथ उनकी पत्नी जॉयस बेसरा और जिला प्रवक्ता अब्दुल सलाम अंसारी, आलोक सोरेन, प्रखण्ड अध्यक्ष चुण्डा हेम्बब्रम, कलीमुद्दीन अंसारी समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दुमका : धूपबत्ती मांगने के बहाने उड़ाये दो लाख के जेवर

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** पूजा पाठ व मंत्र के बहाने महिलाओं को अपना शिकार बनाने वाले गिरोह के सदस्य एक बार फिर सक्रिय हो गए है। खासतौर पर सुबह पूजा के लिए जाने वाली महिलाओं को विशेष सतर्क रहने की जरूरत है। सोमवार को अपने को हरिद्वार का निवासी बताकर बाइक सवार दो युवकों ने नगर परिषद चौक स्थित ओम शांति भवन से पूजा कर लौट रही जयश्री हरनानी से करीब दो लाख के जेवर छीनतई कर आराम से फरार हो गए। महिला ने नगर थाना में मामला दर्ज कराया है। नगर थाना क्षेत्र के डंगालपाड़ा की रहने वाली महिला ने बताया कि वह सुबह 9 बजे ओम शांति भवन में पूजा करने के लिए आई थी। पूजा करने के बाद बाहर निकलने लगी तो बाइक सवार दो युवक आए और कहा कि वे हरिद्वार के रहने वाले। पूजा करने के लिए आए थे, लेकिन पैसा चोरी हो गया। अगर आप धूपबत्ती दे दें तो पूजा कर लेंगे। महिला को उनकी बातों पर शक हुआ और धूपबत्ती लेने के लिए दुकान की ओर जाने लगी। इसी क्रम में महिला ने पुश्तैनी सोने की चेन और कान की दो बाली उतारकर हाथ में रख ली। महिला दुकान तक पहुंचती, इससे पहले दोनों पास आए और हाथ से जेवरात छीनकर फरार हो गए। महिला ने बताया कि यह सब इतनी तेजी से हुआ कि उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला। शोर मचाने से पहले दोनों युवक बाइक से फरार हो गए। दो लाख से कम के जेवर नहीं थे। यहां बता दें कि पिछले साल भी इसी तरह से एक गिरोह के सदस्यों ने दो तीन महिलाओं को मंत्र जाप के बहाने से सोने के जेवरात पर हाथ साफ किया था।

# गोड्डा लोकसभा चुनाव में महागठबंधन और भाजपा के बीच हैं कांटे की टक्कर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** काफी शोर गुल आरोप और प्रत्यारोप की झड़ी के बाद अब कुल 58 लोक सभा क्षेत्र का चुनाव शेष रह गया है। जिसमे प्रधान मंत्री मोदी खुद इस आखिरी चरण के चुनाव मैदान में बतौर प्रत्याशी हैं। अबतक के पिछले छह चरणों के चुनाव परिणाम की भविष्यवाणी में हर दल सरकार बनाने की योजना भी बनाकर बैठी है।

कोई अखिलेश यादव को लालकिला की ओर जाते हुए देख रहा है कोई राहुल गांधी जी को। लेकिन एक बात स्पष्ट थी जनता के पास किसकी कितनी पहुंच थी। प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता, व्यक्तित्व, अनुभव, कठिन परिश्रम और राजनीति के आगे सभी फेल हो चुके हैं। इसके एक दो नहीं अनेकों कारण हैं। लोक सभा चुनाव क्षेत्रीय विकास, जातीय समीकरण, भाषा विवाद, उत्तर दक्षिण पूरब पश्चिम जैसे मुद्दे पर नही लड़ा जाता है। प्रधानमंत्री मोदी जैसे साहसिक निर्णय लेने वाला नेता का कोई दूसरा विकल्प फिलहाल नहीं है। देश की आम जनता का राजनीति से कोई मतलब नहीं कौन कांग्रेस है कौन बीजेपी है समाजवादी है या राजद है या झामुमो है उसे मतलब है राष्ट्रवाद, देशप्रेम, विकास योजनाओं से उसे मतलब है मूल भूत सुविधाओं से। लेकिन विपक्ष के पास कोई लक्ष्य नही था प्रधानमंत्री के नाम पर कोई चेहरा नहीं था। पिछड़े हिंदू मतों का ध्रुवीकरण कर अपने पक्ष में मतदाताओं को समर्थन प्राप्त करना उनकी नीतियां सफल रही। तुष्टिकरण कर कभी किसी धर्म विशेष के नागरिकों को अपने पक्ष में मतदान कराने का उनका न तो मकसद रहा न नीतियां। गोड्डा लोकसभा की भी कमोबेश यही स्थिति है। अल्पसंख्यक वोटर्स के साथ कुछ जन्मजात कांग्रेसी, संथाल, पहाड़िया आदिवासी मतों का ध्रुवीकरण होते हुए भी बीजेपी को भी वोट मिलेंगे। कांग्रेस उम्मीदवार को जातिगत राजनीति का फायदा अगर है तो नुकसान भी है। अन्य सभी जाति के लोग लामबंद होकर उनके विपक्ष में खड़े उम्मीदवार को मतदान करेंगे जातिगत राजनीति की यही स्थिति होती है ।क्षेत्र की जनता विकास देखती है औद्योगिकरण से रोजगार के अवसर देखती है नौकरी और आय के साधन देखती है। इनमे आलोचना करने वाले एक एक बात पर मीन मेख निकालते रहेंगे लेकिन विकास को इससे कोई मतलब नहीं होता। गोड्डा में रेल का आगमन देवघर में एयर पोर्ट और एम्स, फोर लेन सड़क का बनना, गोड्डा में पासपोर्ट कार्यालय की सुविधा के साथ केंद्र की अन्य योजनाओं मुफ्त राशन आवास योजना, शौचालय ,उज्जवला योजना आदि केंद्र सरकार की उपलब्धि ही है। आलोचना करने वाले सिर्फ अपनी तर्क के साथ प्रगति में बाधक बनकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास करते हैं और करते रहेंगे।

# साहिबगंज : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मंडल कारा का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने मंडल कारा साहेबगंज का औचक निरीक्षण किया। वे विचाराधीन बंदीयों से मिले। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली।स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। कारागार में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्होंने कारा कर्मियों को निर्देश दिये। वहीं शिक्षापरक एवं रोजगारपरक शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित किए जाने का निर्देश कारा अधीक्षक को दिया गया। महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों से मुलाकात कर न्यायाधीश ने उनकी समस्याओं को सुना। न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर वहां तैयार हो रहे भोजन, सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया कराने जेल अधिकारियों को उनके कर्तव्य का समुचित रूप से पालन करने का निर्देश दिया। जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं बंदीयों को उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया और कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं की जानी चाहिए। निरीक्षण में उनके साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब चास ने स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब चास की ओर से आठवें स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन राम मंदिर परिसर में किया गया। संस्था की अध्यक्ष पूजा बैद ने इस अवसर पर कहा कि स्वास्थ्य बेहतर नहीं है तो हम अपने कार्यों को भी बेहतर ढंग से नहीं कर पाएंगे। पूजा ने कहा कि लोगों को चाहिए कि वे अपने स्वास्थ्य को बनाए रखें। डॉ सुमन ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए कहा कि समय रहते लोगों को बीमारी का पता चलने पर तुरंत प्रभाव से उसका उपचार संभव हो सकता है। मौके पर उपस्थित डॉ पुष्पा ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह दी। सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी क्लब चास द्वारा नगर वासियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया था। जिसमें 48 लोगों ने लाभ लिया। डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी क्लब आगे भी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार अमरदीप नरेंद्र सिंह विपिन अग्रवाल संजय रस्तोगी संजय बैद विनोद चोपड़ा माधुरी सिंह का योगदान रहा।

# कैंसर के चपेट में युवा

एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की ओर से संचालित हेल्पलाइन नंबर पर फोन कॉल करके दूसरी राय के तहत चिकित्सक से परामर्श लेने वाले कैंसर रोगियों में से 20 प्रतिशत की उम्र 40 वर्ष से कम थी जो इस बात का संकेत है कि युवाओं के कैंसर की चपेट में आने के मामले बढ़े हैं। संगठन से प्राप्त डेटा से तो यही पता चलता है। कैंसर रोग विशेषज्ञों की ओर से शुरू किये गये कैंसर मुक्त भारत फाउंडेशन के मुताबिक एक मार्च और 15 मई के बीच 1368 लोगों ने कॉल किया। अध्ययन से पता चला कि 40 वर्ष से कम उम्र के 60 प्रतिशत कैंसर रोगी पुरुष थे। यह भी पाया गया कि सबसे अधिक प्रचलित मामले सिर और गर्दन के कैंसर (26 प्रतिशत) के थे, इसके बाद ह्यगैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसरह्ल (16 प्रतिशत), स्तन कैंसर (15 प्रतिशत) और रक्त कैंसर (नौ प्रतिशत) के मामले पाए गए। सिर और गर्दन के कैंसर के मामले सबसे अधिक हैं, जिसे जीवनशैली में सुधार, टीकाकरण और जांच से लगभग पूरी तरह से रोका जा सकता है। स्तन और मलाशय के कैंसर का प्रारंभिक चरण में पता लगाने के लिए प्रभावी जांच विधि मौजूद है। दुर्भाग्य से समुचित जांच को कम अपनाने के कारण लगभग दो तिहाई कैंसर का देर से पता चलता है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि भारत में पता लगाए गए कैंसर के मामलों में से 27 प्रतिशत मामले चरण एक और दो के होते हैं, जबकि 63 प्रतिशत कैंसर के मामले तीसरे या चौथे चरण के होते हैं। दूसरी राय के तहत परामर्श लेने वाले कैंसर रोगियों का सबसे आम सवाल यह था कि उनके कैंसर का इलाज सही और अद्यतन है या नहीं।कुछ मरीजों ने अपने कैंसर से संबंधित इलाज के लिए नवीनतम उपचार या दवा की उपलब्धता के बारे मे भी जानना चाहा क्योंकि कैंसर के इलाज में लगभग हर हफ्ते नई दवाओं को मंजूरी दी जाती है।

# भागते विदेशी निवेशक

लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और चीन के बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। इससे पहले मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि को लेकर चिंता के बीच एफपीआई ने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। वहीं एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। आगे चलकर जैसे-जैसे चुनाव के मोर्चे पर चीजें स्पष्ट होंगी, एफपीआई की भारतीय बाजार में लिवाली बढ़ेगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार का कहना है कि एफपीआई की लिवाली का सिलसिला चुनावी नतीजों से पहले भी शुरू हो सकता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (24 मई तक) शेयरों से शुद्ध रूप से 22,047 करोड़ रुपये निकाले हैं। एफपीआई की भारी बिकवाली की वजह चीन के शेयर बाजार का बेहतर प्रदर्शन है। इसके अलावा भारत में आम चुनाव की वजह से भी एफपीआई बिकवाली कर रहे है।।आम चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी निवेशक इस समय भारतीय शेयर बाजारों में उतरने से कतरा रहे हैं। वे इसके लिए चुनावी नतीजों का इंतजार कर रहे हैं।समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार में 2,009 करोड़ रुपये का निवेश किया है।इससे पहले एफपीआई ने मार्च में बॉन्ड बाजार 13,602 करोड़ रुपये, फरवरी में 22,419 करोड़ रुपये और जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

# झारखंड की नदियां और जल का संरक्षण

**हिमालय** तीन प्रमुख भारतीय नदियों का स्त्रोत है- सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र। भारतीय संस्कृति की साक्षी गंगा अपने मूल्यवान पारिस्थितिकी, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्त्व के साथ भारत की सबसे पवित्र नदियों में से एक है। लगभग ढाई हजार किलोमीटर की यात्रा करने वाली यह भारत की सबसे लंबी नदी है। गंगा नदी घाटी क्षेत्र देश की छब्बीस फीसद भूमि का हिस्सा है और भारत की तियालीस फीसद आबादी इससे पोषित होती है। भारत के कुल अनुमानित भूजल संसाधनों का लगभग चालीस फीसद गंगा बेसिन से आता है। शहरी, आर्थिक और औद्योगिक क्षेत्रों से मीठे पानी की लगातार बढ़ती मांग और संरचनात्मक नियंत्रण के कारण गंगा का पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो गया है।

पारंपरिक नदी प्रबंधन में संरचनात्मक नियंत्रण का प्रभुत्व था, जिसके परिणामस्वरूप नदी कार्यों का स्तर कम होता गया। गंगा पुनर्जीवन और संरक्षण के चार संरचनात्मक स्तंभ हैं- अविरल धारा (निरंतर प्रवाह), निर्मल धारा (स्वच्छ जल), भूगर्भिक इकाई (भूवैज्ञानिक विशेषताओं का संरक्षण) और पारिस्थितिक इकाई (जलीय जैव विविधता का संरक्षण)। हमें यह जानना चाहिए कि चार पुनर्स्थापना स्तंभों को एकीकृत किए बिना हम गंगा की सफाई के सपने को साकार नहीं कर सकते।

भारत में पानी राज्य का विषय है और जल प्रबंधन वास्तव में ज्ञान आधारित सोच और समझ पर नहीं टिका है। गंगा के प्रबंधन में ह्यबेसिन-व्यापक एकीकरणह्ल का अभाव है, साथ ही विभिन्न तटवर्ती राज्यों के बीच भी तालमेल की भारी कमी है। इसके अलावा, जल जीवन मिशन के तहत 2024 तक सभी निर्दिष्ट स्मार्ट शहरों में जलापूर्ति और अपशिष्ट जल उपचार के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित करने की एक बड़ी चुनौती है। सीमित जल संसाधनों को देखते हुए यह कार्य बहुत बड़ा है। लगभग तीन दशकों तक गंगा को साफ करने के लिए अलग-अलग रणनीतियां अपनाई गईं।

इनमें गंगा एक्शन प्लान (जीएपी, चरण एक और दो ) और राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण की स्थापना जैसे प्रयास थे, लेकिन लंबे समय तक इनके ठोस नतीजे नहीं मिले। दिसंबर 2019 में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में अपनी पहली बैठक में गंगा परिषद ने पांच





- मृत्युंजय प्रसाद

बाढ़ और सूखे दोनों के स्थायी समाधान के रूप में स्थानीय भंडारण के रूप में तालाबों और झीलों को विकसित और पुनर्स्थापित करने की जरूरत है। मानसून की वर्षा के दौरान प्राप्त पानी का केवल दस फीसद ही पुनर्भरण में जाता है। तालाबों और झीलों का संरक्षण नदी संरक्षण रणनीति का एक अभिन्न अंग होना चाहिए। नदियों में मिलने वाले सभी प्राकृतिक नालों को स्वस्थ जल निकायों में फिर से जीवंत करना होगा।

राज्यों में गंगा बेसिन के दोनों ओर पांच किलोमीटर क्षेत्र में जैविक समूहों को बढ़ावा देकर गंगा के मैदानों में स्थायी कृषि को बढ़ावा देने की योजना पर काम किया। सरकार को अंततः बेसिन में अधिक क्षेत्र को शामिल करने के लिए इसे फैलाने की योजना बनानी चाहिए। नदी किनारे की कृषि संपूर्ण जैविक होनी चाहिए।

शहरीकरण के विस्तार और जनसंख्या के कारण नदियाँ प्रदूषित हुई हैं। इसका असर यहाँ की स्वर्णरेखा नदी पर भी पड़ा है। यह छोटानागपुर के पठारी भूभाग नगड़ी से निकलती है। राँची ज़िले से प्रवाहित होती हुई स्वर्ण रेखा नदी सिंहभूम ज़िले में प्रवेश करती है तथा उड़ीसा राज्य में चली जाती है।

स्वर्ण रेखा के सुनहरी रेत में सोने की मात्रा पाई जाती है। किन्तु इसकी मात्रा अधिक न होने के कारण व्यवसायी उपयोग नहीं किया जाता है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण परिषद की रिर्पोट से स्वर्णरखा के प्रदूषण के स्तर का खुलासा हुआ है। आलम यह है कि ड्रेनेज तथा सिवेज का निकास इस नदी में हो रहा है। इसके प्रदूषण के सन्दर्भ में झारखण्ड उच्च न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेना पड़ा।

उच्च न्यायालय ने राज्य को सरकार को निर्देश दिया है। इसके लिये राज्य सरकार ने 1319 करोड़ रुपये की लागत से योजना का प्रारूप तैयार किया है। राज्य में गंगा साहेबगंज जिले से प्रभाहित होती है। बिहार के तर्ज पर पीने का जल हम वहां से उन जिलों को उपलब्ध करा सकते हैं जहां कठिनाई है। राज्य सरकार ने पहले भी इस योजना को स्वीकृत करने के लिये मंत्रालय से अनुरोध किया था, लेकिन मंत्रालय की ओर से कार्रवाई की सूचना अप्राप्त है। केन्द्र सरकार से अनुरोध किया है कि वह सम्पूर्ण सीवेज सिस्टम को विकसित कर बहुप्रतिक्षित माँग को पूरा करें। उन्होंने योजना की राशि केन्द्र के स्तर से या अन्तरराष्ट्रीय वित्त पोषण के माध्यम से उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया है। झारखण्ड की दूसरी महत्त्वपूर्ण नदी है दामोदर। दामोदर नदी का पानी पीने लायक नहीं रह गया है। पीने की बात तो दूर पानी इतना काला और प्रदूषित है कि लोग नहाने से भी कतराते हैं। इस प्रदूषण के जिम्मेदार हैं यहाँ के कल-कारखाने और खदान।

हजारीबाग, बोकारो एवं धनबाद जिलों में इस नदी के दोनों किनारों पर बड़े कोलवाशरी हैं, जो प्रत्येक दिन हजारों घनलीटर कोयले का धोवन नदी में प्रवाहित करते हैं। इन कोलवाशरियों में गिद्दी, टंडवा, स्वांग, कथारा, दुगदा, बरोरा, मुनिडीह, लोदना, जामाडोबा, पाथरडीह, सुदामडीह एवं चासनाला शामिल हैं। इन जिलों में कोयला पकाने वाले बड़े-बड़े कोलभट्ठी हैं जो नदी को निरन्तर प्रदूषित करते रहते हैं।

चन्द्रपुरा ताप बिजलीघर में प्रतिदिन 12 हजार मिट्रिक टन कोयले की खपत होती है और उससे प्रतिदिन निकलने वाले राख को दामोदर में प्रवाहित किया जाता है। इसके अतिरिक्त बोकारो स्टील प्लांट का कचरा भी इसी नदी में गिरता है।नजीजतन दामोदर नदी के जलनमूने में ठोस पदार्थों का मान औसत से अधिक है। नदी निरन्तर छिछली होती जा रही है और इसके तल एवं किनारे का हिस्सा काला पड़ता जा रहा है।दामोदर नदी के जल में भारी धातु- लौह, मैगजीन, तांबा, लेड, निकेल आदि पाये जाते हैं। प्रदूषण का आलम यह है कि नदी के जल में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा औसत से काफी कम है। इसके सवाल पर निरन्तर आन्दोलन होता आया है। 3 फरवरी 2015 को हुई बैठक में यह किया गया था कि दामोदर नदी जो गंगा की सहायक नदी है, उसे नमामि गंगे परियोजना में शामिल किया जाएगा। नदियों में मिलने वाले सभी प्राकृतिक नाले आज सीवेज चैनल में बदल गए हैं। ऐसे नालों को फिर से स्वस्थ जल निकायों में बदलना होगा।झारखंड की नदियों का संरक्षण और उनका सदउपयोग के साथ गंगा के जल से राज्य को होने वाले लाभ का अधिकाधिक उपयोग भी आवश्यक है। आखिर जल ही जीवन है और हरियाली भी।

खास बात

## ओरछा का किला

**सुधांशु कुमार**

**मध्यप्रदेश** के ओरछा में ताजमहल से भी पहले बनी एक भव्य इमारत है, जिसे जहांगीर महल के नाम से जाना जाता है। लेकिन इस महल का निर्माण जहांगीर ने नहीं, अपने समय के सबसे यशस्वी बुंदेला राजा ने कराया था। दुनिया में जिस तरह ताजमहल मोहब्बत की निशानी है, उसी तरह से जहांगीर महल एक मुगल शहजादे और बुंदेला राजकुमार की दोस्ती की मिसाल है। मुगल शहजादे सलीम यानी जहांगीर और बुंदेला राजकुमार वीर सिंह देव।

अद्भुत शिल्पकला और नायाब नक्काशी से सजे जहांगीर महल को ओरछा की सभी ऐतिहासिक इमारतों में सबसे सुंदर माना जाता है। ऐतिहासिक दस्तावेज बताते हैं कि सन 1592 में ओरछा के राजा मधुकर शाह की मृत्यु के बाद उनके बड़े बेटे राम चंद को ओरछा का राजसिंहासन मिला। उस समय मधुकर शाह के छोटे बेटे वीर सिंह देव की ख्याति अपने शौर्य और वीरता के लिए चारों तरफ थी। असाधारण योद्धा थे वीरसिंह। राजा मधुकर शाह की मृत्यु के बाद वीर सिंह को दतिया में बरौनी की जागीर दी गई, जो उन्हें अपनी योग्यता के मुताबिक नहीं लगी। इसीलिए वीर सिंह ने भाई रामचंद के खिलाफ बगावत कर दी।

यह वही समय था जब मुगलिया सल्तनत में शहंशाह अकबर और उनके बेटे जहांगीर के बीच दूरियां बढ़ रही थीं। जहांगीर ने बाद में अपने संस्मरण में इसकी वजह अकबर के बेहद करीबी और नवरत्नों में एक अबुल फजल को बताया। अबुल फजल जाने-माने विद्वान और अकबर के खास सलाहकार थे। जहांगीर और अकबर के बीच एक समय दूरी इतनी बढ़ गई कि जहांगीर ने बगावत कर दी और इलाहाबाद में अपना अलग दरबार बना लिया। इसी बीच सन 1599 में जहांगीर की मुलाकात वीर सिंह बुंदेला से हुई। इससे पहले राम चंद सन 1592 से 1599 के बीच कई बार मुगल सेना की मदद लेकर वीर सिंह पर हमला कर चुके थे लेकिन वीर सिंह को पकड़ने में वह कभी कामयाब नहीं हो पाए।अबुल फजल को जहांगीर अपना सबसे बड़ा दुश्मन मानते थे। अबुल फजल की वजह से उनके आगरा लौटने के सारे रास्ते बंद होते जा रहे थे।

# पंचवटी में राम

धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**खर** दूषण के साथ उसकी बहन सूर्पनखा गुप्तचरी करती है और हर आने-जाने वाले को टोह लगाती रहती है। मुनि अगस्त्य ने कहा कि आपलोग वहां जाकर अवश्य अपना शिविर बनाएं। ज्योंही वह जानेगी कि कोई अजनबी आए हैं वह तुरंत आ जाएगी और जब वह पास में आ जाए तो देर मत करिए उसका नाक-कान काट दीजिएगा। परिणाम यह होगा कि वह दौड़ कर जाएगी और अपने भाई खर-दूषण को सूचित करेगी। खर-दूषण उसके बाद पूरी क्रोध में सेना लेकर आपलोगों को मारने दौड़ेगा। मैं आपको बता देता हूं कि आप गंधर्व विद्या के जानकार हैं तो आप उस गंधर्व विद्या का प्रयोग करेंगे और उसके द्वारा उसकी दस हजार सेना मारी जाएगी। बच जाएगा खर और दूषण जिसका वध आप वाणों से कर सकते हैं। श्रीराम अगस्त्य मुनि की बात सुन कर पंचवटी की ओर प्रस्थान किये। एक दिन उन्होंने सोचा कि जो कुछ मुनि ने कहा है उससे ये बताया है कि शूर्पणखा जाकर लंका में रावण को बताएगी और वह रावण सीता को हरण करेगा। अतः यह बात हमें सीता को बता देना चाहिए। एक दिन लक्ष्मण जी कंद मूल और फल लेने के लिये जंगल में गये थे तब राम जी ने सीता को बुलाया और सारी कहानी कह दी। वे बोले सीता रावण बध के लिये तुम्हारा अपहरण होगा और तुम्हें लंका जाना पड़ेगा। सीता नेकहा प्रभु यह हाड़ मांस का देह किसी न किसी दिन मिट्टी में मिलेगा। अगर आपके किसी काम आ जाए तो मेरा जीवन धन्य है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**


**बड़ा** खूबसूरत रिश्ता है
हमारे और उपर वाले के बीच,
ज्यादा मैं मांगता नहीं
कम वो देता नहीं।
**-अनुपम खेर, अभिनेता**

आपके ट्वीट

नरेंद्र मोदी, अडानी और मीडिया की पार्टनरशिप में चल रही ह्यप्राइस फिक्सिंग से हिमाचल के सेब किसानों को लूटा जा रहा है। कांग्रेस सरकार एमएसपी की कानूनी गारंटी देकर इस लूट को हमेशा के लिए खत्म कर देगी।

**-राहुल गांधी**





सत्संग की महिमा अद्भुत अकथनीय है। विवेक जागरण,दिव्यता के प्रस्फुटन व भगवत्प्राप्ति आदि श्रेष्ठ पुरुषार्थों के मूल में सत्संग ही है ।अतः जीवन सिद्धि के लिए सत्संग अबाध रहे

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी जूना अखाड़ा**

# पहली बार एथनाल का उपयोग रिकार्ड स्तर पर पहुंचा

**नागेन्द्र सिंह**

आर्थिक

**भारत** में पहली बार पेट्रोल में एथनाल मिश्रण 7,2 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गया है। आपूर्ति वर्ष 2020-21 (दिसंबर से नवंबर) के पहले 4 महीनों के दौरान यह किया जा सका है। इससे देश 2022 तक 10 प्रतिशत एथनाल मिश्रण के लक्ष्य की ओर बढ़ा है।

उद्योग जगत के सूत्रों का कहना है कि अगर तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) अगले कुछ महीने के दौरान पूरी मात्रा में एथनाल ले लेती हैं तो मिश्रण का अखिल भारतीय स्तर नवंबर 2021 में सीजन के अंत तक 8 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। अब तक पेट्रोल में एथनाल मिलाने का अखिल भारतीय स्तर पर सबसे बेहतर अनुपात करीब 5.2 प्रतिशत रहा है।

दरअसल महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, गोवा, दमन और दीव में करीब 9.5 से 10 प्रतिशत एथनाल मिलाया गया है। इसका मतलब यह है कि ये राज्य 2022 के मिश्रण के 10 प्रतिशत लक्ष्य के करीब हैं। हालांकि यह आसान नहीं रहा है।

चीनी उद्योग का कनहा है कि 2020-21 सत्र के पहले चार महीने में मिश्रण और ज्यादा हो सकता था, लेकिन तेल विपणन कंपनियों की ओर से प्रत्येक डिपो में एथनाल भंडारण क्षमता के अनुमान में कुछ रणनीतिक त्रुटियां हुईं। इसकी वजह से मिलों को डिपो में एथनाल की आपूर्ति करनी पड़ी, जो उनकी उत्पादन इकाइयों से दूर थे। उद्योग जगत के सूत्रों के आंकड़ों के मुताबिक 29 मार्च तक ओएमसी ने 2020-21 के लिए 4.57 अरब लीटर एथनाल की जरूरत बताई ती, जिसमें से 3.25 अरब लीटर के लिए कंपनियों की बोली को अंतिम रूप दिया गया। वहीं करीब 2.98 अरब लीटर एथनाल के लिए पहले ही अनुबंध हो चुका है, जिसमें से 1 अरब लीटर की आपूर्ति हो गई, जबकि शेष की डिलिवरी होनी है।

इसमें से करीब 77 प्रतिशत या 0.77 अरब लीटर एथनाल बी-हैवी मोलैसिस और गन्ने के रस से बनाया गया है, जिसकी वजह से 8 लाख टन अधिशेष चीनी में कमी आएगी। कुल मिलाकर उद्योग जगत का मानना है कि 2020-21 में करीब 20 लाख टन टीनी का उत्पादन कम होगा क्योंकि गन्ने का इस्तेमाल एथनाल के लिए हो रहा है।

चीनी कंपनियों का आरोप है कि ओएमसी ढुलाई की लागत वास्तविक दरों की तुलना में बहुत कम वापस कर रही हैं, क्योंकि आधार दर अक्टूबर 2020 में तय की गई थी (ईंधन के दाम बढ ? के पहले)। इसकी वजह से चीनी कंपनियों के ऊपर 3 से 5 रुपये प्रति लीटर अतिरिक्त बोझ अपनी जेब से भरना पड़ रहा है।

डीजल की दर अक्टूबर 2020 के बाद 25 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (आईएसएमए) सहित चीनी कंपनियों ने सुझाव दिया है कि अगर ओएमसी को लगता है कि ढुलाई की लागत में बदलाव नहीं हो सकता है तो ओएमसी को खुद ट्रांसपोर्ट कांट्रैक्ट करना चाहिए (जैसा कि पेट्रोल आपूर्ति के मामले में वे करती हैं) और उनका नाम चीनी कंपनियों को दिया जाना चाहिए।अधिकारी ने कहा, 'इस तरह से चीनी कंपनियों को ढुलाई का शुल्क वापस नहीं लेना होगा, जबकि डीजल की आपूर्ति भी बहाल हो सकेगी।'

इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन के महानिदेशक अविनाश वर्मा ने कहा, 'हम आसानी से ज्यादा एथनाल की आपूर्ति कर सकते थे, अगर ओएमसी द्वारा कुछ डिपो के अनुमान लगाने में त्रुटि नहीं होती।'

कॉर्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडीटर

## रोकें भ्रमजाल

**लुभावने** वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं जिन्हें अपने चुनाव घोषणा-पत्र में शामिल कर राजनीतिक पार्टियां सालों से अपनी रोटियां सेंकती आ रही हैं।

**- निशीकांत, रांची**

## अन्न का संरक्षण

**समर्थन** मूल्य पर गेहूं जैसी उपज की सरकारी खरीद जारी है। कई केंद्रों पर उपज को सुरक्षित रखने के माकूल इंतजाम नहीं हैं। पिछले वर्ष भी जब सरकारी खरीदी की गई और बेतरतीब मौसम की बेरुखी के बेशकीमती गेहूं पानी में भीगने से सड़-गल गया था। ऐसे में सरकार पिछले साल के कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए अभी से उचित उपाय करने चाहिए।

**-हेमा हरि, मेदिनीनगर**

# अर्थव्यवस्था को संकट से उबारने का एक बेहतरीन अवसर

**टीसीए श्रीनिवास-राघवन**

आर्थिक

जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2014 में साधारण बहुमत के साथ सत्ता में आई उस वक्त विरासत में उसे ऐसी अर्थव्यवस्था मिली जिसकी हालत खस्ता हो रही थी। महंगाई दर 15 प्रतिशत के आसपास थी और विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से कम हो रहा था। बैंक संकट में थे और समग्र आर्थिक विकास में गिरावट के रुझान दिखने लगे थे। भारत का नाम 'फ्रेजाइल फाइव' क्लब में शामिल हो गया था जो उन देशों का एक समूह था जिनकी अर्थव्यवस्था की स्थिति बेहद नाजुक हो रही थी।

अब 2024 में अच्छी बात यह है कि हालात बिल्कुल उलट है। मुद्रास्फीति 6 प्रतिशत से नीचे है। विदेशी मुद्रा भंडार की मात्रा बहुतायत में है। बैंकों को सुरक्षित कर लिया गया है और नोटबंदी के फैसले तथा कोविड-19 के दोहरे झटके के बाद वृद्धि को लेकर उम्मीदें जग रही हैं।

चाहे आप इसे पसंद करें या नहीं लेकिन इसका श्रेय 2014 के आखिर में पांच स्पष्ट निर्देश देने के लिए प्रधानमंत्री को दिया जाना चाहिए जिन निर्देशों के मुताबिक मुद्रास्फीति को कम रखना, राजकोषीय घाटे के स्तर को कम करना, विदेशी मुद्रा भंडार तैयार करना, कर प्रणाली में सुधार और बैंकों को संरक्षित किया जाना था। उन्होंने भले ही इन उपायों के अर्थशास्त्र को नहीं समझा होगा, लेकिन उन्हें इन कदमों के राजनीतिक निहितार्थों की पूरी जानकारी थी। कृषि कानूनों को वापस लेने के उनके फैसले से यह साबित होता है कि वह सिर्फ एक ही आयाम में सब कुछ देखते हैं और वह है राजनीति। बेशक इससे कभी-कभी मदद मिलती है लेकिन हमेशा नहीं। 2014 के मूल निर्देशों को लगभग पूरी तरह से लागू किया गया है भले ही वह दोषपूर्ण ही क्यों न हो। अब इसका असर दिखने का दौर है, बशर्ते राजनीति फिर से हावी न हो जाए।अगर कांग्रेस द्वारा भूमि और श्रम से जुड़े जरूरी सुधारों को अवरुद्ध नहीं किया गया होता तो इसमें कम ही समय लगता। लेकिन शंका में रहने और सुधारों को स्थगित करने के लिए प्रधानमंत्री भी समान रूप से उतने ही दोषी हैं क्योंकि वह अधिक जोखिम उठा सकते थे। उन्होंने कृषि कानूनों को निरस्त करने के साथ फिर से ऐसा ही कदम उठाया है। सुधार के फैसले बदलने का रुख अब इससे अधिक नहीं होना चाहिए क्योंकि अगर आप इस पर विचार करने के लिए ठहरते हैं तो अर्थव्यवस्था फिर से उसी स्तर पर वापस आ सकती है जहां यह 2003 में थी। भारत उस वक्त एक विमान की तरह था जो रनवे के आखिर में उड़ान भरने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए इंतजार कर रहा था। इसके बाद अर्थव्यवस्था ने उड़ान भी तब तक भरी जब तक वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी के आने के बाद 2010-2013 के बीच इसकी स्थिति खराब नहीं हुई। उन दिनों जो कुछ भी गलत हो सकता था, वह सब गलत ही हुआ।

भाजपा के पास अब वही मौका है जैसा मौका इसके पास 2003 में था लेकिन 2004 में इसे कांग्रेस के हाथों वह मौका गंवाना पड़ा था। इसके लिए सोनिया गांधी की अच्छी किस्मत का हवाला भी दिया जा सकता है जिसके चलते छह महीने पहले जल्दी चुनाव कराने का फैसला लेने वाली भाजपा को पांच साल का कार्यकाल पूरा करने का इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

राजनीति में यह बहुत लंबा समय होता है। इसलिए सबसे अहम सवाल यह है कि क्या भाजपा फिर से अपने मौके को गंवा देगी? यह स्पष्ट है कि सरकार के लिए सबसे बड़ा खतरा खुद से ही है जहां यह राजनीतिक अहंकार, बंगाल चुनाव की गलतियों को दोहराने जैसा भारी पड़ सकता है। पार्टी को महसूस करना चाहिए कि अगर वह 2024 में केंद्र की सत्ता बनाए रखना चाहती है तो उसे आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार कम नहीं करनी चाहिए जो सभी रणनीतिक लाभों को भुनाने से मिल रहा है।

इसे सुनिश्चित करने के तरीके हैं । 2011 से 2013 के बीच संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार ने जो किया ये तरीके उसके ठीक उलट हैं। यह कोई रॉकेट विज्ञान की बात नहीं है। पहला, मुद्रास्फीति को कम रखें, खासतौर पर खाद्य और पेट्रोल-डीजल से जुड़ी महंगाई दर। दूसरा तरीका यह है कि विस्तारित खर्च करने के बजाय राजकोषीय घाटे को कम रखें। तीसरा तरीका यह है कि रुपये का अवमूल्यन करके भी अधिक निर्यात करें।

# किसकी बनेगी सरकार, किसको खारिज करेगी जनता?

आर.के. सिन्हा




**लोकसभा** चुनाव के लिए मतदान का छठा चरण 25 मई को संपन्न होने के साथ ही देश के राजनीतिक विश्लेषक, आमजन, चौक-चौराहों के चौपाल विशेषज्ञ, छोटे-बड़े ज्योतिषी वगैरह, सभी अपने-अपने तरीके से चुनाव नतीजों को लेकर अपना निष्कर्ष देने लगे हैं। अब तो सिर्फ एक चरण का मतदान ही शेष है। आगामी 1 जून को अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के बाद देश को 4 जून की दोपहर तक ही पता चल जाएगा कि भारत का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, कौन सी राजनीतिक पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी और एनडीए को या इंडी गठबंधन को कितनी सीटें मिल रही हैं।

हालांकि अभी तक अधिकतर जानकारों का यह दावा है कि देश में फिर से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। प्रख्यात पॉलिटिकल कमेंटेटर और डेटा साइंटिस्ट सुरजीत भल्ला कह रहे हैं कि भारत के लोगों ने बीते दस सालों के दौरान जो तरक्की देश में देखी है इतनी तरक्की सत्तर साल में नहीं देखी। भाजपा को इस चुनाव में कुल 42 से 45 प्रतिशत तक वोट मिल सकते हैं। ज्यादा भी मिल जाएं तो कोई आश्चर्य नहीं ? जाहिर है, अगर भाजपा और उसके मित्र दलों को इतने फीसद वोट मिले तो सरकार तो उनकी ही बनेगी। अब बात कर लें अपने को महान राजनीतिक चिंतक बताने वाले योगेन्द्र यादव की। वे राहुल गांधी की एक पदयात्रा में भी शामिल हुए थे। डॉ. लोहिया के विचारों को मानने वाले योगेन्द्र यादव के मुताबिक, इन चुनाव में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। मतलब भाजपा / एनडीए को 275 से 305 के बीच सीटें मिलने जा रही हैं। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए और जारी लोकसभा चुनाव में भाजपा / एनडीए की 303/323 सीटें हैं। यह तो राहुल समर्थक योगेन्द्र जी की भविष्यवाणी है ।हालांकि, मेरा मत है कि एनडीए गठबंधन को योगेन्द्र यादव के दावे से कहीं अधिक सीटें मिल रही हैं। मैं भी 1967 से लेकर अबतक के सभी चुनावों को करीब से देखता रहा हूं और अपने अनुभव के आधार पर यह कह रहा हूं कि इसबार भाजपा और सहयोगी दलों का प्रदर्शन अबतक के सारे रिकॉर्ड तोड़ने वाला होगा । मैंने लोकसभा चुनाव की कैंपेन के दौरान सारे देश भर की खाक छानी है। आम जनता से बातें की और उनका मन टटोला। उसके बाद मैं या मानता हूं कि एनडीए को हर हालात में 350 से अधिक ही सीटें मिलेंगी।

इस बीच, मुंबई के जाने-माने ज्योतिषी, स्तंभकार और लेखक पंडित जे.पी.त्रिखा पिछले कम से कम दो लोकसभा चुनाव की सटीक भविष्यवाणी कर चुके हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में एनडीए की सफलता की भविष्यवाणी कर दी थी। उन्होंने ज्योतिष विद्या के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनाव के परिणामों पर भी गहन शोध के बाद अपनी भविष्यवाणी कर दी है। पंडित त्रिखा कहते हैं, ₹मेरा ज्योतिष अध्ययन स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी बनने जा रही जा रही है। इस मामले पर कोई बहस नहीं होनी चाहिए। इसलिए, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू श्री मोदी को 4 जून के बाद सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगी।

पंडित त्रिखा के अनुसार, ₹श्री नरेन्द्र मोदी की चंद्र राशि वृश्चिक है। उनका जन्म 17 सितंबर, 1950 को हुआ था। वे मंगल ग्रह से शासित हैं। वृश्चिक राशि वाले बहुत बुद्धिमान और चतुर होते हैं और उनमें नेतृत्व करने के गुण होते हैं। वे जन्मजात नेता होते हैं। मोदी जी ने इसे बार-बार साबित किया है।

दिलचस्प बात यह है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी वृश्चिक राशि के हैं। वृश्चिक राशि के नेताओं को अक्सर उनके दृढ़ संकल्प के लिए जाना जाता है। वे अपने मुखर और रणनीतिक नेतृत्व शैली के लिए भी जाने जाते हैं। वृश्चिक राशि वाले जुनूनी, दृढ़संकल्प से भरे और संकट में भी जुझारू रूप से मैदान में डटे रहते हैं। वृश्चिक राशि वाले संकटों को संभालने और चुनौतियों को पार करने में अच्छे होते हैं।

इस बीच, चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर कांग्रेस को लेकर दावा कर रहे हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस तीन अंकों के आंकड़े तक नहीं पहुंचेगी। इसके साथ ही, वे इस बात पर भी जोर दे रहे हैं कि भाजपा इस बार 2019 के आम चुनावों में प्राप्त अपनी सीटें दोहराने जा रही है या उससे भी आगे निकल सकती है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें भाजपा की तरफ से कितनी सीटें जीतने की उम्मीद है, तो प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरे पास जो भी अवलोकन और अनुभव है, उसके आधार मुझे नहीं लगता कि भाजपा की संख्या 2019 में जहां थी, वहां से कम हो जाएगी। वे दावा कर रहे हैं कि 2019 में भाजपा के पास जो संख्या थी, कमोबेश वही संख्या मुझे दोहराती हुई दिख रही है या शायद यह और भी बेहतर हो जाएगी। हालांकि उनके दावों पर बहुत बवाल भी मचा हुआ है। उनकी राय से इत्तेफाक न रखने वाले उन पर तमाम तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। पर, सुरजीत भल्ला या योगेन्द्र यादव के दावों पर कोई कुछ नहीं कर रहा। यानी कमोबेश देश को पता चल चुका है कि देश में अगली सरकार किसकी बनेगी।

वैसे , मैं भी ज्योतिषियों पर विश्वास करता हूं। पर मेरा विश्वास प्रोफेशनल ज्योतिषियों पर थोड़ा कम और शौकिया ज्योतिषियों पर कुछ ज्यादा है , क्योंकि; ज्योतिष उनकी रोजी- रोटी का साधन नहीं, उनकी व्यक्तिगत साधना है जो निश्वार्थ है । ऐसी ही एक ज्योतिषी महिला का कल रात फोन आया और उन्होंने कहा, "अंकल जी , इस बार मोदी जी 400 से ज्यादा सीटें ला रहे हैं।" मैंने पूछा कि तुम्हारी इस भविष्यवाणी का आधार क्या है ? उन्होंने बताया कि मैंने 1984 में राजीव गांधी की जो ग्रहदशा चल रही थी उसका गंभीरता से सूक्ष्म विश्लेषण किया है। मोदी जी की वैसी ही ग्रहदशा चल रही है और मोदी जी की ग्रहदशा 1984 के राजीव गांधी की ग्रहदशा से कहीं ज्यादा मजबूत है ।

इस बीच, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया था , जब उन्होंने दावा किया था कि मोदी जी 75 वर्ष की आयु तक पहुंचने पर प्रधानमंत्री पद छोड़ देंगे। मतलब उन्होंने पूरी तरह यह मान लिया था , उनका गठबंधन हार रहा है। गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने साफ कर दिया है कि मोदी जी 2029 के बाद भी प्रधानमंत्री बने रहेंगे। पंडित त्रिखा भी कुछ इसी तरह का दावा करते हैं कि मोदी जी 2029 तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे।

बहरहाल, अभी लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण होना शेष है। इतनी भयंकर गर्मी में मतदान करने के लिए घर से निकलना और मतदान केन्द्रों पर खड़ा होना सच में हिम्मत की बात है। चुनाव आयोग को सरकार और सियासी दलों से मिलकर यह तय करना चाहिए कि आगामी लोकसभा चुनाव मार्च के महीने तक सम्पन्न हो जाएं। आजकल देश के बड़े भाग में सूरज देवता आग उगल रहे हैं। पारा 45 डिग्री तक पहुंच रहा है। इन हालातों में मतदान के बढ़ने की उम्मीद करना बेमानी ही होगी। एक बात और! मतदान की तारीख वीकेंड पर न रखी जाए। वीकेंड पर मतदान होने से बहुत सारे लोग बच्चों को लेकर घूमने के लिए निकल जाते हैं। इसलिए मतदान सप्ताह के बीच में रखा जा सकता है। इसी प्रकार पर्व त्योहारों के दिन भी मतदान नहीं होना चाहिए। हां, बिना किसी ठोस कारण के मतदान न करने वालों पर उचित दंड या पांच वर्ष तक सरकारी सुविधाओं से वंचित करने पर भी विचार किया जा सकता है।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक,

# गहराता जल-संकट कृषि और जीवन पर खतरा नहीं बनता चुनावी मुद्दा

ललित गर्ग

भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है।

मानवीय गतिविधियों और क्रिया-कलापों के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है और इससे जलवायु में होता जा रहा परिवर्तन अब मानव जीवन के हर पहलू के साथ जलाशयों एवं नदियों के लिए खतरा बन चुका है। जलवायु परिवर्तन का खतरनाक प्रभाव गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख जलाशयों और नदी घाटियों में कुल जल भंडारण पर खतरनाक स्तर पर महसूस किया जा रहा है, जिससे लोगों को गंभीर जल परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते इसी जल संकट की गंभीरता को ही दशार्ते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल 2024 तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। जिसके मूल में अल नीनो घटनाक्रम का प्रभाव एवं वर्षा की कमी को बताया जा रहा है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज भारत गंभीर जल-संकट के साए में खड़ा है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, वर्षा की कमी, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता भारत को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है।

भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है। स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी चिंताजनक है, पश्चिम में 34 प्रतिशत और उत्तर में 32.5 प्रतिशत जलाशय क्षमता है। हालाँकि, पूर्वी और मध्य भारत की स्थिति बेहतर हैं, उनके पास अपने जलाशयों की सक्रिय क्षमता का क्रमशः 40.6 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है, पिछले वर्ष वर्षा कम थी, विशेष रूप से दक्षिण भारत में, 2023 का मानसून असमान था क्योंकि यह अल नीनो वर्ष भी था- एक जलवायु पैटर्न जो आम तौर पर इस क्षेत्र में गर्म और शुष्क परिस्थितियों का कारण बनता है। इससे काफी चिंता पैदा हुई है। वर्तमान में, सिंचाई भी प्रभावित हो रही है, और देश भर में पीने के पानी की उपलब्धता और जलविद्युत उत्पादन पर प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। भविष्य को देखते हुए, आने वाले महीनों में और अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है, जो दशार्ता है कि आने वाले दिनों में बड़ा जल संकट उभरने वाला है।

लंबे समय तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण जल भंडारण में यह कमी आई है। जिसके चलते कई क्षेत्रों में सूखे जैसे और असुरक्षित हालात पैदा हो गये हैं। जिससे विभिन्न फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि देश की आधी कृषि योग्य भूमि आज भी मानसूनी बारिश के निर्भर है। ऐसे में सामान्य मानसून की स्थिति पर कृषि का भविष्य पूरी तरह निर्भर करता है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसी आसन्न संकट से निपटने के लिये जल संरक्षण के प्रयास घरों से लेकर तमाम कृषि पद्धतियों और औद्योगिक कार्यों तक में तेज करने की जरूरत है। जल भंडारण और वितरण दक्षता में सुधार के लिये पानी के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन प्रणालियों में बड़े निवेश की तात्कालिक जरूरत भी है। इसके साथ ही जल संरक्षण की परंपरागत तकनीकों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही आम लोगों को प्रकृति के इस बहुमूल्य संसाधन के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा हेतु प्रेरित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने की जरूरत है।

पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, उन्हीं प्रयत्नों को व्यापक स्तर पर अपनाने एवं जल-संरक्षण क्रांति को घटित करने की अपेक्षा है।

सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, अब उन पर जलवायु परिवर्तन का घातक प्रभाव पड़ने लगा है। जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन हैं नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, इनकी रक्षा करो, इन्हें अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरूआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाकर या उनका जीर्णोद्धार करके बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं।

पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है। इसी कारण राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में जल संरक्षण के लिये नाड़ी, तालाब, जोहड़, बन्धा, सागर, समंद एवं सरोवर आदि बनाने की प्राचीन परम्परा रही है। जहाँ प्रकृति एवं संस्कृति परस्पर एक दूसरे से समायोजित रही हैं। राजस्थान के किले तो वैसे ही प्रसिद्ध हैं पर इनका जल प्रबन्धन विशेष रूप से देखने योग्य है और अनुकरणीय भी हैं। जल संचयन की परम्परा वहाँ के सामाजिक ढाँचे से जुड़ी हुई हैं तथा जल के प्रति धार्मिक दृष्टिकोण के कारण ही प्राकृतिक जलस्त्रोतों को पूजा जाता है। लेकिन यह कभी चुनावी मुद्दा नहीं बनता है यह देश के लिये दुर्भाग्य का विषय है।

# वादे हैं वादों का क्या? कांग्रेस का घोषणा पत्र



चुनाव में वादों के पिटारे के रूप में घोषणापत्र जारी किये जाते हैं। नेता चाहे जिस पार्टी के हों वे चुनाव से पहले बहुत सारे वादे करते हैं। 2004 में जीत का ताज पहनने के बाद 2009, 2014, 2019 में कांग्रेस का घोषणापत्र एक अलग रूप में था, जो 2024 आते-आते बिल्कुल ही बदल गया। वैसे तो कांग्रेस के घोषणा पत्र में अपनी ही पीठ थपथपाने और तारीफों के पुल बांधते की आदत पुरानी रही है। लेकिव वह कांग्रेस वादे पूरे करने का वादा कर रही है। 5 अप्रैल को 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र जारी होने के बाद से यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना और नौकरियों की गारंटी सहित वादों के अलावा, भारतीय अर्थव्यवस्था पर पार्टी का स्टैंड विमर्श का केंद्र बना है। पार्टी के 2024 के घोषणापत्र में 1991 के उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण (एलपीजी) सुधारों का उल्लेख किया है। इसके जरिए पार्टी ने लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का श्रेय दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह को सुधार लाने का श्रेय दिया जाता है, इसकी नींव 1991 में पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी द्वारा कांग्रेस चुनाव घोषणा पत्र जारी करने के साथ रखी गई थी। राजीव गांधी संभवतः 1991 में केंद्र की सत्ता में वापस आने वाले थे, लेकिन 21 मई, 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम के आतंकवादियों द्वारा किए गए आत्मघाती बम हमले में उनकी हत्या हो गई। उनकी हत्या से एक महीने पहले उन्होंने कांग्रेस का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें लाइसेंस राज के चंगुल से अर्थव्यवस्था को उदार बनाने के लिए आमूल-चूल परिवर्तन लाने का वादा किया गया था।

### भारत में लाइसेंस राज

लाइसेंस राज, जिसे परमिट राज के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के सख्त सरकारी नियंत्रण और विनियमन की एक प्रणाली जो 1950 से 1990 के दशक तक लागू थी। इस प्रणाली के तहत, भारत में व्यवसायों को संचालित करने के लिए सरकार से लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक होता था और इन लाइसेंसों को प्राप्त करना अक्सर मुश्किल होता था। लाइसेंस राज शब्द ब्रिटिश राज जैसे शब्द से उब्जा है, जो भारत में ब्रिटिश शासन की अवधि को संदर्भित करता है। इसे स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता चक्रवर्ती राजगोपालाचारी द्वारा गढ़ा गया था। लाइसेंस राज का उद्देश्य भारतीय उद्योग की रक्षा करना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय समानता सुनिश्चित करना था। हालाँकि, इसने एक ऐसी प्रणाली का नेतृत्व किया जहां निजी कंपनियों को कुछ उत्पादन करने से पहले 80 सरकारी एजेंसियों को संतुष्ट करना पड़ता था और यदि अनुमति दी जाती है, तो सरकार उत्पादन को नियंत्रित करेगी।

आर्थिक विकास को अवरुद्ध करने और भारतीय अर्थव्यवस्था को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने से रोकने के लिए इस प्रणाली की आलोचना की गई थी।

# जल-संकट चुनाव जीतने का नहीं, समाधान का माध्यम बने

ललित गर्ग

वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है।

देश के कई भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है, जैसे-जैसे गर्मी प्रचंड होती जा रही है, जल संकट की खबरें भी डराने लगी है। राजस्थान, दिल्ली, कर्नाटक आदि प्रांतों में पानी के लिये त्राहि-त्राहि मची है। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले महर-खुवा गांव में जल-संकट की तस्वीरें भयावह एवं डराने वाली है। इस गांव में लगभग 100 आदिवासी परिवार रहते हैं, जिनके पास अब इतना भी पानी नहीं बचा है कि ये दिन में दो वक्त का खाना बना सकें और अपनी प्यास बुझा सकें। ऐसे हजारों गांव हैं, जहां पानी के अभाव में जीवन संकट में हैं। भारत अपने इतिहास के सबसे गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। लोकसभा चुनाव अन्तिम चरण की ओर अग्रसर है, आज हमारे उम्मीदवार मुफ्त बिजली और पानी देने का वादा करके चुनाव तो जीत जाते हैं लेकिन भारत में जिस तरह पानी का संकट गंभीर हो रहा है, उससे उनकी कथनी और करनी की असमानता ही बार-बार उजागर होती है। जल-संकट चरम पराकाष्ठा पर है, एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब पैसा देकर भी पानी खरीदना मुश्किल हो जाएगा। जल-संकट चुनाव जीतने एवं राजनीतिक बयानबाजी का हिस्सा तो है, लेकिन समाधान का नहीं। जल संकट ने राजनीतिक रंग तो ले लिया है, विभिन्न राजनीतिक दल एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं और पिस रहा आम आदमी। पैसे वालों के लिए पानी इतनी बड़ी समस्या नहीं है लेकिन जिन लोगों के पास पैसों की किल्लत है, वे पानी की किल्लत से भी जूझ रहे हैं क्योंकि टैंकर का पानी महंगा पड़ रहा है।

वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से दो-चार है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते जल संकट की गंभीरता को ही दशार्ते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। महर-खुवा गांव की ही तरह अलवर जिले के कई गांव में लोग किसी एक मौसम में नहीं, बल्कि 12 महीनें भीषण जल संकट का सामना कर रहें है। इन गांवो में पानी का स्त्रोत है ही नहीं। इन इलाकों में पानी की इतनी कमी है कि लोग उसे अपने घरों में टैंकर में छिपाकर और ताला लगाकर सुरक्षित रखने लगे हैं।

भारत के गांवों में रहने वाले करीब 20 करोड़ परिवारों के घरों में नल नहीं है। इन परिवारों की औरतें पैदल चलकर, घंटों लाइन में लगकर पानी इकट्ठा करती हैं। इसी चुनौती से निपटने के लिए मोदी सरकार ने साल 2019 में हर घर में नल से पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन की घोषणा की। सरकार का दावा है कि अब तक 10 करोड़ घरों में नल लग गए हैं। लेकिन अभी हजारों गांवों में जल-संकट एक बड़ी समस्या बनी हुई है। एक नागरिक के रूप में हम आत्ममंथन करें कि बढ़ते जल-संकट के समाधान की दिशा में हमने क्या कदम उठाये। क्या पानी की फिजूल खर्ची को कम करने का कोई संकल्प लिया? गर्मी के आने पर हम हाय-हाय तो करने लगते हैं, लेकिन कभी हमने विचार किया कि हम इस स्थिति को दूर करने के लिये क्या योगदान देते हैं? क्या हम पौधा-रोपण की ईमानदार कोशिश करते हैं? हम जल के दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करते हैं? क्या वर्षा जल सहेजने का प्रयास करते हैं ताकि तापमान कम करने व भूगर्भीय जल के संरक्षण में मदद मिले?



सच कहें तो हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के अनुरूप जैसी जीवन शैली विकसित की थी, वह हमें कुदरत के चरम से बचाती थी। राजस्थान में जल-संकट की संभावनाओं को देखते हुए आम नागरिक खुद के स्तर पर व्यापक प्रयत्न करता है। रेगिस्तान से जुड़े अनेक गांवों एवं शहरों में बने या बनने वाले मकानों में कुआ जरूर होता है, जहां बरसात के पानी को एकत्र किया जाता है, जो संकट के समय काम आता है। इसलिये गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरूआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाने के द्वारा बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। हम महसूस करें कि बढ़ती जनसंख्या का संसाधनों में बढ़ता दबाव भी तापमान की वृद्धि एवं जल-संकट का कारण है। बड़ी विकास परियोजनाओं व खनन के लिये जिस तरह जंगलों को उजाड़ा गया, उसका खमियाजा हमें और आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा। विलासिता के साधनों, वातानुकूलन के मोह, वाटर-पार्कों एवं होटलों में पानी के अपव्यय को रोकने के लिये जन-चेतना जागृत करने की अपेक्षा है।

हमारे पुरखों ने मौसम अनुकूल खानपान, परंपरागत पेय-पदार्थों के सेवन तथा मौसम अनुकूल जीवन शैली के साथ-साथ जल-संरक्षण का ऐसा ज्ञान दिया, जो हमें मौसम के चरम में सुरक्षित रख सकता है। एक व्यक्ति के रूप में हम बहुत कुछ ऐसा कर सकते हैं जिससे जल-संकट से खुद व समाज को सुरक्षित कर सकते हैं। सरकार व समाज मिलकर जल-संकट का मुकाबला कर सकते हैं। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, वे दुनिया के लिये मार्गदर्शक हैं। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है।

स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही रेखांकित किया कि सभी राज्यों को मिलकर काम करना होगा तथा जल संरक्षण एवं उपयोग किये गये पानी को फिर से इस्तेमाल में लाने के उपाय करने होंगे। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन है नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, रक्षा करो, अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। अन्तिम समय यही तुम्हारे जीवन और जीवनी को बचायेंगे।

धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं। 2030 तक देश में पानी की मांग उपलब्ध जल वितरण की दोगुनी हो जाएगी। जिसका मतलब है कि करोड़ों लोगों के लिए पानी का गंभीर संकट पैदा हो जाएगा। स्वतंत्र संस्थाओं द्वारा जुटाए डाटा में दशार्या गया है कि करीब 70 प्रतिशत प्रदूषित पानी के साथ भारत जल गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों में 120वें पायदान पर है। नीति आयोग ने कहा है, ह्यअभी 60 करोड़ भारतीय गंभीर से गंभीरतम जल संकट का सामना कर रहे हैं और दो लाख लोग स्वच्छ पानी तक पर्याप्त पहुंच न होने के चलते हर साल अपनी जान गंवा देते हैं ह्ल इन जटिल एवं विकराल स्थितियों एवं डरावने तथ्यों के बावजूद हम पानी का इस्तेमाल करते हुए पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है।

# वंशानुगत बीमारी है थायराइड, नियमित उपचार से नियंत्रण संभव

**डॉ अभिषेक कुमार**

**जमशेदपुर।** थायरॉयड ग्रंथि एक तितली के आकार की ग्रंथि है जो गर्दन के सामने स्थित होती है, यह मानव अंतःस्त्रावी तंत्र का हिस्सा है और थायरॉक्सिन जैसे थायराइड हार्मोन उत्पन्न और रिलीज करती है। थायराइड का कार्य हमारे मेटाबॉलिज्म की गति या स्तर को नियंत्रित करना है। यह बच्चों की वृद्धि और विकास के साथ-साथ भ्रूण के विकास के लिए गर्भावस्था में भी महत्वपूर्ण है। बच्चों में थायराइड हार्मोन की कमी के कारण धीमी वृद्धि, गतिविधि में कमी और स्कूल में खराब प्रदर्शन हो सकता है। गंभीर मामलों में शारीरिक विकास में रुकावट भी देखी जा सकती है। थायराइड रोग वंशानुगत हो सकते हैं और परिवारों में पीढ़ी दर पीढ़ी देखे जाते हैं।


हाइपोथायरायडिज्म, जिसे अंडरएक्टिव थायराइड के रूप में भी जाना जाता है, रक्त परीक्षण में थायराइड हार्मोन के कम स्तर के साथ देखा जाता है। यह आमतौर पर महिलाओं में अधिक देखा जाता है और वजन बढ़ना, सुस्ती, ठंड के प्रति असहिष्णुता, सुस्त महसूस करना, मासिक धर्म की अनियमितता और कमजोरी जैसे लक्षण देखे जा सकते हैं। इसके साथ थायरॉयड ग्रंथि की सूजन भी हो सकती है, जिसे गॉइटर भी कहा जाता है। आयोडीन की कमी सबसे आम कारणों में से एक है और आयोडीन युक्त नमक का उपयोग करने से गॉइटर के इस रूप की रोकथाम में मदद मिलती है। हाइपोथायरायडिज्म का एक अन्य कारण भोजन में गोइट्रोजन की उपस्थिति हो सकता है, जो ऐसे यौगिक हैं जो थायराइड हार्मोन के उत्पन्न होने में बाधा डालते हैं। ऐसे कई गोइट्रोजन युक्त खाद्य पदार्थ हैं, जिनमें आम हैं फूलगोभी, पत्तागोभी, शलजम और टर्नीप, जिनका इन रोगियों को कम मात्रा में सेवन करना चाहिए। हाइपोथायरायडिज्म का इलाज थायरोक्सिन हार्मोन की गोलियों से होता है जिसे सुबह खाली पेट लिया जाता है। उपचार आमतौर पर जीवन भर चलता रहता है।



डॉ अभिषेक कुमार।

**डॉ अभिषेक कुमार के बारे में**

डॉ अभिषेक कुमार एक न्यूक्लियर मेडिसिन चिकित्सक हैं जो टीएमएच, जमशेदपुर में कार्यरत हैं। उनके पास न्यूक्लियर मेडिसिन में 16 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने एम्स, नई दिल्ली से एमबीबीएस और एमडी, न्यूक्लियर मेडिसिन की पढ़ाई पूरी की। टीएमएच, जमशेदपुर में योगदान करने से पहले वह मेदांता, गुरुग्राम में सीनियर कंसलटेंट के रूप में कार्यरत थे।



**कितना खतरनाक है थायराइड :** शुरुआत में हर 1 से 2 महीने में डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी जाती है और रोग की स्थिति नियंत्रित होने पर, परामर्श के अंतराल को बढ़ाया जा सकता है। एंडोक्राइंस थायराइड रोग का दूसरा रूप हाइपरथायरायडिज्म है जो मूल रूप से एक अति सक्रिय थायराइड है। इस स्थिति में थायरॉइड ग्रंथि अधिक मात्रा में थायरॉइड हार्मोन रिलीज करती है। यहां या तो थायरॉयड ग्रंथि अतिरिक्त हार्मोन उत्पन्न कर रही है या कोई संक्रामक कारण थायरॉयड ग्रंथि से संग्रहीत हार्मोन को अधिक मात्रा में रिलीज कर रहा है, जिसे थायरॉयडिटिस भी कहा जाता है। थायराइडाइटिस के साथ गले में खराश, बुखार और गर्दन में दर्द भी हो सकता है। हाइपरथायरायडिज्म का इलाज एंटी थायरॉइड दवाओं से किया जाता है। थायरॉयडिटिस के लिए रोगसूचक उपचार किया जाता है जो समय के साथ अपने आप ठीक हो जाता है। हाइपरथायरायडिज्म के सामान्य लक्षण वजन में कमी, घबराहट, गर्मी के प्रति असहिष्णुता और कंपकंपी हैं। ऐसी शिकायतें होने पर डॉक्टर के पास जाना चाहिए और थायराइड रोग की जांच करानी चाहिए। शुरूआत में डॉक्टर के पास 1 महीने में फॉलो उप के लिए जाना होता है, जिसे थायराइड हार्मोन के स्तर पर नियंत्रण फिर से शुरू होने के बाद बढ़ाया जाता है। थायरॉयड ग्रंथि के अधिक कार्य करने के लिए एक अन्य उपचार विकल्प रेडियोएक्टिव आयोडीन है, यह थायरॉयड कोशिकाओं को नष्ट कर देता है और अतिरिक्त थायराइड हार्मोन उत्पन्न होने से रोकता है। इसका उपयोग उन रोगियों में किया जाता है जो लंबे समय से एंटीथायरॉइड दवाएं ले रहे हैं या ऐसे मामलों में जहां एंटी-थायराइड दवाओं के बावजूद नियंत्रण हासिल नहीं होता है। थायराइड कैंसर, एक और चिंताजनक रोग है जो आमतौर पर गर्दन की कठोर सूजन के रूप में प्रकट होता है। यह आमतौर पर दर्दनाक नहीं होता है और समय के साथ आकार में वृद्धि दिखाता है। थायरॉयड कैंसर में निगलने में कठिनाई, घरघराहट या आवाज में बदलाव भी देखा जा सकता है। यह कैंसर के खतरे के लिए है, लोगों को गर्दन में किसी भी प्रकार की सूजन होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए और स्व-निदान से बचना चाहिए। डॉक्टर सूजन का मूल्यांकन करेंगे और कैंसर का पता लगाने के लिए आवश्यक परीक्षण करने की सलाह देंगे। थायराइड कैंसर के इलाज का तरीका सर्जरी है जिसमें पूरी थायरॉयड ग्रंथि को हटा दिया जाता है। हम, टीएमएच जमशेदपुर में अत्याधुनिक उपकरणों और तकनीकों के साथ सभी प्रकार के थायराइड रोगों के लिए सर्वोत्तम उपचार प्रदान करते हैं।

# शाबाश जमशेदपुर... आपने किया अब तक का सर्वाधिक 68% मतदान

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 में पूर्वी सिंहभूम के लोगों ने रिकार्ड मतदान किया है। अंतिम आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर सीट पर कुल 68 प्रतिशत मतदान हुआ है, जो अब तक का रिकार्ड है। जिला प्रशासन के मुताबिक आज तक के इतिहास में जमशेदपुर में सबसे ज्यादा मतदान हुआ - शहरी में भी बढ़ा ग्रामीण में भी। ईवीएम से लगभग 68% मतदान इतनी उमस भरी गर्मी में होना हम सबके लिए गौरव की बात है।

जिला प्रशासन के मुताबिक पोस्टल बैलोट में लगभग 97% लोगों ने वोट दिया। होम वोटिंग (85+/पीडब्ल्यूडी) में लगभग शत प्रतिशत मतदान हुआ। इन तीनो को और इटीबीपीएस के सर्विस वोटर को जोड़ने से आंकडा 70% के करीब रहेगा जो पूरे जिले के लिए गौरव की बात है।

जिला प्रशासन का कहना है कि अगर बहरागोडा क्षेत्र में बारिश ना होती और अगर इतनी उमस भरी गर्मी ना होती तो निश्चित तौर पर और वोटिंग प्रतिशत रहता। सभी मुख्य चौक चौराहों पर इस बार हम लोगों के द्वारा बनाये गए लोकतंत्र गीत को लोगों ने सुना और एक महापर्व का माहौल बना!

एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक हमलोगों ने पूरे झारखंड में सर्वाधिक ११००+ व्हील चेयर दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोलिंग डे पर उपलब्ध कराये।

जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में प्रशासन ने शहरी मतदाताओं की खातिर ३०+ थीम बूथ जैसे इसरो, विज्ञान, पीवीटीजी बूथ, मिट्टी के घड़ों की, बांस की, क्लीन एनर्जी विशेष आकर्षण रहा जिसे लोगों ने बहुत सराहा। इस दौरान प्रशासन के कई सारे वोलेंटियर्स लोगों की मदद बूथ पर निरंतर करने का प्रयास किये। जिले में मतदान के बाद रक्तदान, तथा एक वोट आज के लिए, एक पौधा कल के लिए कार्यक्रम भी चले जिसमे कई लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने शानदार वोट प्रतिशत के लिए जिले के मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा है, सभी लोगों का बहुत धन्यवाद जो इतनी मेहनत की और हमारा सहयोग किया! इस बार जमकर वोट डाला जमशेदपुर।







1. सुरक्षा कमान संभालने के बावजूद सीनियर एसपी किशोर कौशल और श्रीमती कौशल ने समय पर वोट दिये। 2. अल्पसंख्यक समुदाय ने भी बढ़-चढ़ कर किया मतदान। 3. पुणे में पढ़ाई कर रही बाराद्वारी निवासी छात्रा प्राची मूनका अपना पहला वोट डालने जमशेदपुर आयीं थीं।

## घाटशिला में निकाली गयी श्याम बाबा निशान यात्रा

फोटो घाटशिला

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**घाटशिला।** श्री श्याम परिवार मऊभंडार के सदस्यों की ओर से लगातार तीसरे वर्ष श्री श्याम वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत सोमवार को बाबा के निशान यात्रा से हुई। श्री श्याम परिवार के सदस्यों ने शिव मंदिर मऊभंडार से दाहिगोड़ा सर्कस मैदान तक सोमवार की शाम पूरे उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ श्याम बाबा का निशान यात्रा निकाला। सैकड़ों की संख्या में श्री श्याम परिवार की महिलाएं-पुरुष एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा धारण किए हाथों में बाबा श्याम का निशान लेकर चल रहे थे। भव्य निशान यात्रा के सबसे आगे बाबा श्याम की खूबसूरत पालकी और इसके पीछे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु बाबा श्याम के भजनों में झूमते हुए चल रहे थे। श्याम भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। गीत-संगीत की धुन पर श्याम भक्तों ने रास्ते पर खूब नाच-गान किया। दाहिगोड़ा सर्कस मैदान स्थित श्याम दरबार पहुंचकर निशान यात्रा सम्पन्न हुई। सभी भक्तों ने बाबा श्याम को निशान अर्पित कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना किया तथा प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्याम महोत्सव के दूसरे

## टाटा स्टील को मिला इंफॉर्म्स, यूएसए से 2024 फ्रांज एडेलमैन फाइनलिस्ट अवार्ड

■ संचालन अनुसंधान और विश्लेषण के औद्योगिक अनुप्रयोगों में उत्कृष्टता के लिए मिली मान्यता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/मुंबई।** टाटा स्टील को गत 15 अप्रैल, 2024 को अमेरिका के ऑरलैंडो में आयोजित इन्फॉर्म्स बिजनेस एनालिटिक्स कॉन्फ्रेंस 2024 के एडेलमैन गाला नाइट के दौरान इंस्टीट्यूट फॉर ऑपरेशंस रिसर्च एंड मैनेजमेंट साइंसेज (इनफॉर्म्स), अमेरिका द्वारा प्रतिष्ठित फ्रांज एडेलमैन फाइनलिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह दुनिया का अग्रणी ऑपरेशंस रिसर्च और एनालिटिक्स पुरस्कार है, जो ऑपरेशंस रिसर्च के सफल औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए इन्फोर्म्स देता है। कंटीन्यूअस एनीलिंग प्रक्रिया के अनुकूलन पर टाटा स्टील की परियोजना को इन्फॉर्म्स सोसाइटी के मूल्यांकनकर्ताओं ने तीन महीने के कठोर मूल्यांकन के बाद फाइनलिस्ट के रूप में चुना था। स्टील उद्योग में, हीट ट्रीटमेंट के माध्यम से कोल्ड-रोल्ड स्टील स्ट्रिप्स की गुणवत्ता को नियंत्रित करने के लिए कंटीन्यूअस एनीलिंग महत्वपूर्ण है।




## झारखंड आंदोलनकारी सीताराम शास्त्री की धर्मपत्नी नलिनी जी की अंत्येष्टि संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर/गुरुग्राम।** 27 मई 2024 को शिव शमशान भूमि, अतुल कटारिया, गुरुग्राम, हरियाणा में झारखंड आंदोलनकारी सीताराम शास्त्री के जीवन साथी वी एस नलिनी जी का अंतिम संस्कार हुआ। नलिनी जी को शाम 4 बजे बेटी कांति प्रभा, कुमार दिलीप, अंकुर श्रीवास्तव ने मुख्य रूप से अग्नि दिया। कई रिश्तेदार एवं साथियों के उपस्थिति में नलिनी जी पंच तत्वों में विलीन हुई।

नलिनी जी कई आंदोलन में प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष भागीदारी निभाई है। सीताराम शास्त्री को अलग झारखंड आंदोलन में काफी सहयोग की थी। आंदोलन के क्रम में कई नेताओं एवं कार्यकताओं का लगातार उनके घर आना जाना लगा रहता था, सभी को एक समान सम्मान देना और आंदोलन में सक्रिय सहयोग देने का काम किया, चाहे वह चक्रधपुर बीड़ी मजदूरों का आंदोलन हो, कोलियरी आंदोलन हो, अलग झारखंड की मांग या फिर विस्थापन के खिलाफ आंदोलन हो। 24 अक्टूबर 2012 में सीताराम शास्त्री के देह त्याग के बाद भी नलिनी जी ने झारखंड में रचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाते रही। सीताराम शास्त्री के नारा शिक्षा, गाछ, माछ, चास से होगा झारखंड का विकास।

## लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने किया लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर टाटानगर का आधिकारिक दौरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रोग्रेसिव मेल्विन जॉन फेलो लायन कमल जैन, लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322 ए के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, जिसमें झारखंड और बिहार का हिस्सा शामिल है, ने आज 38 साल पुराने लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर टाटानगर का आधिकारिक दौरा किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा डोबो स्थित उत्सव रिसॉर्ट में आयोजित की गई, जिसमें क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन संजय पांडे के नेतृत्व में लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर टाटानगर के सदस्यों ने भाग लिया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन कमल जैन ने क्लब द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की सराहना की, जिसका अपना गौरवशाली इतिहास है। उन्होंने क्लब प्रेसिडेंट को एक्सटेंशन अवार्ड, इंटरनेशनल प्रेसिडेंट पिन, डिस्ट्रिक्ट मेडल और डिस्ट्रिक्ट बैनरेटी से भी सम्मानित किया गया है।




## भाजपा नेता नीरज सिंह ने 150 लाभुकों में बंटवाया आयुष्मान कार्ड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** घातकीडीह हरिजन बस्ती ठकरबाप्पा और मेडिकल बस्ती के लोगों के बिच आज 150 से अधिक आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। पूर्व में ही भाजपा नेता नीरज सिंह के चलित कार्यालय सेवा रथ के माध्यम से जमशेदपुर महानगर के पश्चिम विधानसभा के पुरे क्षेत्र में लाभुक आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड, सभी पेंशन योजना आदि जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया था। जिसे लेकर आज घातकीडीह हरिजन बस्ती ठकरबाप्पा और मेडिकल बस्ती के लोगों के बीच आज 150 से अधिक आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया और लोगों को इस कार्ड की महत्वता को भी भाजपा नेता नीरज सिंह के द्वारा बताया गया। साथ ही केंद्र सरकार के बाकि सभी महत्वपूर्ण योजनाओं से भी लोगों को अवगत करवाया गया।


इस दौरान भाजपा नेता नीरज सिंह ने अपने हाथों से स्थानीय लोगो को कार्ड वितरण किया। कार्ड को पाकर स्थानीय लोगो के चेहरे चेहरे खिल उठे।

भाजपा नेता ने कार्ड बांटते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड सभी लोगों के लिए है, अगर किसी परिवार के सदस्य को गंभीर बीमारी होती है तो उन्हें इस योजना से 1 से लेकर 5 लाख तक का मुफ्त इलाज दिया जायेगा, लेकिन अभी जो सरकार है कांग्रेस और जेएमएम कि जिसके कारण अस्पताल के लोग जान बूझकर मरीज के परिवार को परेशान करते हैं अस्पताल में भर्ती लेने से मना करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इस तरह की समस्या किसी के साथ भी होती है तो नीरज सिंह जी आप के साथ है, जिसके बाद भाजपा नेता नीरज सिंह स्वंय उस मारिज को अस्पताल में भर्ती करवायेंगे। इसके साथ ही उन्होंने सभी बस्तीवासियों से आग्रह किया कि अगर किसी परिवार के सदस्य का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, तो जरूर बनवा लें।



एक लाभुक को आयुष्मान कार्ड प्रदान करते भाजपा नेता नीरज सिंह।

## स्पीड न्यूज



### टाटा स्टील के विभाष शुक्ला ने 23 वीं बार किया एसडीपी दान

**जमशेदपुर।** रक्तदान जागरुकता अभियान के तहत रक्त जरूरतमंद को समय पर रक्त मिले इसके लिए रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम लगातार सक्रिय है। सोमवार को जमशेदपुर ब्लड बैंक में टाटा स्टील कोक प्लांट के यूनियन कमिटी मेंबर विभाष शुक्ला ने रिकॉर्ड 23वीं बार प्लेटलेट्स का दान किया। श्री शुक्ला नियमित रक्तदाता हैं एवं रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सदैव तत्पर रहते हैं।

### मानगो चटाई कॉलोनी के मकान में हुई चोरी



**जमशेदपुर।** मानगो चटाई कॉलोनी में बंद पड़े निर्माणाधीन रविंद्र मालाकार के मकान में बीती रात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। रविंद्र मालाकार ने चोरी की घटना की जानकारी भाजपा नेता विकास सिंह को दी। भाजपा नेता विकास सिंह को रविंद्र मालाकार ने बताया कि चटाई कॉलोनी स्थित पुराने मकान मरम्मत का काम चल रहा है। प्रतिदिन काम के बाद ताला बंद कर पुश्तैनी मकान में चले जाते हैं। आज सुबह जब वह मकान में काम करने आए तो देखा कि मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है भीतर प्रवेश करके देखा तो सारे कमरे का ताला टूटा हुआ था मकान में लगा मोटर जिसकी कीमत सात हजार रुपये थी चोर चोरी कर ले गये हैं।

### सरकारी शराब दुकान से डेढ़ लाख नकद और 50 पेटी शराब की चोरी

**चांडिल।** रविवार देर रात को चांडिल थाना क्षेत्र के डेम रोड स्थित सरकारी शराब दुकान में डेढ़ लाख रुपए नकद एवं पचास पैटी शराब से चोरों ने हाथ साफ कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार इस सरकारी शराब दुकान पर मदन प्रामाणिक और जे प्रामाणिक दो निजी नाइट गार्ड की रात दस बजे से सुबह दस बजे तक तैनाती किया गया था। नाइट गार्ड रात दस बजे हाजरी बनाकर घर चला गया था।

### आरोपियों ने बीयर का दाम नहीं देने पर पीटा

**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के डीवीसी मोड़ के समीप स्थित 99 एरा बियर बार में बीते रविवार की रात शराब पीने के बाद युवको के साथ जमकर मारपीट की गयी। मारपीट का आरोप शान बाबू हत्याकांड के आरोपी धीराजगंज निवासी पवन लोहार और अर्जुन महतो पर लगाया गया है। दोनों हिस्ट्रीशीटर अपराधी बताए जाते हैं। शिकायतकर्ता प्रसेनजीत घोष ने बताया कि रविवार को शाम करीब चार बजे पवन लोहार और अर्जुन महतो ने बियर पिलाने के बहाने उसे बियर वहां बुलाया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक नजर में

### बालाजी कृष्णा इंगिटेग अग्निकांड में मृत मजदूर के परिवार को मिला 10 लाख रुपये मुआवजा

**गम्हरिया।** बीते माह 15 मई को औद्योगिक क्षेत्र स्थित बालाजी कृष्णा इंगिटेग कंपनी भीषण आग लगने से कार्य के दौरान झुलसे सात मजदूरों में पोटका प्रखंड के राजदोहा ग्राम निवासी सावन सोरेन पिता तुलसी सोरेन नामक मजदूर की टीएमएच में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों द्वारा कंपनी प्रबंधन से मुआवजे की मांग की गई थी। किंतु, प्रबंधन ने मुआवजा देने से इंकार कर दिया था। तत्पश्चात, मृतक के परिजनों ने झामुमो नेता महाबीर मुर्मू से संपर्क कर मदद की गुहार लगायी। उसके बाद महाबीर मुर्मू ने त्वरित मामले की संज्ञान में लेकर कंपनी प्रबंधक को टीएमएच परिसर में बुलाकर मृतक के परिजन को उचित मुवावजा के लिए वार्ता किया था जिसमे 10 लाख रुपए मुआवजा देने पर सहमति बनी थी। वार्ता के बाद तत्काल 2.50 लाख मृतक की पत्नी को दिया गया था। शेष रकम का चेक सोमवार को प्रबंधन द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान पूर्व मुखिया बिल्टु हांसदा, पंसस जालिम मार्डी, दुर्गा प्रसाद हांसदा, पप्पू उपाध्याय, मनोज तांती, रॉकी सिंह, मृतक के चाचा बिद्या सोरेन, सोमराज सोरेन, भाई नसीब सोरेन, राजेश मुर्मू आदि मौजूद रहे।

### अंजनिया इस्पात में मृत ठेका मजदूर के परिवार को मात्र 2.25 लाख रुपये मुआवजा, रोष

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित अंजनिया इस्पात कंपनी में बीते शनिवार की रात जेसीबी से दब जाने के कारण मृत बबलू दास के परिजनों को कंपनी प्रबंधन द्वारा ढाई लाख रुपये का चेक बतौर मुआवजा प्रदान किया गया। हालांकि, उक्त मुआवजे से परिजन संतुष्ट नहीं दिखे। उक्त मुआवजा राशि के विरोध में परिजनों द्वारा कंपनी गेट जाम करने का निर्णय लिया है। मृतक के बड़े भाई लखीपद दास ने बताया कि कंपनी द्वारा दबाव बनाकर उन्हें जबरन ढाई लाख का चेक दिया गया जो मुआवजा के रूप में काफी कम है। उन्होंने बताया कि बबलू दास का अंतिम संस्कार पैतृक गांव पश्चिम बंगाल के बलरामपुर, सालडीह में कर दिया गया। बताया गया है कि मृतक बबलू दास के बहन की आगामी 20 जून को शादी होने वाली है।

### पतंजलि का योग सह शिक्षक प्रशिक्षण शिविर दो से



**जमशेदपुर।** पतंजलि जिला योग समिति द्वारा 100 घंटे का सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर 2 जून 2024 से गांधी घाट मानगो में प्रारंभ होगी। पतंजलि सोशल मीडिया जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि पतंजलि जिला योग समिति द्वारा 100 घंटे का सह योग प्रशिक्षण की शुरूआत 2 जून से गांधी घाट मानगो में प्रारंभ होगी जो कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक चलेगी। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 8 बजे तक ऑफलाइन तथा संध्या 5 से 7 बजे तक ऑनलाइन चलेगी। प्रशिक्षण पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सुप्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के सानिध्य में होगी। प्रशिक्षण शिविर में योग के साथ-साथ योग दर्शन, वैदिक शिक्षा, शरीर रचना क्रिया विज्ञान, मौसम के अनुसार आहार विहार, प्राकृतिक चिकित्सा, एक्यूप्रेशर, आयुर्वेद, घरेलू उपचार, जड़ी बूटियों तथा रसोई घर के मसाले से उपचार आदि सिखाया जायेगा। प्रशिक्षण के पश्चात पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा जिससे योग के क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए रुपए 1099/- मात्र की सहयोग राशि देनी होगी। इसके लिए जिले के सक्रिय पतंजलि कार्यकर्ता अथवा पदाधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

### बीए कॉलेज ऑफ इंजी. के दो छात्रों का प्लेसमेंट



**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर के दो बुद्धिमान विद्यार्थी-इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की कोमल शर्मा और मैकेनिकल विभाग के दीपक ठाकुर का अग्रणी परामर्श, निरीक्षण, परीक्षण, सत्यापन आदि आधारित कंपनी मनुपमा टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड में बहुत अच्छे पैकेज पर चयन हुआ है। 13 मई को कंपनी एचआर कार्यालय में छात्रों का साक्षात्कार लिया गया। छात्र 1 जून से कंपनी के जमशेदपुर कार्यालय में ग्रेजुएट ट्रेनी पद पर शामिल होंगे और 9 महीने तक प्रशिक्षण में रहेंगे। उनकी सफलता पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ एसके सिंह, प्रभारी प्राचार्या डॉ प्रत्यंचा प्रसाद, टीपीओ राहुल सिंह और सभी फैकल्टी ने बधाई दी।

### नारायण आइटीआइ में पंडित नेहरू को दी श्रद्धांजलि



**चांडिल।** नारायण प्राइवेट आइटीआइ लूपुंगडीह में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। एडवोकेट निखिल कुमार ने कहा कि पंडित नेहरु भारतीय राष्ट्रवादी राजनेता व स्वाधीनता संग्रामी थे। 1929 में कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उन्होंने ब्रिटिश राज से पूर्ण स्वतंत्रता का आह्वान किया। 1930 के दशक में नेहरू और कांग्रेस भारतीय राजनीति पर हावी थे। नेहरू ने 1937 के प्रांतीय चुनावों में धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र-राज्य के विचार को बढ़ावा दिया, जिससे कांग्रेस को चुनावों में जीत मिली और कई प्रांतों में सरकार बनाने का मौका मिला। सितंबर 1939 में कांग्रेस मंत्रिमंडल ने वायसराय लॉर्ड लिनलिथगो के बिना उनसे परामर्श किये युद्ध में शामिल होने के फैसले का विरोध करने के लिए इस्तीफा दे दिया। 8 अगस्त 1942 को अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के भारत छोड़ो प्रस्ताव के बाद, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को कैद कर लिया गया और कुछ समय के लिए संगठन को दबा दिया गया। नेहरू, जिन्होंने अनिच्छा से गांधी के तत्काल स्वतंत्रता के आह्वान पर ध्यान दिया था और इसके बजाय द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मित्र देशों के युद्ध प्रयासों का समर्थन करना चाहते थे।

# हेड चमके, वार्नर ने किया निराश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइपीएल में खेलने के लिये दिलचस्पी दिखाने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का प्रदर्शन रविवार को संपन्न हुये सत्र में मिला जुला रहा है। आइपीएल में ऑस्ट्रेलियाई टी20 विश्व कप टीम के कई नियमित खिलाड़ी शामिल हुए। ट्रैविस हेड जैसे खिलाड़ियों ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से टूनार्मेंट में आग लगा दी, वहीं डेविड वार्नर और मिशेल मार्श जैसे अन्य खिलाड़ियों का टूनार्मेंट के अधिकांश समय में प्रदर्शन उदासीन रहा, जबकि मिशेल स्टार्क ने शुरूआत में निरंतरता के लिए संघर्ष किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम के लंबे समय तक सदस्य रहे डेविड वार्नर का प्रदर्शन भूलने लायक था। उन्होंने पोंटिंग की दिल्ली कैपिटल्स के लिए चोटों से भरे सीजन में 21 की औसत से केवल 168 रन बनाए। अपनी हालिया वापसी के बावजूद, पोंटिंग ने वार्नर को टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने का समर्थन किया। आइसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पोंटिंग इस बात से निराश थे कि वार्नर ने अच्छी शुरूआत के बाद अपना फॉर्म खो दिया। पोटिंग ने कहा उन्होंने वास्तव में टूनार्मेंट की बहुत अच्छी शुरूआत की। उनका रन औसत वास्तव में अच्छा था। मिशेल मार्श के साथ वह हमारे लिए बल्लेबाजी की शुरूआत कर रहे थे और यह संयोजन वास्तव में अच्छा काम कर रहा था। हालांकि, यह साझेदारी तब टूट गई जब मार्श को चोट के कारण स्वदेश लौटना पड़ा और वार्नर ने अपना लय खो दिया, जबकि बाद में उनके हाथ में भी चोट लग गई। स्टार्क ने कहा उसने (वार्नर) वास्तव में स्कोर नहीं बनाया, और फिर उसके हाथ पर एक गंभीर चोट लगी। पोंटिंग ने कहा, मूल रूप से, उसके हाथ के पिछले हिस्से में हड्डी में सबसे ज्यादा चोट और चोट थी जो उसने पहले कभी नहीं देखी थी। पोंटिंग ने कहा, वह एक जबरदस्त प्रतियोगी है जो एक बार विश्व कप आते ही फिर से ऑस्ट्रेलियाई रंग में आ जाता है। क्रिकेट विश्व कप में वार्नर के साथी ट्रैविस हेड हैदराबाद के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे, उन्होंने 200 के करीब स्ट्राइक रेट से 500 से अधिक रन बनाए।

# ओलंपिक की तैयारियों को पुख्ता करने उतरेगा भारत

एजेंसी

**सिंगापुर।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट में जब उतरेगी तो उसकी कोशिश इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियों को पुख्ता करने की होगी। इस टूनार्मेंट के दौरान पीवी सिंधू पर विशेष नजर रहेगी जो हाल ही में मलेशिया मास्टर्स टूनार्मेंट में उपविजेता रही थी। सिंधू के अलावा एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन भी सिंगापुर ओपन में हिस्सा लेंगे।

### ओलंपिक से पहले सुधार लाना चाहेंगे भारतीय खिलाड़ी

पेरिस ओलंपिक में अब दो महीने ही बचे हैं और चार वर्षों में होने वाले इन खेलों में भाग लेने से पहले खिलाड़ियों को खुद के खेल में सुधार करने के लिए सिंगापुर ओपन 750 के अलावा ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500, इंडोनेशिया सुपर 1000, कनाडा ओपन सुपर 500 में भाग लेने का मौका मिलेगा।



## कजेर्सफेल्ट के खिलाफ शुरूआत करेंगी सिंधू



मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में चीन की वांग झी यी के खिलाफ निर्णायक गेम में 11-3 की बढ़त को गंवाने वाली सिंधू यहां डेनमार्क की लीन होजमार्क कजेर्सफेल्ट के खिलाफ सकारात्मक शुरूआत करना चहेंगी। मलेशिया में सिंधू का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला लगभग 80-80 मिनटों तक चला था जिससे उनके लिए थकान से उबरना भी जरूरी होगा। वह अगर शुरूआती दौर की बाधा को पार करने में सफल रहीं तो दूसरे दौर में उनके सामने रियो ओलंपिक चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन की चुनौती हो सकती है। थाईलैंड ओपन में हाल ही में चैंपियन बनी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष डबल्स जोड़ी ओलंपिक के लिए बेहतरीन लय में दिख रही हैं, जबकि सिंधू ने भी रविवार को मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहने के बाद अपना दावा मजबूत किया है। पुरुष डबल्स में विश्व में नंबर एक सात्विक और चिराग के सामने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की चुनौती होगी।

### लय हासिल करना चाहेंगे लक्ष्य सेन




लक्ष्य और प्रणय पिछले कुछ समय से चली आ रही खराब लय को पीछे छोड़ पेरिस खेलों से पहले लय हासिल करने की पूरी कोशिश करेंगे। लक्ष्य ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में लगातार दो सेमीफाइनल में जगह बनाकर ओलंपिक क्वालीफिकेशन में प्रवेश किया था। यह युवा खिलाड़ी ब्रेक के बाद आ रहा है और पुरुष सिंगल्स में उसका सामना दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन से होगा। एक्सेलसेन का हौसला रविवार को मलेशिया मास्टर्स चैम्पियन बनने के बाद काफी बढ़ा हुआ होगा। स्वास्थ्य समस्याओं से उबर रहे आठवीं वरीयता प्राप्त एचएस प्रणय को थाईलैंड ओपन के शुरूआती दौर में हमवतन मेइराबा लुवांग मैसनाम ने बाहर का रास्ता दिखाया था। विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को सिंगापुर ओपन में बेल्जियम के जूलियन कैरागी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करना है।

## काव्या मारन ने हार के बाद बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2024 के पूरे सीजन में शानदार खेल का प्रदर्शन करने वाली हैदराबाद की टीम फाइनल में हार गई। इस दर्दनाक हार से हैदराबाद के खिलाड़ी काफी निराश आए। वहीं, सीईओ काव्या मारन तो इस हार के बाद रो पड़ी। अब काव्या का ड्रेसिंग रूम में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। केकेआर से मिली हार के बाद सनराइजर्स हैदराबाद की सीईओ काव्या मारन ड्रेसिंग रूम में पहुंची और प्लेयर्स का हौसला बढ़ाया। काव्या ने अपनी वायरल स्पीच में कहा, आप सभी ने हमें बहुत गौरवान्वित किया है। मुझे आपको यह बताने के लिए यहां आना पड़ा। आपने हमारे टी20 क्रिकेट खेलने के तरीके को फिर से परिभाषित किया है और हर कोई हमारे बारे में बात कर रहा है। इस वीडियो में काव्या मारन ने आगे कहा, उदास मत होइए दोस्तों, हमने फाइनल खेला है।

# टी20 विश्व कप से पहले न्यूयॉर्क पहुंची भारतीय टीम

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 से पहले संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए रवाना हुए भारतीय खिलाड़ियों का पहला जत्था आगामी आइसीसी इवेंट में हिस्सा लेने के लिए न्यूयॉर्क पहुंच गया है। इससे पहले शनिवार को कप्तान रोहित शर्मा, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव सहित भारतीय क्रिकेटर संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए रवाना हुए। बीसीसीआइ ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर आगामी टी20 विश्व कप के लिए खिलाड़ियों के अमेरिका पहुंचने की एक क्लिप साझा की। वीडियो में भारतीय क्रिकेटर न्यूयॉर्क के एयरपोर्ट से निकलते और टीम बस में चढ़ते हुए कैद हुए। बीसीसीआइ ने एक्स पर लिखा, 'न्यूयॉर्क पहुंचे! टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप के लिए पहुंच गई है। भारत का टी20 वर्ल्डकप अभियान 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क में नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 9 जून को होगा। इसके बाद वे टूनार्मेंट के सह-मेजबान यूएसए (12 जून) और कनाडा (15 जून) के साथ अपने ग्रुप ए मैच खेलेंगे। टूनार्मेंट में भारत का लक्ष्य आइसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना होगा, जिसने आखिरी बार 2013 में आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।



**भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

**रिजर्व :** शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान।

# आइपीएल के मैदानकर्मियों और क्यूरेटर को नकद पुरस्कार, बीसीसीआइ सचिव शाह ने की घोषणा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने उन्हें गुमनाम नायक बताते हुए सोमवार को घोषणा की कि सभी 10 नियमित आइपीएल स्थलों के मैदानकर्मियों और क्यूरेटरों को लीग के दौरान शानदार पिचें मुहैया करने के लिए सराहना के तौर पर 25-25 लाख रुपए दिए जाएंगे। आइपीएल 2024 का समापन रविवार को चेन्नई में हुआ जिसमें फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद पर आठ विकेट की जीत के साथ अपनी तीसरी खिताबी जीत दर्ज की। शाह ने एक्स पर लिखा, ह्यहमारे सफल टी20 सत्र के गुमनाम नायक मैदानकर्मी हैं जिन्होंने कठिन मौसम में भी शानदार पिचें प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किए। उन्होंने लिखा, हमारी सराहना के प्रतीक के तौर पर 10 नियमित आइपीएल स्थलों पर मैदानकर्मियों और क्यूरेटर को 25 लाख रुपये मिलेंगे और तीन अतिरिक्त स्थानों पर 10 लाख रुपए मिलेंगे। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद। आइपीएल के 10 नियमित स्थान मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, चंडीगढ़, हैदराबाद, बेंगलुरू, लखनऊ, अहमदाबाद और जयपुर हैं। इस वर्ष अतिरिक्त आयोजन स्थल गुवाहाटी, विशाखापत्तनम और धर्मशाला थे। गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स का दूसरा घरेलू स्थल था जबकि विशाखापत्तनम ने दिल्ली कैपिटल्स के घरेलू मैचों के पहले चरण की मेजबानी की। धर्मशाला किंग्स इलेवन पंजाब के लिए दूसरे घरेलू मैदान के रूप में कार्य करता है। इस साल का आइपीएल बड़े स्कोर वाले मैचों के लिए चर्चा में रहा है जिसमें सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड दो बार टूटा। इस सत्र में 250 रन का आंकड़ा आठ बार पार किया गया। शाह ने नाइट राइडर्स को खिताबी जीत के लिए बधाई भी दी। उन्होंने लिखा, 2024 टाटा आइपीएल जीतने के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स को बधाई। टीम ने पूरे टूनार्मेंट में शानदार निरंतरता दिखाई और टीम का शानदार नेतृत्व करने के लिए श्रेयस अय्यर को बधाई। शाह ने लिखा, एक बार फिर, बड़ी संख्या में आने और इसे एक और सफल सत्र बनाने के लिए प्रशंसकों को धन्यवाद!

# अंकुशिता जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंची, अभिमन्यु लोरा हारकर हुए बाहर

एजेंसी

**बैंकॉक।** पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो ने सोमवार को यहां पेरिस ओलंपिक के दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के 60 किग्रा वर्ग में मंगोलिया की नामून मोनखोर को हराया लेकिन अभिमन्यु लोरा को आयरलैंड के केलिन केसिडी के खिलाफ 80 किग्रा वर्ग में शिकस्त झेलनी पड़ी। अंकुशिता ने मंगोलिया की अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मजबूत शुरूआत की और तीन दौर के बाद 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु ने पहले दौर में बुल्गारिया के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन क्रिस्टियन निकोलोव को हराया था लेकिन केसिडी उनके खिलाफ मुकाबले के लिए अच्छी तरह तैयार थे और अभिमन्यु के अंतिम दौर में अपना सब कुछ झोंकने के बावजूद 5-0 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। मंगलवार को सचिन सिवाच (57 किग्रा), अभिनाश जामवाल (63.5 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ओलंपिक कोटा हासिल करने की दिशा में अपना अभियान आगे बढ़ाने के इरादे से उतरेंगे। सचिन डेनमार्क के फ्रेडरिक जेनसेन, जामवाल कोलंबिया के जोस मैनुअल वियाफारा फोरी और निशांत मंगोलिया के ओटगोनबातर बयांबा एर्डेन से भिड़ेंगे। भारत पेरिस खेलों के लिए पहले ही 3 कोटा हासिल कर चुका है।



निकहत जरीन (महिला 50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा) और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर पेरिस खेलों का कोटा हासिल कर चुके हैं।

## बार्सिलोना ने महिला चैंपियंस लीग का खिताब जीता

**बिलबाओ।** पुरुषों की तरह लियोन की महिलाओं को भी यूएफा महिला चैंपियंस लीग के फाइनल में बार्सिलोना के हाथों हार का सामना करना पड़ा। बार्सिलोना ने लियोन को 2-0 से हराकर पिछले चार सत्रों में तीसरी बार चैंपियंस लीग का खिताब जीता। रिकॉर्ड 50,827 दर्शकों के सामने विश्व की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबालर चुनी गईं एइटाना बोनमाती ने दूसरे हाफ में बार्सिलोना के लिए गोल किया। स्टापेज समय में विश्व की पूर्व श्रेष्ठ फुटबालर एलेक्सिया पुटेलास ने बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया।

## अल अइन एशियाई चैंपियंस लीग विजेता बना

**अबु धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात के क्लब अल अइन ने जापानी क्लब योकोहामा मरीनोज को 5-1 से परास्त कर एशियाई चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया। पहले चरण के फाइनल में अल अइन को 2-1 से हार मिली थी। दूसरा चरण जीतकर अल अइन ने 6-3 के औसत से मुकाबला जीता। चेल्सी, एसी मिलान के पूर्व स्ट्राइकर हरनना क्रेस्पो की कोचिंग में खेल रही अल अइन 2003 के बाद पहली बार विजेता बना है। इस दौरान उसे दो फाइनल में हार मिली।

# नडाल फ्रेंच ओपन से बाहर



**पेरिस।** लाल बजरी के बादशाह रहे रफेल नडाल फ्रेंच ओपन के पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से 3-6, 6 -7, 3-6 से हार गए और माना जा रहा है कि 14 बार के चैंपियन का रोलां गैरो पर यह आखिरी मैच था। अपने लंबे और सुनहरे कैरियर में पहली बार नडाल क्लेकोर्ट पर लगातार दो मैच हारे हैं। फ्रेंच ओपन में पहली बार वह चौथे दौर से पहले बाहर हुए हैं। क्लेकोर्ट पर इस ग्रैंडस्लैम में उनका कैरियर रिकॉर्ड अब 112-4 हो गया है। नडाल को संभवतः आखिरी बार खेलते देखने के लिए करीब 15000 दर्शक जमा थे जिन्होंने तालियां बजाकर उनका अभिवादन किया। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल 3 जून को 38 वर्ष के हो जायेंगे। वह जनवरी 2023 से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं। इस साल उन्होंने 15 मैच खेले और उनका रिकॉर्ड 8-7 का रहा है। चोटों की वजह से उनकी रैंकिंग गिरकर 275वीं हो गई और फ्रेंच ओपन में पहली बार वह गैर वरीय खिलाड़ी थे। इसी वजह से पहले ही दौर में उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव से हुआ जो 2020 अमेरिकी ओपन उपविजेता रहे, टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता और पिछले तीन साल में हर बार यहां सेमीफाइनल में पहुंचने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं।

# विंडीज से टी20 सीरीज हारी द. अफ्रीका

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** टी20 सीरीज में वेस्टइंडीज के हाथों अपनी टीम की क्लीन स्वीप हार के बाद दक्षिण अफ्रीका के स्टैंड-इन कप्तान रासी वैन डेर डूसन ने कहा कि उनकी टीम बल्लेबाजी करते समय अधिक साहसी हो सकती थी। बार बार गलतियां दोहराने का उन्हें खामियाजा उठाना पड़ा। बता दें कि जॉनसन चार्ल्स के अर्धशतक और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रयास की मदद से वेस्टइंडीज ने टी-20 सीरीज में जीत का सिलसिला जारी रखते हुए रविवार को दक्षिण अफ्रीका को तीसरे और अंतिम टी20 में 8 विकेट से जीत हासिल कर ली। दक्षिण अफ्रीका को वेस्टइंडीज से लगातार दूसरी टी20 सीरीज गंवानी पड़ी है। डूसन ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि बल्लेबाजी के मोर्चे पर, हम शायद थोड़ा साहसी हो सकते हैं। हमने देखा है कि वेस्टइंडीज किस तरह से खेलता है, खासकर पावरप्ले में, जब गेंद नई होती है तो रन बनाना मुश्किल हो जाता है। अपनी टीम के प्रदर्शन पर बोलते हुए डुसेन ने कहा कि वे खेल की परिस्थितियों के अनुरूप जल्दी से ढलने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि हम जल्दी ही अनुकूलन नहीं कर सके। मियामी वगैरह में रुकने के मामले में हमारे पास एक लंबा सप्ताह था। हमने इसे पहले मैच में देखा था, लेकिन आप वही गलतियां नहीं कर सकते।

## टी20 विश्वकप के लिये मार्श ने खुद को बताया फिट

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अभियान के लिये खुद को फिट घोषित किया है। इंडियन प्रीमियर लीग के शुरूआती चरण के दौरान अप्रैल में ऑलराउंडर की हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी और इसके बाद उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है। टी20 विश्व कप शुरू होने में अब जब एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, रविवार को त्रिनिदाद में प्रशिक्षण के दौरान मार्श अच्छी लय में दिखे । पांच जून को बारबाडोस में टूनार्मेंट के उद्घाटन मैच में ओमान से मुकाबला करने के लिए वह मैदान में उतरने के लिये तैयार हैं।

## वनडे क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं स्टार्क

**कोलकाता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क निकट भविष्य में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास ले सकते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के सदस्य स्टार्क ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का खिताब जीतने के बाद कहा पिछले नौ साल मैंने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट को दिए हैं। जब क्रिकेट से समय मिलता था, तब मैं वह समय अपनी पत्नी और परिवार को देता था लेकिन अब मैं अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर हूं और फ्रैचाइजी क्रिकेट खेलना चाहता हूं। वनडे विश्व कप अभी बहुत दूर है, तो मैं एक फॉर्मैट को छोड़ भी सकता हूं।

## जर्मनी से लड़ कर हारीं भारतीय लड़कियां

**डसेलडोर्फ।** छह गोल खाने के बाद भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने लड़ने का अदभुद जज्बा दिखाते हुये यूरोप टूर के पांचवें मैच में जर्मनी के खिलाफ सोमवार को चार गोल दागे मगर अंततः उन्हे हार का सामना करना पड़ा। मैच के पहले हाफ में भारतीय टीम तीन गोल और दूसरे हाफ के पहले क्वार्टर में तीन गोल खाकर छह गोल से पिछड़ रही थी मगर दूसरे हाफ में उसने जबरदस्त वापसी की और संजना होरो, भीनिमा डैन और कनिका सिवाच के गोलों की बदौलत खेल में वापस आने का भरपूर प्रयास किया मगर आखिरकार उसे 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं

# भारत ने अर्जेंटीना को 5-4 से हराया, हरमनप्रीत ने लगायी हैट्रिक

एजेंसी

**एंटवर्प (बेल्जियम)।** भारत का कभी हार न मानने वाला रवैया अर्जेंटीना के खिलाफ मैच में सामने आया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के यूरोपीय चरण के अपने चौथे मैच में 5-4 से जीत हासिल की। भारत के लिए अरजीत सिंह हुंदल (7'), गुरजंत सिंह (18') और हरमनप्रीत सिंह (29', 50' और 52') ने गोल किए, जबकि अर्जेंटीना के लिए फेडेरिको मोंजा (3'), निकोलस कीनन (24'), तादेओ मारुची (54') और लुकास मार्टिनेज (57') ने गोल दागे। भारत ने मैच की शुरूआत शानदार की और पहले क्वार्टर में अधिकांश समय तक गेंद अपने पास रखी और सटीक पास देकर अर्जेंटीना के सर्कल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना ने पहला गोल कर बढ़त बना ली थी, जब फेडरिको मोंजा (3') ने नेट के करीब से गोल करते हुए अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। जवाब में भारत ने अरिजीत सिंह हुंदल (7') के शानदार फील्ड गोल से जल्द ही बराबरी कर ली। फिर एक मिनट शेष रहते भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके और पहला क्वार्टर 1-1 से बराबरी पर खत्म हुआ। भारत ने दूसरे क्वार्टर में एक बार फिर तेज शुरूआत की। गुरजंत सिंह (18') के बेहतरीन फील्ड गोल के बाद तेजी से जवाबी हमला करने वाले आक्रामक रुख ने भारत को अपनी बढ़त बढ़ाने में मदद की। इस गोल के बाद अगले कुछ मिनटों तक भारत को थोड़ी परेशानी जरूर हुई। इसका फायदा उठाते हुए निकोलस ने डिफेंडरों को छकाते हुए भारतीय सर्कल में प्रवेश कर एक शानदार शॉट को गोल में तब्दील किया, जिससे स्कोर 2-2 से बराबरी पर आ गया। हालांकि, भारत ने एक मिनट शेष रहते ही पेनल्टी कॉर्नर अर्जित कर लिया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (29') ने कोई गलती नहीं की और इसे भारत के पक्ष में 3-2 कर दिया। हाफ टाइम तक भारत अर्जेंटीना से 3-2 से आगे था। भारत जहां अपनी बढ़त बढ़ाना चाहता था, वहीं अर्जेंटीना की नजर बराबरी करने पर थी। तीसरा क्वार्टर रोमांचक था, जिसमें दोनों टीमों ने तेज-तर्रार हॉकी का प्रदर्शन करते हुए आक्रमण की गति बढ़ा दी। भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल सका क्योंकि हरमनप्रीत के शॉट को अर्जेंटीना के गोलकीपर ने रोक दिया। दोनों टीमों की रक्षा पंक्ति मजबूत होने के कारण तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा और 3-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ। चौथा क्वार्टर शानदार रहा और भारत ने मैच की लगाम पूरी तरह अपने पास रखी। उन्होंने अर्जेंटीना को गलतियां करने के लिए मजबूर किया। कप्तान हरमनप्रीत (50') ने टीम के लिए एक और गोल किया।

इस तरह भारत ने 4-2 की बढ़त ले ली। दो मिनट बाद, भारत को एक और पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे कप्तान हरमनप्रीत सिंह (52') ने फिर से सफलतापूर्वक गोल में बदल दिया। अर्जेंटीना ने तादेओ मारुची (54') और लुकास मार्टिनेज (57') के गोल की मदद से मैच को रोमांचक रूप से अंत तक पहुंचाया। हालांकि मैच भारत की 5-4 से जीत के साथ समाप्त हुआ। भारत का अगला मुकाबला 1 जून को जर्मनी से होगा।



# सदर अस्पताल में चलाया गया नशा मुक्ति अभियान



उपस्थित पीएलवी एवं चिकित्सा कर्मी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा अध्यक्ष एवं सचिव के आदेशानुसार सदर अस्पताल गढ़वा में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया।

इस दौरान पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नशीले पदार्थ के सेवन से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही ड्रग्स के व्यापार एवं रोकथाम की जानकारी देते हुए भांग, अफीम, शराब, गुटका चरस हड़िया एवं अन्य नशीले पदार्थ के सेवन से बच्चों को दूर रखने के लिए उनके माता-पिता को जागरूक किया। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने नशा उन्मूलन के रोकथाम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. टी पियूष ने नशा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। स्थाई लोक अदालत सदस्य आरके त्रिपाठी ने नशा उन्मूलन एवं उसके दुष्प्रभाव तथा कानूनी बिंदुओ पर जानकारी दी।

वहीं पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने नशीले लत से मुक्ति के लिए नशा मुक्ति केंद्र या मेडिकल ट्रीटमेंट की आवश्यकता वाले बच्चों को कानूनी रूप से सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव को पीएलवी के माध्यम से सूचना उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही निःशुल्क कानूनी सहायता दिलाने के लिए हर संभव मदद पहुंचाने की बात कही। मौके पर सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ विकास कुमार, अधिवक्ता राहुल ऋषि, पीएलवी उमाशंकर द्विवेदी, संगीता सिन्हा, जनक विकास धारा के सचिव रामाशंकर चौबे, बिजेंदर तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मोतिहारी पुलिस ने 273.3 लीटर नेपाली शराब किया बरामद

**पूर्वी चंपारण।** एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर पुलिस ने शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 273.3 लीटर नेपाली शराब बरामद किया गया। इस संबंध में पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि फेनहारा थाना क्षेत्र में शराब का बहुत बड़ा खेप आया हुआ है। सूचना के आलोक में फेनहारा थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सघन छापामारी शुरू किया गया। इस क्रम में फेनहारा थानाक्षेत्र के मनकरवा गांव से 273.3 लीटर नेपाली शराब बरामद किया गया।

# इंडी गठबंधन को वोट देकर अपना मत खराब न करें : नीतीश

**एजेंसी**

**पटना/नालंदा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गृह लोकसभा सीट के हिलसा में सोमवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन वालों को वोट देकर अपना मत खराब नहीं कीजिएगा।




चुनाव के बाद फिर से घूमेंगे और जो भी कमी होगी उसे हर हाल में पूरा करेंगे। उन्होंने एनडीए समर्थित उम्मीदवार कौशलेंद्र कुमार को जिताने की अपील की। नीतीश ने कहा कि हम तो सिर्फ आपसे मिलने चले आए हैं ताकि कोई शिकायत ना रहे। हमने महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम किया है। हर क्षेत्र में काम किया है। चुनाव बाद हम सब जगह फिर से घूमेंगे और जहां कहीं भी कमी होगी उसे हर हाल में पूरा करेंगे। राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा कराते थे। हमने सब जगह झगड़ा को खत्म करा दिया। तब हमारे साथ भाजपा ही थी। हम तो 1995 से भाजपा के साथ हैं। बीच में दो बार हम राजद को साथ लिए थे लेकिन गड़बड़ किया तो हटा दिया। अब हमने तय किया है कि बाएं-दाएं नहीं होंगे, साथ रहेंगे। नीतीश ने कहा कि हमने सबके हित में काम किया है। वर्ष 2005 से लेकर 2020 तक हमने आठ लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी। वर्ष 2020 के बाद चार लाख नौकरी हो गई है। अगले साल के चुनाव से पहले तक 10 लाख लोगों को नौकरी मिलेगी। पूरे इलाके में हम काम ही न किए हैं। जहां कहीं कमी है वो काम करेंगे। अगले साल विधानसभा चुनाव से पहले सभी काम पूरा करेंगे। पहले वाला लोग कोई काम करता था क्या? जनसभा में जदयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह भी मौजूद रहे। मंत्री श्रवण कुमार ने सीएम का मंच पर स्वागत किया। जदयू उम्मीदवार कौशलेंद्र कुमार सीएम की अगवानी करने पहुंचे और मंच पर उन्हें साथ लेकर पहुंचे।

# भीषण गर्मी से जन जीवन अस्त व्यस्त, नदी, तालाब सुखे



सुखा नदी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड इन दिनों इस वर्ष भीषण गर्मी के चपेट में है। जिससे जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इन दिनों हिट वेज की वजह से क्षेत्र के लोग सुबह 10 बजे ही घर में लोग दुबक जा रहे हैं। पिछले वर्ष कम बारिश होने एवं इस समय भीषण गर्मी के कारण क्षेत्र के कोयल एवं बांकी नदी बिल्कुल सुख चुकी है। कोयल नदी किनारे मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र बसा हुआ है और भीष्ण गर्मी के कारण जल स्तर काफी गिर चुका है। जिसको लेकर मझिआंव मुख्य बाजार एवं नगर पंचायत क्षेत्र पानी की भारी समस्या से जूझ रही है। वहीं कोयल एवं बांकी नदी के किनारे तिन दर्जन से आकि गांव बसा हुआ है। जिसमें बुढ़ीखांड, खरसोता, मोरबे, ओबरा, दलको, तलशबरिया, बभनी, बरछाबांा, टड़हे, सरसतिया, दवनकारा, सेमरी, जतरोबंजारी, कुसुमियादामर, आदर इनके साथ कई अन्य गांव शामिल हैं। इस भीषण गर्मी में दोनों नदियों में पानी बिलकुल सूख चुका है। जिसके कारण क्षेत्र में जल स्तर बिल्कुल गिर चुका है। वहीं नदी में पानी नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के मवेशी, जंगली जानवर हिरण,नीलगाय, बंदर, लंगूर इनके साथ अन्य जानवरों को पानी की तलाश के लिए भटकना पड़ रहा है। साथ ही ग्रामीण इलाके में कुआं, बोरिंग सूख गए हैं। प्रखंड क्षेत्र में नल-जल योजना एवं जल जीवन मिशन योजना निर्वाीन है। पूरे मझिआंव नगर पंचायत, मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में नल जल योजना के तहत पेयजलापूर्ति के लिए कई वर्षों से पानी पाइपलाइन बिछाई जा रही है। इससे कितने वर्षों में पानी मिलेगा यह अभी कहना मुश्किल होगा। मझिआंव नगर पंचायत के लिए वटर ट्रीटमेंट प्लांट व पानी टंकी की वर्ष पहले बनाया जा चुका है लेकिन पाइपलाइन नहीं बिछाए जाने के कारण क्षेत्र के लोग पानी पानी के लिए तरस रहे हैं। यह कब तक बनेगा इसकी कोई गारंटी नहीं है।

# डीडीसी ने की पंचायतवार योजनाओं की समीक्षा बैठक



बैठक करते डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को गढ़वा डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने पंचायतवार योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इस दौरान प्रखंड कर्मी के साथ-साथ सभी पंचायत के मुखिया उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से संचालित प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, मनरेगा योजनाओं की विस्तारपूर्व जानकारी ली। जिसमें कुछ योजनाओं में धीमी गति पर डीडीसी ने असंतोष जताया और संबंधित विभाग के लोगों को एक सप्ताह में कार्य को प्रगति पर लाने का निर्देश दिया। डीडीसी श्री मिश्रा ने बताया कि अभी सरकार के निर्देशानुसार चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की जा रही है। जिसमे पूर्व के सभी लंबित योजना को पूर्ण करने के बाद अगले नए योजना की क्रियावन में तेजी लाया जा सके। क्षेत्र में पानी की समस्या पर हो रहे नलजल योजना में सुस्ती के बारे में पूछे जाने पर बताया कि पीएचड़ी विभाग इस पर अपना संबंधित एजेंसी से कार्य कर रही है। जहां पानी की ज्यादा समस्या है, उन जगहों पर 15वें वित से हैंड पम्प को मरमती कार्य के लिए बीडीओ को बोल दिया गया है। झगड़ाखांड़ के समाजसेवी नित्या नंद पाठक ने डीडीसी को आवेदन देकर क्षेत्र में पानी की समस्या के बारे में जानकारी देते हुए जलनल योजना में तेजी लाने और हैंड पंप की मरमती करने की मांग किया। मौके पर बीडीओ नंदजी राम, बीपीओ दयानंद प्रजापति, सभी पंचायत के पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, मुखिया उप मुखिया आदि उपस्थित थे।

# नवादा में शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार, बुर्का पहन करती थी धंधा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नवादा।** नवादा में मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित रजौली चेकपोस्ट पर सोमवार को एक बस की तलाशी के दौरान एक महिला तस्कर को विदेशी शराब व बीयर के साथ गिरफ्तार किया है। उत्पाद टीम को महिला तस्कर गिरोह द्वारा बस से शरब की तस्करी किये जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर अधीक्षक मद्य निषेध अरुण कुमार मिश्रा ने हर बस की सख्ती से तलाशी लेने का निर्देश दिया। इसी आलोक में जांच टीम ने झारखंड से आ रही श्री सियाराम रथ नामक बस जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 27 बी 4615 थाद्ध उसे जांच के लिए चेकपोस्ट पर रोका। सघन तलाशी के दौरान एक महिला को शराब की बैग के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार महिला तस्कर शराब की खेप लेकर कोडरमा से बिहारशरीफ जा रही थी। गिरफ्तार महिला रुबी खातून नालंदा जिले के बिहारशरीफ थाने के छज्जू मोहल्ले के मोहम्मद इरफान की पत्नी बतायी जाती है। उसके पास से कुल 30 बोतल विदेशी शराब बरामद की गयी। जिसमें रॉयल स्टैग व्हिस्की का 750 एमएल का 6 बोतल व गॉडफादर बीयर 500 एमएल का 24 बोतल शामिल हैं। इसकी कुल मात्रा 16.5 लीटर आंकी गयी। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह कोडरमा से शराब लेकर बिहारशरीफ जा रही थी। बता दें स्थानीय पुलिस की ओर से लगातार शराब तस्करों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

# जिला पुलिस जवान की मौत, अंतिम संस्कार में दी गई सलामी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के तलसबरिया गांव निवासी कैलाश पासवान के 36 वर्षीय पुत्र पलामू जिला पुलिस के जवान प्रदीप कुमार पासवान का शव सोमवार की सुबह में गांव पहुंचा। शव आते ही पूरे घर के परिजन रोने बिलखने लगे। मृतक को देखने वाले लोगों का तांता लगा रहा। मृतक के परिजनों ने बताया कि प्रदीप पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना के दंगवार पिकेट पर तैनात था। वह पिछले कई माह से लिवर की बीमारी से परेशान था।

गढ़वा के चिकित्सकों ने बताया गया कि लिवर में खराबी आ गई है। इसके बाद उसे वाराणसी, दिल्ली एम्स आदि अस्पतालों में दिखाया गया।

कोई फायदा नहीं होने पर उसे एआईजी हस्पिटल हैदराबाद में ले जाया गया। जहां पर 25 मई को जिला पुलिस जवान की मौत हो गई। मृतक प्रदीप अपने पीछे अपनी पत्नी बबिता देवी, ग्यारह वर्षीय पुत्र प्रियांशु, माता एवं पिता को छोड़ गया है। प्रदीप पासवान की मौत के बाद पलामू पुलिस मेन्स एसोसिएशन के सदस्य एवं डाल्टनगंज से पुलिस के जवान उसके गांव पहुंचे और मृतक के शव को सम्मान देते हुए गार्ड ऑफ ऑनर दिया तथा दो मिनट का मौन रहकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर पलामू पुलिस परिवार के तरफ से मृतक के अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 25 हजार रुपये नगद प्रदान किये गए।





पुलिस जवान प्रदीप पासवान का फाइल फोटो, गार्ड ऑफ ऑनर देते पलामू पुलिस के जवान

मौके पर मझिआंव थाना प्रभारी आकाश कुमार, पलामू मेंस एसोसिएशन के केंद्रीय संयुक्त मंत्री लालेश्वर राम, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, मंत्री लालू उरांव, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, संयुक्त मंत्री कृष्णा कुमार, सुनील कुमार, सुनील प्रसाद, सुनील मेहता, समय राम, विनय कुमार, ईश्वर राम सहित अन्य कई पुलिस जवान उपस्थित थे।

**पलामू पुलिस ने पलामू एसपी एवं मेंस एसोशिएशन का जताया आभार :** पलामू जिला में प्रतिनियुक्त आरक्षी प्रदीप पासवान के इलाज में काफी खर्च हो जाने के कारण परिजनों की हालत बहुत खराब हो गई। पैसे के अभाव में एआईजी अस्पताल हैदराबाद ने उक्त जवान का शव देने से अस्पताल प्रबंधक मना कर दिया। ऐसी स्थिति में पुलिस जवान प्रदीप पासवान के परिवार वाले काफी घबरा गए एवं पलामू के पुलिस मेंस के सदस्यों से बात किया। पुलिस मेंस एसोसिएशन के सदस्यों के द्वारा तत्काल पुलिस अधीक्षक महोदया रिशिमा रमेशन को सूचना दिया गया। सूचना के उपरांत बिना विलंब किए अस्पताल में जमा करने वाला राशि 1,20,000 (एक लाख बीज हजार रुपये) तत्काल उपलब्ध कराया गया।

इस महान कार्य के लिए पूरे पलामू पुलिस, पुलिस जवान प्रदीप पासवान का पूरा परिवार एवं पंचायत मुखिया महताब आलम ने एसपी की प्रशंसा कर रहे हैं। सीधे तौर पर कहा जा सकता है जिसका कोई नहीं उसका मदद भगवान के रूप में एसपी करती हैं। पुलिस जवान का पार्थिव शरीर एसपी एवं पुलिस मेंस एसोसिएशन पलामू के सहयोग एवं पहल से ही सोमवार की सुबह तलशबरिया आया एवं उनके गांव में ही गढ़वा पुलिस एवं पलामू पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा जिला पुलिस जवान प्रदीप पासवान को सलामी दी गई और अंतिम संस्कार किया गया।

## पेज एक का शेष

### कुछ नहीं करेगी तो सम्मान रखकर क्या करूंगा

**जड़ी बूटी से करते हैं इलाज:** नारायणपुर जिले के निवासी हेमचंद्र मांझी वैद्यराज के नाम से प्रसिद्ध हैं। वह पारंपरिक तरीके से जंगली जड़ी-बूटियों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज करते हैं। मांझी ने अपना पूरा जीवन जड़ी-बूटियों की खोज और उनसे लोगों का इलाज करने में बिताया। लगभग पांच दशकों तक उन्होंने हजारों लोगों को ठीक किया है। मांझी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित हुए हैं। हेमचंद मांझी उस समय से लोगों का इलाज कर रहे हैं, जब उस इलाके में स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं पहुंची थी। उस दौरान अपने ज्ञान और सेवाभाव की बदौलत उन्होंने लोगों का इलाज शुरू किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा था कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनका निःस्वार्थ सेवा भाव हम सबके लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय है।

**वैद्यराजकी घोषणा से सनसनी:** कैंसर जैसे असाध्य बीमारियों का इलाज करने वाले वैद्य हेमचंद मांझी के ऐलान से सनसनी फैल गयी है। लगातार नक्सलियों की ओर से मिल रही धमकियों के बाद आखिरकार सोमवार को उन्होंने पद्म सम्मान सरकार को लौटाने का ऐलान किया है। नक्सलियों ने अपने पर्चे में वैद्यराज को भ्रष्टाचारी और कंपनी का दलाल बताया है। माना जा रहा है कि माओवादियों की ओर से लगाये गये आरोपों से आहत और डरकर मांझी ने पद्म सम्मान लौटने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि नक्सली जनअदालत लगाकर मुझे मीडिया के साथ बुलाते और आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करते, फिर भले मार देते। उन्होंने कहा कि मेरे छोटे डोंगर के मकान को बनवा दें, सुरक्षा दें, मैं वहीं जाकर रहूंगा। मिली जानकारी के अनुसार नक्सली धमकी के बाद पद्मश्री वैद्यराज हेमचंद्र मांझी को गृह विभाग ने वाय कैटेगरी की सुरक्षा देने का आदेश दिया है।

### चुनाव के बाद मोदी-अडानी से इडी करेगी पूछताछ

**पहली नौकरी पक्की:** राहुल गांधी ने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में 30 लाख रिक्त पदों पर भर्ती की जायेगी। स्नातक युवाओं और तकनीकी शिक्षा पूरी करने वालों को एक वर्ष के लिए एक लाख रुपये देंगे। युवाओं के लिए इस योजना को पहली नौकरी पक्की के नाम से जाना जायेगा। प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला सदस्य के बैंक खाते में एक वर्ष में एक लाख रुपये जमा किये जायेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि मनरेगा के तहत काम करने वालों की मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन की जायेगी। उन्होंने वादा किया कि किसानों को उनकी कृषि उपज की खरीद पर कानूनी गारंटी मिलेगी।

### बंगाल में छह तो बांग्लादेश में 10 की मौत

वहीं दक्षिण 24 परगना के मौसुनी द्वीप में एक महिला पर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गयी। पूर्व बर्धमान के मेमारी में एक पिता-पुत्र की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गयी। अपने आंगन में केले के उखड़े हुये पेड़ों की सफाई करते समय बिजली का तार गिरने से पिता-पुत्र दोनों की करंट लगने से मौत हो गयी। कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम ने तूफान आने पर रात के दौरान केएमसी नियंत्रण कक्ष संभाला। उन्होंने कहा कि शहर के कई स्थानों पर पानी पंपों का उपयोग करके पानी निकालने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन पेड़ों को दोबारा लगाने का प्रयास किया जा रहा है, जो पूरी तरह से उखड़े नहीं हैं। मेयर ने कहा कि बालीगंज सर्कुलर रोड में रिकॉर्ड 264 मिमी बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के ताजा बुलेटिन में कहा गया है, तटीय बंगलादेश और पश्चिम बंगाल के आसपास के तटीय इलाके पर गंभीर चक्रवाती तूफान रेमल 27 मई को सुबह साढ़े पांच बजे कैनिंग (पश्चिम बंगाल) से लगभग 70 किमी उत्तर पूर्व और मोंगला (बंगलादेश) से 30 किमी पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में कमजोर होकर चक्रवाती तूफान में बदल गया। तूफान के धीरे-धीरे और कमजोर पड़ गया।

# डीडीसी से मनरेगा संबंधित योजनाओं को चालू कराने की मांग



डीडीसी को आवेदन देती प्रमुख

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केतार।** प्रमुख चंद्रावती देवी ने डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा को आवेदन देकर कहा है कि प्रखंड अंतर्गत मनरेगा से संबंाित सभी तरह की योजना को बंद कर दिया गया है। जिस कारण मनरेगा मजदूरों के सामने भयावह की स्थिति उत्पन्न हो गई है। श्रीमती देवी ने कहा कि पूर्व से जो योजना संचालित थी उसे भी रोककर रख दिया गया है, जिसके कारण लाभुकों का मनरेगा से मोह भंग होते जा रहा है। धीरे-धीरे लाभुक प्रखंड कार्यालय भी आना जाना बंद कर रहे हैं। इसलिए जितना जल्द हो सके मनरेगा से संबंाित, टीसीबी, मेडबंदी, लूज बर्डर स्ट्रक्चर, समतलीकरण जैसे योजना को तत्काल शुरू कराया जाय, ताकि मजदूरों का पलायन को रोका जा सके।

# शिव मंदिर की भूमि की मापी से लोगों में खुशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित पोखरा यज्ञशाला के समीप स्थित शिवमंदिर की भूमि का सोमवार को सीमांकन किया गया। पंचायत मुखिया विजय राम व बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार के नेतृत्व में खाता संख्या 155 प्लट संख्या 308 में स्थित शिव मंदिर की भूमि का मापी किया गया। मापी कर मंदिर की 18 डिसमिल जमीन को सार्वजनिक रूप से कब्जे में किया गया। सोमवार को यज्ञशाला के पास स्थित शिवमंदिर की अतिरिक्त भूमि की मापी किया गया। मापी कर 18 डिसमिल भूमि निकाला गया। हाल सर्वे में पंजी दो में शिव मंदिर के नाम पर 21 डिसमिल जमीन अंकित है जबकि नक्शा 18 डिसमिल का ही काटा गया है। अतः नक्शा के आधार पर ही जमीन की मापी सम्पन्न हुआ। भूमि की मापी करते समय कांडी बाजार के सैकड़ो लोग उपस्थित थे, मंदिर की भूमि की मापी कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम व बीडीसी प्रतिनिाि अनूप कुमार के प्रयास से संभव हुआ। मापी के पश्चात वहां उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में यह निर्णय लिया कि निकाली गई उक्त भूमि पर चाहरदीवारी होना अति आवश्यक है। ताकि मंदिर की सुरक्षा बनी रहे व अन्य कार्यों को करने के लिए मंदिर परिसर में पर्याप्त जगह रहे।



उपस्थित लोग

पंचायत के मुखिया ने पंचायत के सभी ग्रामीण जनता से आग्रह किया है कि बाउंड्री निर्माण कार्य में जो खर्च आये उसे सभी कोई मिलकर अपने हाथों पर उठा लें ताकि बाउंड्री निर्माण आसानी पूर्वक किया जा सके। इसके पश्चात कांडी मुख्य बाजार के लोगों ने खुल कर सहयोग करना शुभारंभ कर दिया। मौके पर अमीन सुदर्शन राम, पूर्व मुखिया दामोदर प्रसाद, शिव सिंह, बाबूलाल प्रसाद, रामनाथ प्रसाद, राजेश प्रसाद, उदय राम, छठ पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्णा बारी, जेपी सोनी, वार्ड सदस्य विनोद मेहता, तबरेज आलम, पंकज कुमार, गुड्डू माही, शशि कुमार, गोपाल प्रसाद, मुरली मेहता, भोला प्रसाद, उप मुखिया दिलीप राम सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

**चहारदीवारी निर्माण को लेकर दर्जनों लोगों ने दिया सहयोग :** कांडी। प्राचीन पोखरा के नजदीक शिव मंदिर का चहारदीवारी निर्माण को लेकर दर्जनों लोगों ने पहले दिन ही अपना सहयोग प्रदान कर उदारता का परिचय दिया है। सहयोग देने वालों में बाबूलाल प्रसाद 21 हजार, रामनाथ प्रसाद छरी एक टेलर, प्रमोद चौरसिया छरी एक ट्रीप, मुखिया विजय राम 50 बैग सीमेंट, अनूप कुमार बीडीसी प्रतिनिाि 2000, ष्ण बारी 5100, जेपी सोनी 5100, राजेश होटल 5100, सत्येंद्र प्रसाद गुरुजी 5000, उदय राम गुरुजी 2100, भोला घड़ी दुकान 2100, विनोद मेहता 2100, मनी सोनी 2100, दीपक सोनी 2100, शशि फास्ट फूड 1100, बबलू प्रसाद 2100, मुरली प्रसाद होटल 1100, गुड्डू माही 2100, तबरेज आलम 1100 ने अपना अपना सहयोग प्रदान किया। मुखिया विजय राम ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग अपना सहयोग राशि स्वेच्छा से जमा करें ताकि मंदिर का चाहरदीवारी निर्माण पूरा कर उसे सुरक्षित किया जा सके।

# इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं आने देंगे: अमित शाह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुशीनगर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का प्रचार करने उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में पहुंचे और यहां एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं आने देंगे। यहां उदित नारायण डिग्री कालेज पडरौना के मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि 6 चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। मेरे पास 5 चरण का आंकड़ा है, पांच चरण में मोदी जी 310 सीटें पार कर चुके हैं। छठा चरण हो चुका है। सातवां होने वाला



है, जिसमें आप लोगों को 400 पार कराना है।

उन्होंने कहा कि 4 जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 भी पार नहीं कर पाएगी और अखिलेश बाबू 04 भी पार नहीं कर पाएंगे। देश की जनता ने तय किया है कि अगले 05 साल नरेन्द्र मोदी जी ही प्रधानमंत्री रहेंगे। श्री शाह ने विपक्ष पर हमलावर होते हुए कहा कि 4 जून को मोदी जी की या भाजपा की विजय निश्चित है। आप 4 जून की दोपहर को देख लेना कि राहुल बाबा के लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि खड़गे के कारण हम हारे हैं। हार का ठीकरा भी खड़गे साहब पर फूटेगा। उन्होंने कहा कि मैं आज बहन मायावती और अखिलेश यादव से पूछना चाहता हूं कि कुशीनगर चीनी का कटोरा नाम से प्रसिद्ध था लेकिन आपके समय में 5 - 6 चीनी मिलें बंद हुईं जबकि हमारी सरकार के समय में 20 चीनी मिलों को फिर से चालू करने का काम किया गया है। 38 चीनी मिलों की क्षमता में वृद्धि करने का काम योगी आदित्यनाथ जी की सरकार ने किया है। उन्होंने आगे कहा कि आज गन्ने की बुवाई का क्षेत्रफल भी 9 लाख हेक्टेयर बढ़ा है। 1995 से 2017 तक सपा-बसपा ने गन्ना किसानों को सिर्फ 23 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया था जबकि 2017 से 2024 तक 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपये का भुगतान भाजपा की सरकार ने किया है। अमित शाह ने कहा कि मगर आप चिंता मत कीजिए, न ये जीतने वाले हैं और न हम ऐसा होने देंगे। जब तक नरेन्द्र मोदी जी और भाजपा हैं पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। हम इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं आने देंगे।

# राहुल, एके को पाकिस्तानी समर्थन, जांच का विषय : मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पाकिस्तान से मिले 'समर्थन' पर खुलकर बात की है। पीएम मोदी ने कहा है कि यह जांच और पड़ताल का गंभीर विषय है। उल्लेखनीय है कि देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं और बीते दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल को लेकर पाकिस्तान से टिप्पणियां आ चुकी हैं। पीएम मोदी एक समाचार एजेंसी से साक्षात्कार में बोल रहे थे।

**भारत का लोकतंत्र बहुत ही मैच्योर :** जब पाकिस्तान से राहुल और केजरीवाल को लेकर किए गए कमेंट पर पीएम मोदी से सवाल किया तो प्रधानमंत्री ने कहा, "चुनाव भारत का है और भारत का लोकतंत्र बहुत ही मैच्योर है, तंदरुस्त परंपराएं हैं। भारत के वोटर्स भी बाहर के किसी की हरकतों से प्रभावित होने वाले मतदाता नहीं हैं। मैं नहीं जानता हूं कि कुछ ही लोग हैं, जिनको हमारे साथ दुश्मनी रखने वाले लोग क्यों पसंद करते हैं। कुछ ही लोग हैं, जिनके समर्थन में आवाज वहां से क्यों उठती है। अब यह जांच पड़ताल का गंभीर विषय है। मुझे नहीं लगता है कि जिस पद पर मैं



बैठा हूं, वहां पर ऐसे विषयों पर कोई कमेंट करने चाहिए, लेकिन चिंता मैं समझ सकता हूं।" दिल्ली में लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने परिवार के साथ एक फोटो शेयर की थी। इस पर उन्होंने लिखा था, "मैंने अपने पिता, पत्नी और बच्चों के साथ आज वोट डाला। मेरी माता जी की तबीयत बहुत खराब है। वो नहीं आ पाईं। मैंने तानाशाही, बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ वोट डाला। आप भी वोट डालने जरूर जाएं।" इस पर पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने लिखा, "शांति और सद्भावना नफरत और उग्रवाद की ताकतों को परास्त करे।" इसके बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पाकिस्तानी नेता फवाद चौधरी को मुंहतोड़ जवाब भी दिया था। केजरीवाल ने लिखा था कि चौधरी साहब, मैं और मेरे देश के लोग अपने मसलों को संभालने में पूरी तरह से सक्षम हैं। आपके ट्वीट की जरूरत नहीं है। इस वक्त पाकिस्तान की हालत बहुत खराब है। आप अपने देश को संभालिए। वहीं, इस महीने की शुरूआत में चौधरी फवाद हुसैन ने ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भी तारीफ की थी। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि अपने परदादा जवाहरलाल (नेहरू) की तरह राहुल गांधी में भी समाजवादी भावना है। बंटवारे के 75 साल बाद भी भारत और पाकिस्तान की समस्याएं जस की तस हैं। राहुल साहब ने कल रात अपने भाषण में कहा कि 30 या 50 परिवारों के पास भारत की 70 प्रतिशत संपत्ति है। यही बात पाकिस्तान के लिए भी लागू होती है, जहां केवल पाकिस्तान बिजनेस काउंसिल नामक एक बिजनेस क्लब और कुछ रियल एस्टेट सेठों के पास पाकिस्तान की 75 फीसदी संपत्ति है। धन का उचित वितरण पूंजीवाद की सबसे बड़ी चुनौती है।

## आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही वास्तविक सशक्तिकरण : मुर्मु



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि लोगों का आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही वास्तविक सशक्तिकरण है श्रीमती मुर्मु ने सोमवार को यहां ब्रह्माकुमारीज द्वारा स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण विषय पर आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व इतिहास के स्वर्णिम अध्याय और राष्ट्रों का इतिहास सदैव आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित रहे हैं। विश्व इतिहास इस बात का साक्षी है कि आध्यात्मिक मूल्यों की उपेक्षा करके केवल भौतिक प्रगति का मार्ग अपनाना अंततः विनाशकारी सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा, स्वस्थ मानसिकता के आधार पर ही समग्र कल्याण संभव है। एक सच्चा स्वस्थ व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक तीनों आयामों को पूरा करता है। ऐसे व्यक्ति ही एक स्वस्थ समाज, राष्ट्र एवं विश्व समुदाय का निर्माण करते हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही वास्तविक सशक्तिकरण है। जब किसी धर्म या संप्रदाय के अनुयायी अध्यात्म के मार्ग से भटक जाते हैं तो वे कट्टरता का शिकार हो जाते हैं और अस्वस्थ मानसिकता से ग्रस्त हो जाते हैं। आध्यात्मिक मूल्य सभी धर्मों के लोगों को एक दूसरे से जोड़ते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वार्थ से ऊपर उठकर लोक कल्याण की भावना के साथ काम करना, आंतरिक आध्यात्मिकता की सामाजिक अभिव्यक्ति है। जनता की भलाई के लिए दान करना सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक मूल्यों में से एक है। राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में भय, आतंक और युद्ध को बढ़ावा देने वाली ताकतें बहुत सक्रिय हैं । ऐसे माहौल में ब्रह्माकुमारी संस्था ने 100 से अधिक देशों में कई केंद्रों के माध्यम से मानवता के सशक्तिकरण के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान किया है। आध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा देकर विश्व बंधुत्व को मजबूत करने का यह एक अमूल्य प्रयास है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि यह सराहना का विषय है कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान संभवतः महिलाओं द्वारा संचालित दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक संस्थान है। उन्होंने कहा कि इस संगठन में ब्रह्माकुमारियां आगे रहती हैं और उनके सहयोगी ब्रह्माकुमार पृष्ठभूमि में काम करते हैं। ऐसे अनूठे सामंजस्य के साथ यह संस्था निरंतर आगे बढ़ रही है। ऐसा करके उसने विश्व समुदाय के समक्ष आध्यात्मिक प्रगति एवं महिला सशक्तिकरण का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## सोनिया, खड़गे, राहुल ने पंडित नेहरू की पुण्यतिथि पर किया नमन



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी 60वीं पुण्यतिथि पर नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती गांधी और श्री खडगे ने सुबह पंडित नेहरू के समाधि स्थल 'शांति वन' जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा अपने कुशल नेतृत्व तथा सशक्त निर्णय से आधुनिक भारत की नींव रखने वाले पंडित नेहरू को शत्त-शत्त नमन। श्री खडगे के कहा आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत को वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक तथा विभिन्न क्षेत्रों में आगे ले जाने वाले, लोकतंत्र के समर्पित प्रहरी, स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एव हमारे प्रेरणास्रोत, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के अतुलनीय योगदान के बिना भारत का इतिहास अधूरा है। 'हिन्द के जवाहर' को पुण्यतिथि पर हमारी विनम्र श्रद्धांजलि। देश



उन्नत, प्रगति तथा एकता के लिए नेहरू को उदधृत करते हुए उन्होंने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने कहा था, देश की रक्षा, देश की उन्नति, देश की एकता ये हम सबका राष्ट्रीय धर्म है। ये हम अलग अलग धर्म पर चलें, अलग-अलग प्रदेश में रहें, अलग भाषा बोलें, पर उससे कोई दीवार हमारे बीच खड़ी नहीं होनी चाहिए। सब लोगों को उन्नति में बराबर का मौका मिलना चाहिए। हम नहीं चाहते कि हमारे देश में कुछ लोग बहुत बड़े अमीर हों और अधिकतर लोग गरीब हों। आज भी कांग्रेस पार्टी उसी 'न्याय' के रास्ते पर चल रही है। श्री गांधी ने कहा आधुनिक भारत के शिल्पकार, देश के प्रथम प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन। एक दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन-स्वतंत्रता आंदोलन, लोकतंत्र स्थापन, धर्मनिरपेक्षता और संविधान की नींव रखते हुए भारत निर्माण के लिए समर्पित किया। उनके मूल्य सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## मोदी ने हर चीज का स्वामित्व एक व्यक्ति के हाथ में दे दिया: प्रियंका

**एजेंसी**

**चंबा।** हिमाचल दौरे के दौरान कैमरा उठाकर पहाड़ों की फोटोग्राफी करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीडियो पर कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने तंज कसते हुए कहा कि श्री मोदी ने हर चीज का स्वामित्व एक व्यक्ति के हाथ में दे दिया है। श्रीमती वाड्रा ने चंबा के ऐतिहासिक चौगान में कहा,ह्लमोदी जी हिमाचल आते हैं एक पर्यटक की तरह, कैमरा उठाकर पहाड़ से फोटो खींचते हैं तथा पीछे कोई और उनकी फोटो खींचकर वायरल कर रहा है कि देखिए मोदी जी कैमरा उठाकर पहाड़ की फोटो खींच रहे हैं। उन्होंने अपना पोस्ट डाला, जिसमें पीछे गाना बज रहा था, चंबा कितनी दूर है। बिल्कुल सही गाना था, क्योंकि मोदी जी कट गए हैं पूरी जनता, खासकर चंबा से। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि श्री मोदी को कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कैसे जीते हैं और किस तरह संघर्ष करते हैं। उन्हें बस बनी हुई सरकार को गिराने के बारे में ही पता है। उन्होंने हिमाचल को वीरभूमि संबोधित करते हुए अग्निवीर के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि चंबा, कांगड़ा व हमीरपुर के नौजवान सेना में जाते हैं, लेकिन मोदी की सरकार ने उन्हें भी चार सालों तक ही सीमित कर दिया। इसके बाद इन युवाओं



का कोई भी भविष्य नहीं है। श्रीमती वाड्रा ने अपने संबोधन की शुरूआत हिमाचल को अपना घर बताने से की। उन्होंने कहा कि मेरा एक घर दिल्ली है, जबकि दूसरा हिमाचल में है, लेकिन मेरा मन दिल्ली के घर से ज्यादा हिमाचल में लगता है। इस दौरान उन्होंने हिमाचल के लोगों की मासूमियत व ईमानदारी के भी कसीदे पढ़े। श्रीमती वाड्रा ने हिमाचल की आपदा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी को एक बार भी हिमाचल आने का समय नहीं मिला, जब यहां की जनता को सबसे ज्यादा जरूरत थी। इतना ही नहीं, उन्होंने मदद के तौर पर भी हिमाचल को कुछ नहीं दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने हर चीज का स्वामित्व एक व्यक्ति के हाथ में दे दिया है, जिस कारण हिमाचल के बागवानों को सेब के उचित दाम नहीं मिलते। कांग्रेस महासचिव ने मीडिया को भी भाजपा का बताया।

उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा ही कांग्रेस को कोसती आई है कि उन्होंने 70 सालों में क्या किया। उन्होंने कहा कि ये एक हद तक सही है, कांग्रेस की सरकार ने कभी भी बड़े-बड़े सरकारी कारोबार कभी किसी अरबपति-खरबपति मित्रों को नहीं दिया। भाजपा ने देश के सभी बड़े-बड़े बंदरगाह, कोयले के खदान व हवाई अड्डों को अपने बड़े खरबपति मित्रों को सौंप दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा हमको भ्रष्ट कहती है, लेकिन 55 साल राज करने के बाद भी कांग्रेस सबसे अमीर पार्टी नहीं बन पाई जबकि भाजपा पिछले 10 सालों में दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गई। कैसे बनी, कहां से आए ये पैसे, पैसे किसके हैं ? उन्होंने कहा कि एक रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा ने पिछले कुछ सालों में 60 हजार करोड़ रुपए अपनी पार्टी पर खर्च दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा भगवान के नाम पर आपसे वोट मांगती है, कौन से भगवान उतर कर कहेंगे कि इस पार्टी को वोट दो, उस पार्टी को वोट दो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी विधायकों को खरीद कर सरकारें नहीं गिराई।

इस दौरान श्रीमती वाड्रा ने कांगड़ा संसदीय सीट के प्रत्याशी आनंद शर्मा के लिए वोट भी मांगे।

वहीं, मंच पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, आशा कुमारी, नीरज नैय्यर, यशवंत खन्ना, करतार सिंह ठाकुर, अश्विनी ठाकुर, कमल ठाकुर, भजन सिंह व कांगड़ा संसदीय सीट के प्रत्याशी आनंद शर्मा मौजूद थे।

# राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणा पत्र के वादे किसी पार्टी या उम्मीदवार के भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में नहीं माने जा सकते : सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादे किसी पार्टी या उम्मीदवार के भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में नहीं माने जा सकते। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि जनता जनता को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वित्तीय मदद पहुंचाई जा सकने वाले घोषणापत्र जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत भ्रष्ट आचरण' नहीं माने जाएंगे। कोर्ट ने कहा कि चुनाव घोषणापत्र में राजनीतिक दलों द्वारा की गई प्रतिबद्धताएं उस पार्टी के उम्मीदवार द्वारा भ्रष्ट आचरण नहीं मानी जाएंगी। कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा सामान्य सोच के आधार पर मुश्किल से विश्वास करने योग्य है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। दरअसल 2023 में हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में चामराजपेट विधानसभा क्षेत्र के एक मतदाता ने विजयी उम्मीदवार बी जेड जमीर अहमद खान के खिलाफ चुनाव याचिका दाखिल किया था। कर्नाटक हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि किसी पार्टी द्वारा अपने घोषणापत्र में उस नीति की घोषणा जिसे वे लाने का इरादा रखते हैं, को जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 123 के तहत भ्रष्ट आचरण नहीं माना जा सकता है। कर्नाटक हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट मे अपील की गई थी। याचिका में कहा था कि कांग्रेस ने 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों में अपने चुनावी घोषणापत्र में जनता को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से वित्तीय मदद देने का वादा किया था जोकि भ्रष्ट चुनावी आचरण के समान है।

## भाजपा की उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक सम्बन्धी याचिका की खारिज

उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा के चल रहे चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से आदर्श आचार संहिता की 'अनदेखी' कर तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले 'अपमानजनक विज्ञापन' पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र की सत्ताधारी पार्टी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।

उच्च न्यायालय ने भाजपा को निर्देश दिया था कि वह तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले किसी भी तरह के अपमानजनक विज्ञापन प्रकाशित नहीं करे। भाजपा ने उच्च न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने भाजपा की याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए उसकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पी एस पटवालिया से कहा कि मामले को लटकाने से बचें, क्योंकि विज्ञापन मतदाताओं के हित में नहीं है। पीठ ने यह भी कहा कि प्रतिद्वंद्वी पार्टी (टीएमसी) आपकी दुश्मन नहीं है। पीठ ने कहा, हमने विज्ञापन देखे हैं। प्रथम दृष्टया वो विज्ञापन अपमानजनक हैं। हम और कटुता को बढ़ावा नहीं देना चाहते। शीर्ष अदालत के इस रुख के बाद श्री पटवालिया (भाजपा) ने याचिका वापस लेने का फैसला किया और कहा कि वह अंतरिम



आदेश पारित करने वाली उच्च न्यायालय की एकल पीठ के समक्ष जवाब दाखिल करना पसंद करेंगे। न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य की एकल पीठ ने 20 मई को भाजपा को अगले आदेश तक उस विज्ञापन को प्रकाशित करने से रोक दिया था, क्योंकि माना गया था कि वो विज्ञापन आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हैं।

उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी को निशाना बनाने वाले भाजपा के विज्ञापनों के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस द्वारा दायर शिकायतों का समाधान करने में पूरी तरह विफल होने पर चुनाव आयोग की खिंचाई की थी।

तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को ऐसे विज्ञापन प्रकाशित करने से रोकने के लिए उच्च न्यायालय में एक दायर याचिका की थी। याचिका में ममता बनर्जी की नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ कुछ समाचार पत्रों में भाजपा द्वारा प्रकाशित कुछ विज्ञापनों पर आपत्ति जताई गई थी।

भाजपा ने एकल पीठ के इस आदेश को उच्च न्यायालय की दो न्यायाधीशों वाली पीठ में चुनौती दी, जिसने 22 मई को भाजपा की अपील पर विचार करने से भी इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने भाजपा को कोई राहत देने से इनकार करते हुए कहा था कि उसे (भाजपा) लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाला कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नहीं करना चाहिए।उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने यह भी कहा था कि यह जरूरी है कि सभी राजनीतिक दल स्वस्थ चुनावी प्रथाओं का पालन करें, क्योंकि भ्रामक चुनावी अभियानों का अंतिम शिकार मतदाता ही होता है।

न्यायालय ने राजनीतिक दलों को लक्ष्मण रेखा का पालन करने की मयार्दा याद दिलाते हुए कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की ओर से कोई व्यक्तिगत हमला नहीं किया जाना चाहिए।

## हेमा मालिनी ने शिल्पा शेट्टी के साथ 'मैं जट यमला पगला दीवाना' पर किया डांस

**मुंबई।** बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने सुपरहिट गाना 'मैं जट यमला पगला दीवाना' पर शिल्पा शेट्टी के साथ डांस किया है। हेमा मालिनी और शिल्पा शेट्टी के डांस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा



है। वायरल हो रहा वीडियो डांस रियलिटी शो सुपर डांसर 4 का है, जिसमें हेमा मालिनी, शिल्पा शेट्टी के साथ स्टेज पर जाकर डांस करती हैं। हेमा मालिनी, धर्मेंद्र की तरह 'मैं जट यमला पगला दीवाना' गाने पर डांस कर रही हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !